रांची, मंगलवार
11.03.2025
वर्ष : 10, अंक : 100 पृष्ठ : 12
मूल्य : दो रूपए

# बिहान भारत

रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
खबरे हमारी, विश्वास आपका

website : www.bihanbharat.org | bihanbharat@gmail.com | @bihan_bharat | Bihan Bharat | RNI NO - JHAHIN/2015/73988



# पटाखे की दुकान में आग लगने से दुकानदार समेत पांच की मौत

बिभा संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा के रंका के गोदरमाना ग्रामीण बैंक के सामने पटाखा व्यवसायी कुश कुमार गुप्ता को पटाखा जलाकर दिखाना भारी पड़ गया।

पड़ोस के दो बच्चे नमन कुमार केसरी और भोला केसरी को पटाखा जलाकर दिखा रहा था। इसी क्रम में पटाखे की दुकान में आग लग गई। चारों तरफ पटाखे फूटने लगे। दुकानदार अपने साथ दो बच्चे, एक कर्मी एवं एक ग्राहक अजीत कुमार केसरी को लेकर अपने पास के बगल वाले गोदाम की दुकान में चला गया और शटर बंद कर दिया, ताकि आग की लपटें दुकान के अंदर तक ना जा सके, लेकिन दुर्भाग्यवश शटर का कुछ भाग खुला रह गया। धुंआ भरने लगा। लोग जान बचाने के लिए भागने लगे। इसी बीच कुछ उत्साही युवक मोटरसाइकिल मिस्त्री असलम रजा,पंकज सोनोग्राफी, संजय गुप्ता, बिट्टू केसरी , गिरधारी राम, दिनेश गुप्ता, मेंडेस गुप्ता , अनील गुप्ता, सुनील राम ,विजय गुप्ता ,विक्की गुप्ता ,सोनू गुप्ता और यहां के मुखिया प्रतिनिधि शंभू प्रसाद गुप्ता, पूर्व मुखिया मिथिलेश कुमार यादव अशोक गुप्ता आदि ने आग पर काबू पाने के लिए आसपास के लोगों को मोटिवेट किया तथा बुझाने के लिए भरपूर प्रयास किया।



लोगों को यह पता नहीं था कि जिस दुकान में आग लगी है उसके अंदर में कुछ लोग छुपे हुए हैं । जब जानकारी हुई तो जेसीबी के सहयोग से दीवार तोड़कर सभी पांचो को बाहर निकाला। लेकिन उम्मीद लगाए लोगों ने पास के छत्तीसगढ़ राज्य के अस्पताल में सभी को भर्ती कराया, जहां पर प्राथमिक उपचार के क्रम में चिकित्सकों ने पांचो को दम घुटने से मौत हो जाने की जानकारी दी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, रंका के अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार पांडेय , अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह, पुलिस निरीक्षक सुभाष पासवान मौके पर पहुंचे।

एसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि पांचो की पटाखे में आग लगने के कारण दम घुटने से मौत हुई है। ग्रॉसरी की दुकान में पटाखे बेचे जा रहे थे। पटाखे खरीदने के लिए बच्चे वहां पहुंचे थे। अचानक पटाखे में आग लगने के बाद बच्चे और लोग दुकान का शटर बंद कर अंदर छुप गए थे। दुकान में वेंटिलेटर नहीं था। आग जब लगी तो धुंआ दुकान के अंदर घुसा और दम घुटने से सारे लोग बेहोश हो गए। काफी देर बाद आसपास के लोगों को दुकान के अंदर बच्चे और लोगों के रहने की जानकारी हुई तो उन्होंने दीवार काटकर सभी को बाहर निकाला। उन्हें छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा दिया जाएगा। उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर जांच के लिए पहुंचे हैं।

घटनास्थल पर पुलिस जवानों की तैनाती की गई है। इस घटना से बाजार क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वहीं घटना को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी जिला प्रशासन को जांच का निर्देश दिया है।

### इनकी हुई मौत

मृतकों में कुश कुमार गुप्ता दुकानदार, भंडरिया थाना क्षेत्र के मर्दा ग्राम निवासी ग्राहक अजीत कुमार केसरी, रंका थाना क्षेत्र के बुढ़ापलास ग्राम निवासी दुकान में काम करने वाली सुशीला करकेटा तथा पड़ोस के नमन केसरी (9) और भोला केशरी (8) बताए गए हैं, जबकि दुकान के सामने लगी हुई एक मोटरसाइकिल सीजी 15 डीजे 5467 आग में जलकर पूरी तरह से स्वाहा हो गया है। बाइक रंका थाना क्षेत्र के बेलवादामर ग्राम निवासी अनिल कुमार ठाकुर की थी।

### राज्यपाल, मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष ने जताया शोक

रांची। गढ़वा जिले के रंका प्रखंड के गोदरमाना में पटाखा दुकान में लगी भीषण आग में पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि गढ़वा जिले के रंका थाना क्षेत्र के गोदरमाना में पटाखा दुकान में आग लगने की घटना हृदयविदारक है। इसमें कई लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि गढ़वा जिले के रंका प्रखंड में पटाखा दुकान में आग लगने से पांच लोगों की मृत्यु की दु:खद खबर मिली है। मरांग बुरु (सर्वोच्च देवता) दिवंगत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे। जिला प्रशासन की ओर से मामले की जांच की जा रही है। वहीं दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष ने कहा है कि गढ़वा जिले के रंका थाना के अंतर्गत गोदरमाना में पटाखा दुकान में आग लगने से पांच लोगों के मृत्यु की दुखद सूचना प्राप्त हुई। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें एवं शोक संतप्त परिजनों को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति दें। मरांडी ने कहा है कि जिला प्रशासन पीड़ित परिजनों को मुआवजा उपलब्ध कराए एवं पटाखा दुकानों को खुले स्थानों पर सभी मानकों के अनुरूप संचालित करने का दिशानिर्देश जारी करे।

## संक्षिप्त खबरें

### पीएलएफआई नक्सली गिरफ्तार

**लातेहार।** जिले के मनिका थाना क्षेत्र में पुलिस ने पीएलएफआई के नक्सली विनोद परहिया उर्फ अर्जुन को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार नक्सली पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। इसके खिलाफ विभिन्न थाना क्षेत्र में आठ से अधिक मामले दर्ज हैं। सोमवार को प्रेस वार्ता करते हुए एसपी कुमार गौरव ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उग्रवादी विनोद उर्फ अर्जुन मनिका थाना क्षेत्र में किसी घटना को अंजाम देने के लिए भ्रमणशील है। सूचना के बाद पुलिस की एक टीम गठित की गई और नक्सली की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की गई। उन्होंने बताया कि पुलिस को देखकर नक्सली भागने लगा, परंतु पुलिस ने उसे पकड़ लिया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली क्षेत्र में दहशत बनाकर रखा हुआ था। लोगों को फोन कर लेवी की मांग करना इसका मुख्य धंधा था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नक्सली को लातेहार पुलिस ने पूर्व में भी एक बार गिरफ्तार कर जेल भेजा था। लेकिन जेल से बाहर आने के बाद यह फिर से संगठन में शामिल होकर हिंसक घटनाओं को अंजाम देने लगा था। उन्होंने बताया कि इसकी गिरफ्तारी से पीएलएफआई संगठन को बड़ा नुकसान हुआ है।

### पूर्व उपायुक्त छवि रंजन को सीने में दर्द की शिकायत, भेजे गये रिम्स



**रांची।** रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की तबीयत सोमवार को अचानक बिगड़ गयी। जेल में ही उनके सीने में दर्द उठ गया। जेल के डॉक्टरों ने उनकी जांच की, जिसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। पूर्व डीसी का इलाज रिम्स के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. हेमंत नारायण की देखरेख में चल रहा है। उनको रिम्स में भर्ती कर लिया गया है। उनके कई टेस्ट कराये गये है।

# स्कूली शिक्षा विभाग का 6.63 करोड़ का अनुदान मांग मंजूर

बिभा संवाददाता

**रांची।** बजट सत्र के दौरान सोमवार को स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग का छह करोड़ 63 लाख 89 हजार रुपए की अनुदान मांग ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गई। इस दौरान विपक्ष सदन में अनुपस्थित था। इसलिए विपक्ष की ओर से अनुदान मांग पर लाया गया कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हो गया। विपक्ष की ओर से भाजपा की विधायक डॉ नीरा यादव ने कटौति का प्रस्ताव लाया था, लेकिन सरकार के उत्तर के पूर्व ही विपक्ष ने सदन से वॉक आउट किया।



### शिक्षकों को देंगे 50 घंटे की अनिवार्य ट्रेनिंग : मंत्री

स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के मंत्री ने विभाग के अनुदान मांग पर हुए वाद-विवाद पर सरकार की ओर से जवाब देते हुए कहा कि राज्य सरकार शिक्षकों को 50 घंटे की अनिवार्य ट्रेनिंग देगी। इससे सभी शिक्षक नई तकनीक को सीखेंगे। ताकि, वे शिक्षा में हो रहे बदलाव को सीख सकें। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य के बच्चों को बैंकिंग, रेलवे और विदेशों में पढ़ने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए होने वाली संबंधित इंट्रेंस परीक्षा की तैयारी कराएगी।

### खोले गए 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस

मंत्री ने कहा कि शिक्षकों से पूर्ववर्ती सरकार ने दारू बेचवाया गया। इसपर भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने आपत्ति प्रकट की और स्पीकर से कार्यवाही में से स्पंज करने का आग्रह किया। मंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकार में राज्य भर में 7500 स्कूलों को बंद करा दिया गया। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से खोले गए 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की सराहना करते हुए कहा कि इन स्कूलों में सीबीएसई की तर्ज पर पढ़ाई हो रही है, जहां गरीबों बच्चें क्वालिटी एजुकेशन हासिल कर सफलता हासिल करेंगे।

### पूर्व की सरकार ने बच्चों को किया शिक्षा से वंचित

मंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने राज्य के आदिवासी और मूलवासियों को शिक्षा से वंचित किया। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में शिक्षा की दुर्दशा के लिए विपक्ष जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों राज्य में की नियुक्ति नहीं होने, स्कूलों को बंद करने और बच्चों की स्कूलों में कम उपस्थिति के लिए भी विपक्ष की पूर्ववर्ती सरकार की दोषी है।

### कमजोर बैकग्राउंड वाली बालिकाओं को कस्तूरबा में नामांकन

मंत्री रामदास सोरेन ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों से बालिकाओं के ड्रॉप आउट के मामले में कहा कि विभाग इस स्कूल में कमजोर बैकग्राउंड वाली बालिकाओं को नामांकन में प्राथमिकता देती है। उन्होंने ड्रॉप आउट की बात को सही ठहराया। मंत्री ने कहा कि सरकार ऐसी तैयारी कर रही है जिसके तहत झारखंड में जन्म लेनेवाले बच्चों को यहीं रोजगार देंगे।

# राहुल गांधी ने झारखंड हाईकोर्ट से याचिका ली वापस

बिभा संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट से अपनी याचिका वापस ले ली है। मानहानि मामले में चाईबासा स्थित एमपी-एमएलए की विशेष अदालत की ओर से राहुल गांधी को सशरीर उपस्थित से छूट नहीं देने के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की अदालत में हुई। मामले में अदालत ने राहुल गांधी के आग्रह को देखते हुए याचिका वापस लेने की अनुमति प्रदान की। साथ ही कोर्ट ने राहुल गांधी को अंतरिम राहत के तहत चाईबासा की निचली अदालत में उनके खिलाफ चल रही कार्यवाही पर लगी रोक को समाप्त कर दी।

यह मामला वर्ष 2018 का है। भाजपा को लेकर राहुल गांधी की ओर से आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी, राहुल गांधी ने वर्ष 2018 में कांग्रेस के एक अधिवेशन में कहा था कि भाजपा में कोई भी हत्यारा अध्यक्ष बन सकता है, लेकिन कांग्रेस में ऐसा नहीं है। इसे लेकर भाजपा के नेता प्रताप कटियार ने चाईबासा कोर्ट में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में शिकायतवाद दायर किया था। बाद में मामले को चाईबासा में एमपी-एमएलए कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया गया था।

इस मामले में अप्रैल 2022 में चाईबासा एमपी-एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था। इस पर उनके जरिये कोई संज्ञान नहीं लिया गया। इसके बाद 27 फरवरी 2024 को कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। राहुल गांधी के वकील ने कोर्ट में आवेदन देकर सशरीर उपस्थित होने से छूट मांगी थी, लेकिन अदालत ने उनके आवेदन को खारिज करते हुए सशरीर उपस्थित होने का आदेश जारी किया था। राहुल गांधी की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता दीपांकर राय और श्रेय मिश्रा ने बहस की।

# रेलवे संशोधन विधेयक को संसद की मंजूरी, पांच वर्ष में सभी ट्रेनों में कवच लगाने का संकल्प

एजेंसी

**नई दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे में यात्री सुरक्षा के बारे में सरकार की पूर्ण प्रतिबद्धता को दोहराते हुए सोमवार को राज्यसभा में कहा कि नयी विकसित टक्कर रोधी प्रणाली कवच अगले पांच वर्षों में पूरे नेटवर्क पर लगा दी जायेगी।



श्री वैष्णव ने सदन में रेल संशोधन (विधेयक) 2024 पर करीब तीन घंटे से अधिक चली चर्चा का जवाब देते हुए महाकुंभ के दौरान नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के दौरान सीसी टीवी कैमरे बंद किये जाने के विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कोई कैमरा बंद नहीं किया गया था।

रेल मंत्री के जवाब के बाद सदन ने विपक्ष के संशोधन प्रस्तावों को खारिज करते हुए विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया जिससे इस पर संसद की मुहर लग गयी। लोकसभा इस विधेयक को पहले ही पारित कर चुकी है।

श्री वैष्णव ने कहा कि नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन की घटना दुखद थी और इससे हमने सबक लेकर प्लेटफार्मों पर भीड़ नियंत्रण की एक नयी व्यवस्था का परीक्षण शुरू किया है। भीड से निपटने के लिए प्लेटफार्मों पर विशेष होल्डिंग एरिया बनाये जायेंगे। दिल्ली के आनंद विहार सहित चार स्टेशनों पर इसका परीक्षण चल रहा है। बडे स्टेशनों पर वार रूम बनाने के साथ संचार व्यवस्था को मजबूत बनाया जायेगा। भीड़ भाड़ वाले स्टेशनों पर उपलब्ध सीटों के बराबर ही टिकट दिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के दौरान 13 हजार के बजाय 17 हजार अतिरिक्त ट्रेनें चलायी गयी।

रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे में सुरक्षा पर प्रतिवर्ष एक लाख 14 हजार करोड़ रुपए का निवेश किया जा रहा है और इसका असर भी दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि प्रति वर्ष दुर्घटना की औसत 71 से कम होकर 31 पर आ गयी है। उन्होंने कहा कि सरकार दुर्घटना की जड़ का पता लगाकर समस्या का समाधान कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व रेल मंत्री ममता बनर्जी के समय में लगाये गये टक्कर रोधी डिवाइस की तकनीकी जांच नहीं की गयी थी और इसलिए वे 2012 में विफल होने पर वापस ले लिये गये। मोदी सरकार ने इस तरह के उपकरणों के प्रमाणीकरण के प्रमाण पत्र लेकर उन्हें लगाया है। उन्होंने कहा कि 16 जुलाई 2024 को कवच के चौथे संस्करण का प्रमाणीकरण किया गया है और इसके बाद से ये उपकरण लगाये जा रहे हैं। दस हजार उपकरणों का टेंडर जारी किया गया है और अगले पांच वर्षों में यह प्रणाली लगाये जाने का संकल्प है।

रेल मंत्री ने कहा कि यह विधेयक सरलीकरण का विधेयक है और इसमें जोन तथा मंडल स्तर के रेलवे प्रबंधकों की वित्तीय शक्ति बढायी गयी है और इसीलिए रेलवे में आज तेजी से काम हो रहा है। विपक्ष के राज्यों के साथ भेदभाव के आरोपों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि विभिन्न रेल परियोजनाओं में राज्य सरकारों का सहयोग लेकर सहकारी संघवाद की भावना से काम किया जा रहा है। गैर भाजपा शासित राज्यों में भी बजट का पर्याप्त आवंटन किया गया है। इस संदर्भ में उन्होंने पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि राज्यों के साथ भेदभाव की बात निराधार है।

रेलवे बोर्डों में सदस्यों की नियुक्ति को लेकर उठाये गये सवालों पर उन्होंने कहा कि यह सही बात है कि रेलवे में तकनीकी लोगों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए और इसे ध्यान में रखते हुए गतिशक्ति विश्वविद्यालय का गठन किया गया है। वहां से प्रशिक्षित लोगों के कारण रेलवे में नया विश्वास पैदा हुआ है।

श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार पिछले दस वर्षों से रेलवे में लगातार सुधार कर रही है। इस दौरान 34 हजार किलोमीटर लाइनें बनायी गयी हैं। उन्होंने कहा कि डीजल और विद्युत ट्रेनों पर ट्रेन संचालन की लागत में बहुत अंतर होता है और विद्युत ट्रेनें ज्यादा किफायती होती हैं। ट्रेनों में शौचालयों को लेकर उठाये गये सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि ट्रेनों में तीन लाख से अधिक शौचालय बनाये गये हैं और इनमें निरंतर सुधार किया जा रहा है।

रेलवे में भर्ती के सवाल पर उन्होंने कहा कि अब तक पांच लाख से अधिक लोगों की रेलवे में भर्ती की गयी है।

# विधि व्यवस्था को लेकर डीजीपी ने की बैठक, दिये कई निर्देश

बिभा संवाददाता

**रांची।** डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सोमवार को विधि व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक करने के लिए रांची एसएसपी ऑफिस पहुंचे। इस दौरान डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, सीआईडी के डीआईजी संध्या रानी मेहता और एटीएस एसपी ऋषभ झा सहित कई पुलिस पदाधिकारी शामिल थे। समीक्षा के दौरान डीजीपी ने रांची में सक्रिय संगठित अपराधिक गिरोह और अपराधिक घटना का समीक्षा किए। इसके अलावा डीजीपी ने जेल से बाहर निकले अपराधियों पर अब तक क्या कार्रवाई हुई। इसको लेकर संबंधित पुलिस अधिकारी से जानकारी ली। साथ ही हत्या और रंगदारी से संबंधित मामले का भी डीजीपी ने समीक्षा की। इस दौरान डीजीपी ने अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए।



### फायरिंग मामले में एसआईटी लगातार कर रही है छापेमारी

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कोयला कारोबारी बिपिन मिश्रा पर फायरिंग कर भागने वाले तीन आरोपितों की तलाश में एसआईटी लगातार छापेमारी कर रही है। एसआइटी की टीम ने सीसीटीवी फुटेज के जरिये बड़काकाना तक ट्रैक किया है। इससे पहले पुलिस ने बीआइटी ओपी तक अपराधियों का सीसीटीवी फुटेज हासिल किया था। एसआइटी को जांच के दौरान आशंका है कि शूटर बड़काकाना से आगे रामगढ़ होते हुए आगे भाग निकले होंगे। पुलिस टीम हजारीबाग में भी विभिन्न स्थानों पर संदिग्ध शूटरों की तलाश में छापेमारी कर रही है। अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है, उससे एसआइटी को इस बिंदु पर भी आशंका है कि शूटरों को बाहर से सुपारी देकर हत्या की नीयत से बुलाया गया था। एसआइटी को कॉल डंप के जरिये भी कुछ संदिग्ध मोबाइल नंबर मिले हैं। इसके आधार पर ही संदिग्ध की भूमिका पर साक्ष्य एकत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। एसआइटी में शामिल अलग-अलग टीम को रांची के बाहर भी छापेमारी के लिए भेजा गया है, ताकि घटना में शामिल शूटरों के बारे में सुराग मिल सके।

# संक्षिप्त खबरें

## भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन




**मांडर(बिभा)।** प्रखण्ड स्थित भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन कन्दरी, माण्डर, राँची में सोमवार को एनएसएस एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वाधान में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में बी॰ एड॰ सत्र 2023-25 द्वितीय वर्ष, बी॰ एड॰ सत्र 2024-26 प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राएँ भाग लिये।कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन की शैक्षणिक सचिव सह प्राचार्या डॉ॰ दिपाली पराशर द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।कार्यक्रम में भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन की शैक्षणिक सचिव सह प्राचार्या श्रीमती दीपाली पराशर, बी॰एड॰ के एच॰ ओ॰ डी॰ श्री राकेश कुमार राय, आई॰क्यू॰ए॰सी॰ कॉर्डिनेटर श्री मनोज कुमार गुप्ता,एनएसएस कार्डिनेटर श्री विवेक राज जायसवाल सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारीगण उपस्थित थे। डॉ॰ दिपाली पराशर अपने संबोधन में कहीं कि, बच्चों के व्यापक मानसिक विकास के लिए उनकी आन्तरिक प्रतिभा को पहचानना आवश्यक है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपनी कला का प्रदर्शन अलग-अलग संस्कृति को अपने पेंटिंग में प्रदर्शित कर किया। इस प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान-बी॰एड॰ प्रथम वर्ष की रश्मि टोपनो, द्वितीय स्थान बी॰एड॰ प्रथम वर्ष की रितिका राजश्री एवं तृतीय स्थान में संयुक्त रूप से बी॰एड॰ प्रथम वर्ष की कृति गुप्ता एवं बी॰एड॰ द्वितीय वर्ष की अन्नु ज्योति लकड़ा रहीं।कार्यक्रम का संचालन बी॰एड॰ प्रथम वर्ष की छात्रा शालीनी टोप्पो एवं तन्नु कुमारी द्वारा किया गया।

## डकरा दुर्गा मंडप में सर्व ब्राह्मण महासभा के होली मिलन समारोह मे जमकर उड़े अबीर-गुलाल



**खलारी(बिभा)।** एन के क्षेत्र के डकरा दुर्गा मंडप परिसर मे वार्षिक मिलन समारोह सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता सर्व ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष प्रमोद कुमार तिवारी और संचालन सतीश कुमार पांडेय ने किया।इस कार्यक्रम की शुरूआत भगवान परशुराम की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित करने, पुष्पांजलि अर्पित करने और महाआरती करने करने के साथ किया गया। इस होली मिलन समारोह के दौरान अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए सर्व ब्राह्मण महासभा के सभी सदस्यों ने संगठन का विस्तार करने, संगठन को मजबूत करने, संगठन के माध्यम से जरूरतमंद ब्राह्मण परिवार के सदस्यों को हर संभव मदद करने, प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान परशुराम की जयंती खलारी में मनाने, भगवान परशुराम का मंदिर का निर्माण करने, ब्राह्मण परिवार के सभी सदस्यों के दुख सुख में शामिल होने, गरीब ब्राह्मण के बच्चों को शिक्षित करने में सहयोग करने, भगवान परशुराम जयंती पर भगवान परशुराम की तस्वीर का वितरण करने, सर्व ब्राह्मण महासभा की महिला समिति का गठन करने समेत अन्य विभिन्न बिंदुओं पर गंभीरता पूर्वक विचार विमर्श किया गया। इस बैठक में सर्वसम्मति से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान परशुराम की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। इस समारोह के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने एक दूसरे के चेहरे पर अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और होली के गीत गाए। इस बैठक सर्व ब्राह्मण महासभा के संरक्षक सतीश कुमार पांडेय, अध्यक्ष प्रमोद कुमार तिवारी, उपाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष पंकज कुमार मिश्रा, गिरिधर तिवारी, शिवनारायण तिवारी, नरोत्तम तिवारी, शशि पांडेय, शंभूनाथ पांडेय, आशीष कुमार मिश्रा समेत अन्य सभी सदस्य उपस्थित थे।

खूँटी की लवली लेडीज ग्रुप ने मनाया होली मिलन समारोह

## महिलाओं ने जमकर उड़ाए गुलाल और की खूब मस्ती



**खूँटी(बिभा)।** शहर के दतिया रोड में रविवार को लवली लेडीज ग्रुप की महिलाओं के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में ग्रुप की महिलाएँ बच्चे बच्चियों ने काफी हर्षोल्लास के साथ होली के अवसर पर जमकर मस्ती की। इस कार्यक्रम में काफी बड़ी संख्या में महिलाओं एवम बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान सभी महिलाओं ने होली के धुन पर खूब नाची और मनोरंजन की। वहीं इस दौरान कार्यक्रम में सभी ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद ली और एक दूसरे को रंग बिरंगे गुलाल लगाकर बधाई दी और एक स्वर में केमिकल युक्त रंगों का उपयोग नहीं करने का संकल्प लिया।

## खलारी प्रखंड सभागार में शांति समिति की बैठक आज

**खलारी(बिभा)।** होली पर्व को लेकर आज मंगलवार 11 मार्च को 3:30 बजे से खलारी प्रखंड सभागार में शांति समिति की बैठक रखी गई है।इसकी जानकारी देते हुए खलारी थाना प्रभारी जयदीप टोप्पो ने बताया कि बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी खलारी थाना क्षेत्र में होली का त्योहार आपसी भाईचारगी के साथ मनाने को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा।उन्होने बैठक में खलारी क्षेत्र के सीसीएल अधिकारी,कर्मचारी,श्रमिक प्रतिनिधि,पंचायत प्रतिनिधि,राजनैतिक दल, पत्रकार सहित सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रबुद्ध लोगों से बैठक में शामिल होने की अपील की गई है।

## फोर्स एनएक्सटी का नया अभियान

**रांची(बिभा) :** डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रीमियम ब्रांड फोर्स एनएक्सटी ने आधुनिक पुरुषों के लिए इनरवियर, एथलीजर और सक्रिय पहनावे (एक्टिववियर) का सबसे पसंदीदा ब्रांड बनने की दिशा में कदम बढ़ाया है। यह आराम, शैली और आत्मविश्वास का बेहतरीन संयोजन पेश करता है। फोर्स एनएक्सटी के नवीनतम अभियान में साहसिक नारा फॉर व्हाट्स एनएक्सटी प्रस्तुत किया गया है, जो यह दशार्ता है कि इनरवियर, एथलीजर और सक्रिय पहनावा अब केवल उपयोगी वस्त्र नहीं रह गये हैं, बल्कि व्यक्तिगत शैली, आत्मविश्वास और आत्म-अभिव्यक्ति का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गये हैं। डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक विनोद कुमार गुप्ता ने कहा कि इनरवियर, एथलीजर और सक्रिय पहनावा अब केवल उपयोगिता तक सीमित नहीं हैं; वे आत्म-अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास और शैली का अभिन्न हिस्सा बन गये हैं। अपने नवीनतम अभियान के माध्यम से हम दिखाना चाहते हैं कि फोर्स एनएक्सटी इनरवियर को एक नया आयाम दे रहा है—इसे पुरुष गर्व के साथ प्रदर्शित कर सकते हैं, ठीक वैसे ही जैसे वे अपने किसी भी अन्य पहनावे को दिखाते हैं।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खाटूश्याम मन्दिर में किए दर्शन

**प्रदेश व देश के विकास और आमजन की खुशहाली की कामना की**

**बाबा श्याम का लख्खी मेला में खुशहाल जीवन कि कामना की।**

प्रकाश पटवारी



**रामगढ़ :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खाटूश्यामजी के वार्षिक फाल्गुन मेला में लाखों भक्तों के साथ लाईन से जा कर सपत्नीक खाटूश्यामजी मंदिर में पहुंचकर बाबा श्याम के दर्शन किए। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश के विकास और आमजन की खुशहाली की कामना की। इस दौरान श्याम मंदिर कमेटी के प्रताप सिंह चौहान ने पूजा करवाई और श्याम दुपट्टा ओढ़ाकर उनका सम्मान किया।

बता दें कि आज खाटूश्यामजी फाल्गुन मेला का दसवां दिन व सबसे बड़ा दिन है क्योंकि मेले का आज एकादशी है। इस विषेश अवसर पर खाटूश्यामजी में हेलिकॉप्टर द्वारा पुष्प वर्षा हुई। पुरी खाटू नगरी श्याम जयकारों से गूंजय्मान रही।

वर्षों से चली आ रही परंपरा के तहत आज भी बाबा श्याम रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण किया। जिसका लाखों भक्तों ने दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस बार पुराने रथ कि बजाए नया चांदी के रथ पर भक्तों को दर्शन दिए।

मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान जयपुर संभागीय आयुक्त पूनम, पुलिस महानिरीक्षक अजय पाल लांबा, जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा, पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव, दातारामगढ़ मेला मजिस्ट्रेट मोनिका सामोर, पवन पुजारी, अध्यक्ष श्याम मंदिर कमेटी पृथ्वी सिंह चौहान, मंत्री मानवेंद्र सिंह चौहान सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी उपस्थित रहे।

# खूँटी थाना परिसर में हर्षोल्लास के साथ मना होली मिलन कार्यक्रम

बिभा संवाददाता



**खूँटी।** शहर के थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक के बाद होली मिलन कार्यक्रम किया गया। जिसमें प्रशासनिक पदाधिकारियों और शांति समिति के लोगों ने होली की बैठक के उपरांत जमकर होली खेली। वहीं एक दूसरे सभी लोगों ने हर्बल गुलाल लगाकर एक दूसरे को शुभकामनाएँ दी। इस मौके पर होली मिलन में होली की गीतों के साथ लोगों ने नाच-गाकर होली को और भी रंगीला बना दिया। वहीं एसडीओ दीपेश कुमारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी सहित डीएसपी , थाना प्रभारी सीओ सभी ने जमकर नाचा और शांति समिति के लोगों के साथ एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दिये। इस कार्यक्रम में हिंदू मुस्लिम सभी उपस्थित जनों ने होली मिलन का उत्साह भरे माहौल का मनोरंजन किया। इस दौरान खान-पान का भी आयोजन किया गया। जिसपर लोगों ने खूब आनन्द लिया। इस प्रकार अब होली का असर लोगों में दिखने लगा है। इस दौरान दीपेश कुमारी ने बताया कि होली पर आने वाला है जिसके लिए लोगों के साथ सौहार्दपूर्ण होली मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया वहीं लोगों को पानी बिजली की सुविधा सही रहेगी। वहीं सभी शांतिपूर्ण होली खेलें जिसपर चर्चा की गयी। इस दौरान प्रखंड विकास पदधिकारी ज्योति कुमारी ने कही कि सभी लोग आपसी भाईचारा से होली खेलें। वहीं अपनी खुशी खोजने के लिए दूसरे के दिल को कुंठित न करें। वहीं होली दूसरों को भी खुश करने के लिए वो काम करें ताकि सामनेवाले आपके साथ मिलकर खुशी महसूस करे। उन्होंने सभी को होली की अग्रिम बधाई व शुभकामनाएँ दी।

इस दौरान थाना परिसर में सोमवार को होली का उल्लास के साथ लोग एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाए। जो कि ऐसा होली का आयोजन काफी दिनों बाद हुआ जो बहुत पहले हुआ था। इससे होली मनाने का आनन्द काफी आया। जिसमें वहाँ शामिल सभी लोगों ने नाच-गान में शामिल होकर खूब मनोरंजन और मस्ती की। इस दौरान इस मौके पर एसडीएम दीपेश कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी, अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्य, डीएसपी वरुण रजक, थाना प्रभारी मोहन कुमार, नगर पंचायत के नगर प्रबंधक, ज्योतिष भगत, अनुप साहू, जितेन्द्र कश्यप, शयुम अंसारी, योगेश वर्मा , प्रियांक भगत, मुकेश जायसवाल, सहित अनेक लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।

## तमाड़ के भुइयांडीह में तेज रफ्तार का कहर: कार की टक्कर से बाइक सवार की दर्दनाक मौत, परिजनों ने किया हंगामा

**खूँटी(बिभा)।** राँची-टाटा राजमार्ग पर तमाड़ थाना क्षेत्र के भुइयांडीह मोड़ के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसा होने से एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जिसमें आज एक तेज रफ्तार कार ने एक बाइक सवार युवक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान ईचागढ़ थाना क्षेत्र के पोलासडीह निवासी राजीव कुमार महतो के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, राजीव कुमार अपनी बाइक से तमाड़ से चौका की ओर जा रहे थे, तभी अचानक तेज गति से आ रही कार ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि राजीव ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर तमाड़ थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, दुर्घटनाग्रस्त कार और बाइक को भी पुलिस ने जब्त कर थाना ले आई। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों और मृतक के परिजनों में भारी आक्रोश देखा गया। आक्रोशित लोगों ने घटनास्थल पर हंगामा किया, जिसे तमाड़ थाना प्रभारी रोशन कुमार द्वारा समझा-बुझाकर शांत कराया गया।

## पति ने पत्नी को चाकू मारकर की हत्या, गिरफ्तार

**खूँटी(बिभा)।** जिले अड़की थाना क्षेत्र के कोचांग पंचायत के काईनजारी गाँव के टेका सोय नाम का युवक ने शनिवार रात अपनी पत्नी को चाकू मारकर हत्या कर दी। जिसकी जानकारी थाने को दी गयी जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर जाकर अनुसंधान किया । वहीं दूसरे दिन पुलिस ने हत्यारे पति को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी जानकारी प्रेस वार्ता करके डीएसपी वरुण रजक ने बताया कि शराब के नशे में था और जब घर आया तो पत्नी से कहा सुनी हो गयी जिसके बाद पत्नी को मारने के लिए दौड़ा तभी वह छिप गयी लेकिन उसे खोज निकाला और उसको चाकू मार कर हत्या कर दिया। वहीं पुलिस घटनास्थल पर जाकर आरोपी युवक को पकड़ लिया है। साथ ही, शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और आरोपी युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## ट्रेन की धक्के से जंगली हाथी की मौत

**सिल्ली(बिभा) :** सोमवार को शाम करीब सवा सात बजे रांची- मुरी रेलखंड पर किता और बरवादाग स्टेशन के बीच कुलसूद के समीप हटिया-टाटा मेमो पेसेंजर ट्रेन नं 68036 के धक्के से एक जंगली का मौत हो गया। हाथी का शव इंजन फंस जाने से डाउन लाइन घंटो बाधित रहा। बताया जाता है कोकड़ो जंगल से 3 हाथी का एक झुंड हरवाडीह नवाडीह की ओर जा रहा था इसी क्रम में उक्त हाथी रांची से आ रही मेमो ट्रेन के चपेट में आ गयी। मालूम हो कि इस क्षेत्र में जंगली हाथियों का आना-जाना लगा रहता है। बताया जाता है हाथी प्रभावित गांवों में रात को रोशनी देखकर हाथी नजदीक नही आये इसको लेकर हाल दिनों में वन विभाग और पूर्व विधायक मद से 429 सोलर व एलईडी लाइट खरीद किया गया है पर जहां जंगली हाथियों का आना-जाना लगा रहता है वहां सोलर लाइट लगा नहीं है और कुछ छूट भैया नेताओं के घर का आंगन में लगा है। समाचार लिखें जाने तक हाथी का शव रेल पटरी पर पड़ा हुआ था।

## युवक ने अपने ससुराल में दुप्पटे से लटककर दी जान

**खूँटी(बिभा)।** जिले के अड़की थाना अंतर्गत मदहातु में शनिवार की रात 20 वर्षीय युवक ने अपने ससुराल में गले में दुपट्टा का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार मृतक नरसिंह मुंडा पिता धोतो लादूरा मुंडा मरांगहदा थाना के लांदूप पंचायत के लोटोर गांव का रहने वाला था। बताया जाता है कि नरसिंह मुंडा की पत्नी एक सप्ताह पहले भाग कर मायके चली गई थी। जिससे मना कर लाने के लिए वह ससुराल मदहातु गया हुआ था। उसकी पत्नी वापस लोटोर अपने ससुराल लौटने को राजी नहीं थी, जिसको लेकर दोनों में अनबन हुई। शनिवार को उसकी पत्नी बिरबांकी साप्ताहिक हाट गई थी और रात में अपने सहेली के यहाँ रुक गई। उस दिन घर की अन्य लोग बाहर गए हुए थे। घर में नरसिंह मुंडा अकेला था। शनिवार को पत्नी के देर रात तक वापस नहीं लौटने से नाराज होकर घर के अंदर फाँसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। रविवार को जब उसकी पत्नी घर वापस पहुँची तो अपने पति को फंदे में लटकते देखा फिर इसकी जानकारी उसने गाँव वालों को दी और फिर इसकी सूचना अड़की पुलिस को दी गई। सोमवार को पुलिस घटनास्थल पर पहुँचकर शव को अपने कब्जे में लिया एवं पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए खूँटी भेज दिया । जिसपर नरसिंह मुण्डा के द्वारा उठाए गये कदम पर पुलिस आगे का अनुसंधान कर रही है।

## एसबीयू में क्वांटम साइंस और तकनीक पर हुआ सम्मेलन

बिभा संवाददाता



**रांची :** एसबीयू के फैकल्टी ऑफ एप्लाइड साइंसेज द्वारा आईक्यूएसी और आईआईसी के सहयोग से आज क्वांटम साइंस और तकनीक पर विवि सभागार में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें अपने उदगार व्यक्त करते हुए परड्यू विश्वविद्यालय, अमेरिका के डॉ. आलोक आर. चतुर्वेदी ने क्वांटम डिसीजन थ्योरी पर अपनी बातें रखी। उन्होंने क्लासिकल थ्योरी की तुलना में क्वांटम थ्योरी को सर्वव्यापी बताया। इस संदर्भ में उन्होंने शेयर मार्केट का भी उदाहरण दिया। उन्होंने वृहत परिप्रेक्ष्य में क्वांटम कम्प्यूटिंग के इस्तेमाल पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बीआईटी लालपुर सेंटर के डॉ. कुंतल मुखर्जी ने क्वांटम वर्ल्ड की खूबियों और कार्यप्रणाली पर अपना विचार रखा। उन्होंने क्वांटम मशीन लर्निंग, सुपरपोजिशन और क्वांटम इनफॉर्मेशन सॉफ्टवेयर कीट के विषय में विस्तार से बताया।

कार्यक्रम में बोलते हुए सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने क्वांटम मूवमेंट और दूसरे अणुओं से इसकी भिन्नता पर चर्चा की। उन्होंने आज के दौर में इसके इस्तेमाल पर जानकारी देते हुए भौतिक विज्ञान समेत अन्यान्य क्षेत्रों में इसके उपयोग पर भी अपनी बात कही। टेलीपैथी और एमआरआई का उदाहरण देते हुए उन्होंने इसके दूरगामी इस्तेमाल की बात की।

विवि के कुलपति प्रो सी जगनाथन ने क्वांटम विज्ञान के विभिन्न आयामों के बारे में बताया। उन्होंने इसकी आवश्यकता पर अपना विचार प्रस्तुत किया। उपस्थित श्रोताओं के समक्ष सेमी कंडक्टर फिजिक्स की उत्पत्ति पर भी उन्होंने बात की।

कार्यक्रम के समापन सत्र में डॉ. पिंटू दास ने सम्मेलन से संबंधित अपना रिपोर्ट प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। स्वागत भाषण डीन डॉ. पंकज गोस्वामी एवं धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. नित्या गर्ग ने दिया। इस अवसर पर एसबीयू के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम के आयोजन पर विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की ।

# सौहार्दपूर्ण होली मनाने को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

बिभा संवाददाता



**खूँटी।** आगामी रंगों का महोत्सव होली खूँटी में धूमधाम से मनाया जा सके इसको लेकर सोमवार को खूँटी थाना परिसर में एसडीएम दीपेश कुमारी, डीएसपी वरुण रजक, प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी, अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्य आदि पदाधिकारियों ने शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। मौके पर, होली में होनेवाली व्यवस्था पर चर्चा की गयी। जिसमें लाईट , स्वच्छता, पानी आदि की समस्या को निजात दिलाने के लिए सहमति बनी। वहीं होलिका दहन पर लकड़ी प्रदान करने, सड़कों को दुरुस्त करने का आश्वासन मिला। इस दौरान मामले खूँटी में सौहार्दपूर्ण होली मनाने पर हिंदू मुस्लिम भाईचारा के साथ होली मनाने पर सहमति बनी। वहीं अंत में एक दूसरे को अबीर लगाकर होरी की शुभकामनाएं दी गयी। मौके पर जानकारी देते हुए एसडीओ दीपेश कुमारी ने बतायी कि होली को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें विभिन्न विभागों को व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर निर्देश दिए गए। साथ ही , सुरक्षा व्यवस्था और सोशल मिडिया में अनर्गल बातों का आदान प्रदान नहीं करने का निर्देश दिया गया। वहीं अगर किसी प्रकार की बातें आती है तो इसकी जानकारी प्रशासन को देने की बात कही गयी। वही सयुम अंसारी ने कहा कि होली रंगों का त्योहार और सौहार्दता का प्रतीक है वहीं अगर किसी को अबीर या रंग का छींटा पड़ जाए तो बुरा नहीं मानना चाहिए। वहीं खूँटी में इस बैठक में थाना प्रभारी मोहन कुमार, जितेन्द्र कश्यप, ज्योतिष भगत, मनोज कुमार, मुकेश जायसवाल, सुनील साहू, अंजुमन के सचिव खालिद अहमद, सयुम अंसारी, जावेद अंसारी, मेराज अंसारी, किशोर गंझू आदि अनेक लोग उपस्थित थे।

# प्रसिद्ध पर्वतारोही सत्यरूप सिद्धांत के उत्तर ध्रुव अभियान को सीसीएल परिवार का समर्थन

बिभा संवाददाता



**रांची :** प्रसिद्ध भारतीय पर्वतारोही और विश्व रिकॉर्ड धारक श्री सत्यरूप सिद्धांत अप्रैल 2025 में उत्तर ध्रुव अभियान पर जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस महत्वपूर्ण अभियान के लिए सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक निलेंदु कुमार सिंह ने उन्हें बेहद कठिन एवं चुनौतीपूर्ण अभियान के लिए ध्वजा सौंपी और उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं।

इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र एवं CC&PR विभाग के विभागाध्यक्ष श्री आलोक कुमार भी उपस्थित रहे। श्री सिंह ने श्री सत्यरूप सिद्धांत को उनके अब तक के अद्भुत उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया और उनके अभियान की सफलता की कामना की।

श्री सत्यरूप सिद्धांत ने सातों महाद्वीपों की सबसे ऊँची चोटियों और सबसे ऊँचे ज्वालामुखियों को फतह करने वाले दुनिया के सबसे युवा पर्वतारोही होने का गौरव प्राप्त किया है। उन्होंने माउंट गुप्त पर्वत पर चढ़ाई करने वाले दुनिया के पहले व्यक्ति होने के साथ-साथ माउंट ब्रह्मा पर चढ़ने वाली पहली भारतीय टीम का नेतृत्व किया है। इसके अलावा, वे कई अन्य शिखरों पर चढ़ने वाले बिरले भारतीय हैं।

उत्तर ध्रुव अभियान पिछले छह वर्षों से भू-राजनीतिक परिस्थितियों, कोविड, युद्ध और जलवायु परिवर्तन के कारण स्थगित होता रहा है। लेकिन इस वर्ष, यह अभियान 8 अप्रैल 2025 से रूस से शुरू होने जा रहा है। इससे पहले, उन्होंने दक्षिणी ध्रुव तक स्कीइंग अभियान भी पूरा किया था, और अब वे उत्तर ध्रुव के अंतिम छोर तक स्कीइंग करने की तैयारी में हैं ताकि देश का नाम रौशन कर सके और युवाओं में एक प्रेरणादायक संदेश दे सके ।

सीसीएल खेल, साहसिक अभियानों और राष्ट्रीय गौरव को प्रोत्साहित करने वाली पहलों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। सीसीएल परिवार श्री सत्यरूप सिद्धांत को इस रोमांचक और ऐतिहासिक यात्रा के लिए ढेरों शुभकामनाएँ देता है!

ज्ञात हो कि सीसीएल, सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह के नेतृत्व में न केवल कोयला उत्पादन कर देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित कर रहा है, बल्कि कला, महिला सशक्तिकरण, साहसिक खेल और स्वास्थ्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में नई पहल करते हुए नए आयाम स्थापित कर रहा है।

## दो दिवसीय अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न



**रांची(बिभा) :** भारतीय खाद्य निगम दो दिवसीय अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट टूनामेंट का सफलता पूर्वक समापन हुआ. इसमें आँचलिक कार्यालय कोलकाता, क्षेत्रीय कार्यालय कोलकाता, क्षेत्रीय कार्यालय बिहार, क्षेत्रीय कार्यालय झारखण्ड की 04 टीम ने भाग लिया। आज के फाइनल मैच एफसीआई आँचलिक कार्यालय एवं रो बिहार के बीच हुआ. जिसमे रो बिहार की टीम बिजेता हुई. प्रथम रनर अप आँचलिक कार्यालय की टीम हुई दूसरी रनर अप रो झारखण्ड की टीम हुई महाप्रबंधक मनोज कुमार ने सबको धन्यवाद दिया. एवं सभी विजेता को सम्मानित किया।

## लालपुर में बंद कमरे में मिला बुजुर्ग का शव

**रांची(बिभा) :** रांची के लालपुर थाना स्थित पीएन बोस कम्पाउंड में बंद कमरे से एक बुजुर्ग का शव मिला है। मृतक की पहचान 80 वर्षीय तपस कुमार बंद्योपाध्याय के रूप में हुई है। मृतक के बेटे ने बताया कि उनके पिताजी फ्लैट में अकेले ही रहते थे। बेटे ने हार्ट अटैक से मौत की आशंका जाहिर की है। उन्हें पड़ोसियों से जानकारी मिली कि उनके पिता के कमरे से दुर्गंध आ रही है। जिसके बाद वे अपने पिताजी के फ्लैट पहुंचे। जहां कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी आवाज लगाने के बाद भी किसी ने दरवाजा नहीं खोला। दरवाजा तोड़ने लोग अंदर दाखिल हुए तो देखा बेड पर तपस कुमार मृत आवस्था पड़ हैं। मामले की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में मृतक के बेटे की शिकायत पर यूडी केस दर्ज किया गया है।

# संक्षिप्त खबरें

## महिला दिवस के अवार पर अर्पिता महिला मंडल ने राज्य व्यंजन प्रतियोगिता का किया आयोजन



**रांची(बिभा) :** महिला दिवस के अवसर पर, अर्पिता महिला मंडल, सीसीएल की अध्यक्षा प्रीति सिंह के मार्गदर्शन में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के तहत, राज्य व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सीसीएल के 15 क्षेत्रों ने भाग लिया और अपनी-अपनी पारंपरिक और प्रामाणिक व्यंजन प्रस्तुत किए। व्यंजनों को प्रस्तुति, स्वाद और रचनात्मकता के आधार पर आंका गया। सभी व्यंजन हाथों-हाथ बिक गए और इससे प्राप्त धनराशि सामाजिक कल्याण कार्यों के लिए प्रयोग की जाएगी। इसके अतिरिक्त, स्वरोजगार कर रहीं महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न स्टॉल्स भी लगाए गए। इन स्टॉल्स में हस्तशिल्प वस्तुएं, घर का बना खाना और अन्य उत्पाद प्रदर्शित किए गए – यह वास्तव में एक अद्भुत पहल थी जहां मजबूत महिलाएं, मजबूत महिलाओं का समर्थन कर रही थीं। यह दिन संस्कृति, सामुदायिक भावना और सशक्तिकरण से भरपूर रहा।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि में सरहुल पूर्व संध्या समारोह की दूसरी बैठक आयोजित




**रांची(बिभा):** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में आगामी सरहुल पूर्व संध्या समारोह की तैयारियों को लेकर आज दूसरी बैठक आयोजित की गई। यह बैठक विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में हुई, जिसकी अध्यक्षता एसीएस यूनिट के अध्यक्ष विवेक तिर्की ने की। यह बैठक मे एसीएस के केंद्रीय अध्यक्षः सुशील उराँव भी सामिल हुए। बैठक में आदिवासी छात्र संघ (एसीएस) के पदाधिकारी, विभिन्न छात्रावासों के प्रतिनिधि और अन्य संबंधित सदस्य उपस्थित रहे। इस बैठक में पहली बैठक में लिए गए निर्णयों की समीक्षा की गई और कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आगे की रूपरेखा तैयार की गई।

## पहाड़ी मंदिर में भव्य होली समारोह का आयोजन



**रांची(बिभा) :** श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर के द्वारा आज भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन पहाड़ी मंदिर परिसर में रखा गया जिसमे सैकड़ो शिव भक्त ढ़ोल नगाड़े के धुन पर झूमते रहे हैं महाकाल बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया एवं आरती के बाद सभी लोग महाकाल बाबा पर रंग अबीर अर्पण कर एक दूसरे को खूब रंग गुलाल लगाए । पूरा पहाड़ी मंदिर परिसर होली के रंगों में रंगा दिया । सभी लोग कल भारत के विश्व चैंपियन बने पर भी एक दूसरे को बधाई दिए। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से महासमिति के अध्यक्ष राजेश साहू ,प्रवक्ता बादल सिंह , राम सिंह , स्वपना चटर्जी , शुभाशीष चटर्जी , मिट्ठू घटक , मीरा गुप्ता, गीता पपनेजा , रश्मि अरोड़ा ,प्रिया सिन्हा, किरण घोष , सरिता गुप्ता , नदिता लाला , किरण तलेजा , रीना , जय प्रसाद , सविता गुप्ता , पायल सोनी , अमन सिंह , कत्यानी , माही ,प्रिया , अल्का , शिल्पी , आराध्या , रागनी जायसवाल आदि शिव भक्त मौजूद रहे। ये जानकारी बादल सिंह ने दिया।

## साहित्य अर्पण मंच के कलमकारों ने मनाई होली



**रांची(बिभा)।** अंतर्राष्ट्रीय साहित्य अर्पण मंच के तत्वावधान में रविवार को महिला दिवस विशेष गोष्ठी सह होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। यह आयोजन मंच की संस्थापक नेहा शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची अध्यक्ष शीलू मेघा ने की, जबकि बोकारो अध्यक्ष स्मिता ने सरस्वती वंदना और संचालन की जिम्मेदारी निभाई। इस अवसर पर डॉ. सृष्टि अग्रवाल, डॉ. अनंग मोहन मुखर्जी, सत्या सिन्हा, स्मिता और शीलू मेघा ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। कार्यक्रम में नई पीढ़ी की भी उत्साहजनक भागीदारी रही। आहान, आरव और आकर्ष ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी को प्रभावित किया। यह आयोजन न केवल साहित्यिक अभिव्यक्ति का मंच बना बल्कि महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक मेल-मिलाप का भी प्रतीक रहा।

## बंधु तिर्की से मिला एआई कर्मियों का प्रतिनिधिमंडल



**रांची(बिभा) :** पूर्व मंत्री बंधु तिर्की से सोमवार को मोरहाबादी रांची स्थित उनके आवास पर एआई कर्मियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। प्रतिनिधिमंडल की ओर से अजय मिश्रा ने उन्हें जानकारी देते बताया कि ए आई कर्मचारियों को न्यूनतम मजदूरी के आधार पर मानदेय निर्धारित कराया जाए। 2019 से बकाया राशि का भुगतान भी कृषि, पशुपालन विभाग से कराया जाए। पशुपालन विभाग में वर्षों से कार्यरत एक आइ कर्मचारियों के लिए नियमावली तैयार कर वरियता सूची निर्गत हो। विभाग में तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के रिक्त पदों पर ए आई कर्मचारियों को वरीयता के आधार पर नियमित करने के अलावा वर्तमान मानदेय और प्रोत्साहन राशि, देय बीमा लाभ को ससमय भुगतान व्यवस्था सरल हो। बंधु ने ए आई कर्मियों की लगातार मेहनत और पशुपालन सेवा में उनके योगदान को सराहा। आश्वासन देते कहा कि वे उनकी मांगों को देखते विभागीय मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से बात करेंगे और समाधान की पहल करेंगे।

# सीएम की एयर एम्बुलेंस सेवा असहाय मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही, अबतक 94 लोगों को मिल चुका है लाभ

बिभा संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का लोगों के जीवन सुरक्षा का सकारात्मक प्रयास रंग ला रहा है । आपात स्थिति में गंभीर बीमारियों से जूझ रहे असहाय मरीजों को बेहतरीन चिकित्सीय सेवा उपलब्ध कराने में एयर एंबुलेंस सेवा वरदान साबित हो रही है। मुख्यमंत्री के इस प्रयास से अबतक 94 मरीजों को झारखण्ड से ससमय एयरलिफ्ट कराकर दूसरे राज्यों के प्रमुख अस्पतालों में शिफ्ट कराया गया। सिर्फ रांची से 78 जबकि अन्य जिलों से 11 मरीज ऐसे हैं, जिन्होंने एयर एंबुलेंस सेवा का लाभ लिया है।

### हर वर्ग को एयरलिफ्ट का लाभ, मोबाइल से करें बुक

राज्य के आम और खास हर वर्ग के मरीजों के परिजन नगर विमान विभाग द्वारा संचालित +918210594073 मोबाइल नंबर पर फोन कर एयर एंबुलेंस की सेवा संबंधी जानकारियां 24 घंटे किसी भी समय ले सकते हैं। जानकारी के अनुसार, झारखण्ड के बाहर अन्य गंतव्य स्थानों पर मरीजों को ले जाने पर संबंधित व्यक्ति को आवश्यकता पड़ने पर 55,000 प्रति उड़ान घंटे के दर पर एयर एंबुलेंस की सुविधा दी जाती है।

### आम और खास लोगों ने लिया सेवा का लाभ

एयर एंबुलेंस के जरिए त्वरित और सहजभाव से मरीजों को दूसरे राज्यों में इलाज का लाभ मिल रहा है। तभी तो बीते समय में आम लोगों के साथ-साथ गणमान्य लोगों को भी एयर एंबुलेंस की सेवा प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त विधानसभा चुनाव कार्य के दौरान गंभीर रूप से घायल झारखण्ड पुलिस बल के कई जवानों को भी ससमय उच्चतर चिकित्सीय सेवा के लिए एयर एंबुलेंस से एयरलिफ्ट कराकर उच्चस्तरीय मेडिकल सेंटर में शिफ्ट कराया जा चुका है।




### यह है निर्धारित रूट और दर

| | |
|---|---|
| रांची-दिल्ली | रू. 3.3 लाख |
| रांची-मुंबई | रू. 4.4 लाख |
| रांची-चेन्नई | रू. 3.85 लाख |
| रांची-कोलकाता | रू. 1.10 लाख |
| रांची-हैदराबाद | रू. 3.02 लाख |
| रांची-वाराणसी | रू. 1.37 लाख |
| रांची-लखनऊ | रू. 2.20 लाख |
| रांची-तिरुपति | रू. 3.85 लाख |

### फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट सी-90 की सुविधा उपलब्ध

तत्काल नागर विमान प्रभाग द्वारा एयर एंबुलेंस सेवा के लिए फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट सीझ90 की सुविधा उपलब्ध है। जिसके माध्यम से एक मरीज तथा दो परिजनों को एक साथ एयर एम्बुलेंस से अन्य राज्य में चिकित्सा हेतु ले जाया जा सकता है।

# दो अफसरों के भरोसे शिक्षा परिषद : जयराम

बिभा संवाददाता



**रांची।** स्कूली शिक्षा के अनुदान मांग पर चर्चा में बोलते हुए सोमवार को जेकेएलएम के विधायक जयराम महतो ने कहा कि झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद महज दो अफसरों के भरोसे है। उन्होंने कहा कि परिषद में केवल दो अफसर ही स्थाई हैं, शेष सभी कर्मचारी अस्थाई हैं और सभी के सभी यूपी, राजस्थान और बिहार के हैं जो गंभीर बात है। उन्होंने राज्य सरकार से आरटीई का कड़ाई से पालन कराने की मांग की।

जयराम ने कहा कि सरकारी स्कूलों में फिलहाल बच्चों की पोशाक हरे रंग की थी। इसके पूर्व भाजपा सरकार में पोशाक का रंग गुलाबी था। उन्होंने अलग-अलग दलों की ओर से बच्चों की पोशाक बदलने का अनावश्यक और राज्य के कोष पर भार बढ़ाने वाला बताया। उन्होंने कहा पोशाक बदलने पर 1400 करोड़ रुपए खर्च होते हैं। यह बहुत बड़ी राजनीतिक बीमारी है। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक आदेश में वहां के सभी जन प्रतिनिधियों और अफसरों को अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाने का आदेश दिया था।

जयराम ने कहा कि झारखंड के भी जनप्रतिनिधियों और अफसरों को अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में भेजना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुल बजट के 12 प्रतिशत राशि शिक्षा विभाग के लिए है फिर भी राज्य में शिक्षा की स्थिति किसी से छिपी नहीं है।

### पूर्व की सरकार ने 20 प्रतिशत स्कूल बंद कराया : कल्पना

झामुमो की विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि पूर्व की सरकार में राज्य के 20 प्रतिशत स्कूलों को बंद करा दिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष की योजना राज्य के 13-14 हजार स्कूलों को बंद कराना था, लेकिन गठबंधन दलों के उग्र आंदोलन के कारण दूसरे फेज में सरकार को इसे स्थगित करना पड़ा। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकार ने एकलव्य की तरह हमलोंगों का अगूंठे को काट कर ले लिया है। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के समय लोगों के समक्ष खाने-पीने की जद्दोजहद थी, ऐसे में बच्चों की पढ़ाई के बारे में कौन सोच रहा था। उन्होंने कहा कि जब विपक्ष की सरकार थी उस दौरान पारा शिक्षकों पर लाठियां बरसाई गईं, जबकि हमारी सरकार में पारा शिक्षकों के मानदेय को बढ़ाया। साथ उन्हें ईपीएफ का भी लाभ दिलाया।

### विपक्ष को है आलोचना महारथ हासिल : जीगा

विधायक जीगा सुसारन होरो ने कहा कि विपक्ष को केवल आलोचना में महारथ हासिल है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार लोगों की बिजली बिल माफी, किसानों के कर्ज की माफी सहित कई बेहतरी के काम किए हैं, लेकिन विपक्ष की ओर से गरीबों को दिया जानेवाला वन पटटा को भी खत्म करने की तैयारी थी। उन्होंने विपक्ष जाति, धर्म की राजनीति करने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि विधानसभा चुनाव में बाहरी नेताओं के जरिए हेमंत की आलोचना की विपक्ष का मकसद था। उन्होंने कहा कि अब विपक्ष को विपक्षी खेमे में ही रहने की आदत डाल लेनी चाहिए। विभाग की अनुदान मांग पर चर्चा में शामिल होनेवाले अन्य विधायकों में जनार्दन पासवान, सुरेश पासवान, चंद्रदेव महतो, नागेंद्र महतो समेत अन्य का नाम शामिल है। इसके बाद स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही मंगलवार की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

# बाबूलाल ने लगाया स्पीकर पर सत्ता को संरक्षण देने का आरोप

बिभा संवाददाता

**रांची।** बजट सत्र के दौरान सोमवार को भोजनवकाश के बाद नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने स्पीकर रबींद्र नाथ महतो पर पक्ष-विपक्ष में आरोप प्रत्यारोप के दौरान राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राजनीति सभी तरफ से हो रही है। बाबूलाल ने कहा कि पक्ष, विपक्ष के साथ इसमें आसन भी शामिल है।

बाबूलाल ने कहा कि यह मामला सही है और यह अखबारों में भी मामला आया है। यह शर्मनाक स्थिति है। इसपर स्पीकर ने कहा कि वे पक्ष और विपक्ष के बीच विवाद का पटाक्षेप करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन नेता प्रतिपक्ष ने आसन पर ही आक्षेप लगा दिया।

सदन में विधायक अमित यादव ने हजारीबाग के इचाक के सरकारी स्कूल की चहारदिवारी में मस्जिद का गुंबद बना दिया है, जो गंभीर बात है। इसपर मंत्री हफीजुल हसन समेत कई मंत्री विरोध करने लगे। मामले पर उच्च शिक्षा विभाग के मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि चर्चा का उददेश्य राजनीतिक नहीं होना चाहिए। उन्होंने स्पीकर से संबंधित बातों को स्पंज करने का आग्रह किया, जिस पर स्पीकर ने सहमति दी। स्पीकर ने कहा कि सदन में राजनीतिक बातें नहीं होनी चाहिए। इसका सभी सदस्य ध्यान रखें।

वहीं विधायक ने कहा कि यदि मंत्री को मेरी बातों पर विश्वास नहीं हो रहा है तो उनकी ही अध्यक्षता में कमेटी बनाकर मामले की जांच करा लें। उन्होंने कहा कि इस मामले में उन्होंने हजारीबाग डीसी को आवेदन दिया था और मामले की जानकारी जिला शिक्षा अधीक्षक को भी दी थी। सरकार भी मामले की सच्चाई को लेकर जानकारी ले सकती है।

स्पीकर ने कुछ विधायकों की ओर से चर्चा में लिखित सामग्री पढ़ने पर आपत्ति जताई और कहा कि सदन में ऐसी परंपरा नहीं है। उन्होंने कहा कि भाषण के दौरान यदि कोई लिखित सामग्री है तो उसकी मदद ली जा सकती है।

### झारखंड के सबसे बड़े श्री राधा- कृष्ण मंदिर में हुआ भव्य होली मिलन महोत्सव

# अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व है होली: स्वामी सदानंद महाराज

बिभा संवाददाता



**रांची :** पुंदाग स्थित मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में झारखंड के सबसे बड़े श्री राधा- कृष्ण मंदिर में वृंदावन की तर्ज पर होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। संत शिरोमणि स्वामी सदानंद जी महाराज के सानिध्य मे आयोजित होली मिलन महोत्सव मे भक्तजनों ने स्वामी जी के साथ अबीर- गुलाल एवं फूलों के साथ जमकर होली खेली। तथा भजन गायको मनीष सोनी, सज्जन पाड़िया, निर्मल जालान द्वारा गाये सुमधुर होली के मनमोहक भजनों से पूरा माहौल कृष्णमय, भक्तिमय, होलीमय से सराबोर हो गया। बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाएं- पुरुष भक्तों नेआपस में अबीर गुलाल लगाकर खूब झूमे। ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल ने कहा कि होली न केवल रंगों और उल्लास का प्रतीक है बल्कि श्रद्धा, भक्ति और एकता का अद्वितीय उदाहरण भी प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि परमहंस स्वामी सदानंद महाराज जी ने इस महोत्सव मे आकर अलौकिक शोभा बढ़ाई, स्वामी सदानंद महाराज के शिष्यों द्वारा गुरु जी को चंदन- वंदन कर होली महोत्सव कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। होली मिलन कार्यक्रम में संत श्री ने अपने प्रवचन में कहा कि हिंदुओं का महापर्व होली का पर्व अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति पश्चिमी सभ्यता की ओर जा रही है आज के हमारे बच्चे विदेशी रहन-सहन की ओर आकर्षित हो रहे हैं आज के समय में हमें बच्चों के बीच देशभक्ति का अलग जगाना चाहिए।

समारोह में स्वामी जी ने भक्तों से आह्वान किया कि वे होली के रंगों के माध्यम से अपनी आत्मा को भी रंगीन बनाएं, ताकि हम अपने जीवन को भक्ति और सेवा से भरपूर कर सकें। उनका यह संदेश सभी के दिलों में गहरे तक बस गया। उन्होंने यह भी बताया कि इस पर्व के दौरान हम सब को अपने भीतर के गुस्से, द्वेष और नफरत को समाप्त करके प्रेम और एकता का भाव अपनाना चाहिए।

# सीएमपीडीआई एवं एफजीएस के बीच समझौता ज्ञापन पर हुआ हस्ताक्षर

बिभा संवाददाता




**रांची :** सीएमपीडीआई रांची द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल के तहत झारखंड राज्य के 40 बेरोजगार युवाओं को फ्लेबोटोमी तकनीशियन पाठ्यक्रम में आवासीय कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए आज फ्रंटलाइन ग्लोबल सर्विसेज (एफजीएस), रांची के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किया गया। सीएमपीडीआई ने इस कार्यक्रम के लिए 44.20 लाख रुपए का बजट आवंटित किया है। फ्लेबोटोमी तजकनीशियन पाठ्यक्रम छात्रों को प्रयोगशाला, अस्पताल, नर्सिंग होमा, चिकित्सकों के कार्यालय, निजी क्लीनिक, रक्त बैंक, डायग्नोस्टिक सेंटर, इन्फ्यूजन सेंटर, रक्तदान केन्द्र आदि में कार्य करने का ज्ञान प्रदान करता है।

इस अवसर पर सीएमपीडीआई के महाप्रबांधक-सह-नोड्ल अधिकारी एस0के0 भगत और एफजीएस की ट्रस्टी नीलोफर आरा के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया। मौके पर सीएमपीडीआई की एचआरडी/सीएसआर टीम और एफजीएस, रांची की टीम भी उपस्थिति रही।

यह आवासीय कौशल विकास कार्यक्रम युवाओं को फ्लेबोटोमी में उनके कौशल को उन्नत करके सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। व्यावहारिक अनुभव और विशेषज्ञता प्राप्त करके, प्रतिभागियों से प्रमाणित फ्लेबोटोमिस्ट के रूप में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में जॉब प्राप्त करने का अवसर मुहैया करा सकता है।

# खेलगांव में होगा सेना भर्ती रैली का आयोजन, संदिग्ध लोगों पर रहेगी कड़ी नजर : उपायुक्त

बिभा संवाददाता



**रांची :** रांची में सेना भर्ती रैली के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए जाएंगे। इस संबंध में सोमवार को जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त, मंजूनाथ भजंत्री ने सेना एवं पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ की बैठक की। समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, सदर उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक (नगर) राजकुमार मेहता, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, उप समाहर्ता नजारत सुदेश कुमार, जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार एवं कर्नल विकास भोला उपस्थित थे।

बैठक में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने खेलगांव में सेना भर्ती रैली के लिए फिजिकल टेस्ट, मेडिकल परीक्षण और दस्तावेजों की जांच के लिए जिला प्रशासन की ओर से भी सभी आवश्यक प्रबंध किए जाने के संबंध में पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने भर्ती रैली स्थल पर पेयजल, शौचालय, बिजली, जलपान, चिकित्सा सुविधा, परिवहन सुविधा, पार्किंग, टेंट और अन्य आवश्यक प्रबंध के लिए संबंधित पदाधिकारी को ससमय पूरी तैयारी सुनिश्चित करने को कहा।

रैली स्थल पर पात्र उम्मीदवारों की मैदान में एंट्री सुबह 3-4 बजे शुरू हो जाएगी। जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि सभी विभाग इसके अनुसार तैयारी करें। बैठक में रैली से संबंधित अन्य मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा की गई, जिस पर अन्य अधिकारियों ने भी विभिन्न प्रबंधों पर महत्वपूर्ण सुझाव रखे।

जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि भर्ती रैली के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा अपनी शारीरिक क्षमता एवं प्रदर्शन बढ़ाने वाली दवाइयों के प्रयोग और रैली स्थल के आस-पास संदिग्ध लोगों पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि शारीरिक क्षमता एवं प्रदर्शन बढ़ाने वाली दवाइयों के दुरुपयोग की जांच के लिए अभ्यर्थियों का डोप टेस्ट होगा। इसलिए, सभी अभ्यर्थी इन दवाइयों के प्रयोग से बचें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इसके प्रति युवाओं तथा केमिस्टों को आगाह करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को भर्ती के नाम पर झांसा या प्रलोभन देने वाले संदिग्ध लोगों पर नजर रखने के लिए खुफिया एजेंसियां भी अलर्ट पर रहेंगी।

# सीएमपीडीआई परिसर में एनसीओईए ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन



बिभा संवाददाता

**रांची :** सीएमपीडीआई के परिसर में एनसीओईए (सीटू) द्वारा पूरे धूमधाम एवं उल्लासपूर्वक होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर जेबीसीसीआई के सदस्य एवं सीएमपीएफ के बोर्ड ऑफ ट्रस्टी डी0डी0 रामानंदन, जेबीसीसीआई के स्टैंडर्डराइजेशन कमेटि के सदस्य एवं एनसीओईए (सीटू) के महामंत्री आर0पी0 सिंह, अध्यक्ष समीर विश्वास, कार्यकारी अध्यक्ष निताय घोष तथा शाखा सचिव प्रलय भट्टाचार्यी ने सभी कोयला कर्मियों को उमंग एवं उत्साह का पर्व होली की हार्दिक बधाई दी और कहा कि आप सभी लोग अपने परिवार जनों के साथ खुशीपूर्वक होली पर्व का आनंद उठाएं।

इस मौके पर सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार, निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी/आरडीएंडटी) अजय कुमार, महाप्रबंधक (तकनीकी/जनसम्पर्क) संजय कुमार दुबे, क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची के क्षेत्रीय निदेशक कंचन सिन्हा, महाप्रबंधक (कार्मिक/प्रशाशन) संजय कडम्बार, महाप्रबंधक (वित्त) सुदीप दासगुप्ता सहित अन्य महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षगण, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) के तकनीकी सचिव उमाशंकर सिंह, क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के एनसीओईए के शाखा के अध्यक्ष सुभाशीष बनर्जी एवं सचिव विनोद कुमार सिंह, बम बम झा, रोहित सिंह, राजेश कुमार सिन्हा, तपन डे, दीपांकर कुँवर, नरेन्द्र सिंह, राम प्रसाद मैती, गीता देवी, साजिदा खातून, सोनिया दास एवं विनीता केरकेट्टा सहित बड़ी संख्या में सीएमपीडीआई एवं सीसीएल कर्मी इस समारोह में हिस्सा लिया।

# संक्षिप्त खबरें

## ऑपरेशन अमानत के तहत बोकारो आरपीएफ ने पश्चिम बंगाल की नाबालिग लड़की का किया रेस्क्यू



**बोकारो(बिभा) :** बोकारो रेलवे स्टेशन पर रात्रि ड्यूटी के समय रात के करीब 12:30 बजे एक नाबालिक लड़की को नीले रंग के बैकपैक के साथ प्लेटफार्म संख्या एक के प्रवेश द्वार के पास संदिग्ध अवस्था में अकेली बैठी दिखाई दी। ड्यूटी पर तैनात एसआई अरुणा उरांव, सीटी अनुज कुमार, सीटी आर.एल. चौहान और एलसी मनीषा कुमारी ऑपरेशन अमानत के तहत नियमित चेकिंग के दौरान जांच कर रहे थे । उसी वक्त 17 वर्ष की एक नाबालिक लड़की को प्लेटफार्म संख्या एक के प्रवेश द्वार के पास अकेली बैठी दिखाई पूछताछ पर नाबालिक लड़की ने अपना नाम और पता- राधा कुमारी ब्यूटी, उम्र- 17 वर्ष, बेटी- ददन साह, गांव-काशीपुर, थाना-जयपुर, जिला- पुरुलिया (पश्चिम बंगाल)। की रहने वाली बताई। इसके अलावा उसने बताया कि वह बनारस जाने के लिए अपने घर में बिना किसी को सूचना दिए ही घर से भाग कर वह बोकारो स्टेशन आ गई थी। बोकारो आरपीएफ द्वारा जब उसकी बैग की जांच की गई तो उसमें से पुराने कपड़े ,एक रेडमी 6 ए मोबाइल फोन, नगद लगभग 2650 रुपए और बोकारो से बनारस जाने तक का एक सामान्य यात्रा टिकट मिला। मामले के गंभीरता को देखते हुए उक्त लड़की को उसके नीले रंग के बैक पैक और समान के साथ उसकी सुरक्षित अभिरक्षा और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए चाइल्ड हेल्प डेस्क के को सौंप दिया गया है।

## सावित्रीबाई फुले 128वां पुण्यतिथि मनाई गई



**बोकारो(बिभा) :** पारिवारिक सहायता केंद्र के तत्वाधान में आज विस्थापित चौक सेक्टर 8 सी बोकारो इस्पात नगर में माता सावित्रीबाई फुले की 128 वां पुण्यतिथि कार्यक्रम मदन मोहन महतो के अध्यक्षता एवं जयप्रकाश महतो के संचालन में संपन्न हुए कार्यक्रम में सर्वप्रथम माता सावित्रीबाई फुले के तस्वीर में पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए पुष्पांजलि दी गई तथा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मदन मोहन महतो ने कहा पितृ सत्तात्मक समाज में बालिकाओं महिलाओं के सामाजिक उत्थान हेतु संघर्ष के साथ शिक्षा का अलख जगाने वाली कवियत्री महान समाजसेवी ने रूढ़िवादी अंधविश्वास पाखंडवाद ऊंच -नीच, भेदभाव के खिलाफ महिलाओं को जागरुक करते हुए शिक्षित करने के लिए दर्जनों विद्यालय का निर्माण कर समाज में शैक्षणिक एवं सामाजिक क्रांति का आगाज माता सावित्रीबाई फुले एवं ज्योतिबा फुले ने किया। गुलाम भारत के प्रथम महिला शिक्षिका बनने का गौरव तथा मुस्लिम महिलाओं में प्रथम शिक्षिका फातिमा शेख का नाम भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से लिखा जाना चाहिए। वर्तमान दौर में महिलाओं द्वारा हर क्षेत्र में क्रांति के साथ शीर्ष पदों पर आसीन होने का श्रेय माता सावित्रीबाई फुले एवं फातिमा शेख जी को जाता है पारिवारिक सहायता केंद्र, केंद्र सरकार से मांग करती है को भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से माता सावित्रीबाई फुले एवं शेख फातिमा को सम्मानित करें । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरयू राम समरेश कुमार महतो अरविंद राम राजकुमार उर्फ करीमन देवरंजन कुमार सत्येंद्र कुमार मनोज कुमार जयप्रकाश कुमार शंकर कुमार अजीत कुमार सुधीर कुमार रिजवान अंसारी नरेश ठाकुर सुरेश प्रसाद महतो उपस्थित थे ।

## सिटी पार्क में विप्र होली मिलन समारोह सह स्थापना दिवस 12 मार्च को



**बोकारो(बिभा) :** सोमवार को संध्या समय संपूर्ण विप्र समाज, बोकारो जिला द्वारा स्थानीय सिटी पार्क के पास आयोजित प्रेसवार्ता में समाज के जिला महासचिव श्रवण कुमार झा ने जानकारी दी कि 12 मार्च 2025, बुधवार को संध्या 4.30 बजे से बोकारो के सिटी पार्क में पश्चिमी गेट की तरफ (पूर्व में आयोजित होने वाले वसंत मेला स्थल पर) आयोजित होने वाले ₹विप्र होली मिलन समारोह सह स्थापना दिवस₹ को लेकर विप्रगणों में भारी उत्साह है तथा इसे भव्य एवं यादगार बनाने के लिए सारी तैयारियां पूरे जोरशोर से पूरी की जा रही हैं। बोकारो में विप्र होली मिलन समारोह दो दशकों से भी अधिक समय से लगातार आयोजित किया जा रहा है जिसमें पूरे प्रदेश से अनेकों विप्रश्रेष्ठ उपस्थित होते हैं। इस वर्ष इस समारोह में मुख्य रूप से पूर्व सांसद यदुनाथ पाण्डेय एवं पूर्व सांसद चन्द्रशेखर दुबे सहित अनेकों विप्र श्रेष्ठ उपस्थित रहेंगे ' पूर्व सांसद रविंद्र पांडे के सम्मिलित होने की संभावना है तथा इसमें पूरे झारखंड प्रदेश से काफी संख्या में विप्रगण पहुंच रहे हैं। आगे जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि इस समारोह का शुभारंभ आराध्यदेव भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना और एवं वेद मंत्रों से की जाएगी तथा पूरे विश्व के कल्याण एवं शांति हेतु प्रार्थना की जाएगी। मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, होली गायन तथा समाज की भावी योजनाओं पर चिंतन के साथ ही इस समारोह का मुख्य आकर्षण फूलों से खेली जाने वाली होली होगी। प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से शशि भूषण ओझा 'मुकुल', मृणाल कांत चौबे, दिवाकर दुबे, वीरेंद्र कुमार चौबे, संजय पांडे, मृणाल मनीष पांडे, अरुण कुमार पाठक, ब्रजेश रंजन मिश्रा (सपु जी), अर्चना चौबे, मिली चौबे, शिवजी ओझा, विजयकांत तिवारी, अनुराग मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## राजपूत समाज ने विशाल कुमार को किया सम्मानित



**बोकारो(बिभा) :** बोकारो धनबाद क्षेत्रीय राजपूत समाज जोन चार मोहाल के सदस्य समर कुमार सिंह के पुत्र विशाल कुमार सिंह का जेएस एससी आईटीआई शिक्षक में चयनित होने पर केन्द्रिय कार्यकारी अध्यक्ष सुरेन्द्र नाथ सिंह के नेतृत्व में बुके भेट व उपहार देकर सम्मानित किया। बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना किया। कहा विशाल कुमार सिंह ने गाँव परिवार व समाज का मान सम्मान को बढाया है। इस अवसर पर केन्द्रिय कार्यकारी अध्यक्ष सुरेन्द्र नाथ सिंह, केन्द्रिय प्रवक्ता राधेश्याम सिंह, संगठन मंत्री रधुनाथ सिंह, निमाई चन्द राय, जोनल अध्यक्ष उमेश कुमार सिंह, बासुदेव सिंह, चुनमुन सिंह व ग्रामीण कुटुबं उपस्थित थे। इधर विशाल कुमार सिंह को नव युवक कला मंच मोहाल अध्यक्ष मानिक सिंह , साधन कुमार, व सदस्यों ने भी बधाई दिया है।

# बोकारो के जैप 4 में अधिष्ठापन प्रशिक्षण के समापन पर भव्य विदाई समारोह का आयोजन, प्रशिक्षुओं को दी गई शुभकामनाएं

### 349 प्रशिक्षुओं को किया गया पुरस्कृत

बिभा संवाददाता





**बोकारो :** झारखण्ड सशस्त्र पुलिस-4, बोकारो में हवलदार से अनि० (स) के पद पर प्रोन्नति हेतु संचालित अधिष्ठापन प्रशिक्षण 3 दिसंबर से 8 मार्च तक इस वाहिनी में संचालित कराया गया। प्रशिक्षण समाप्ति के पश्चात प्रशिक्षुओं का विदाई समारोह सभा का आयोजन किया गया साथ ही बड़ा खाना का प्रोग्राम की व्यवस्था की गई। यह पूरा कार्यक्रम मुख्य अतिथि श्री मुकेश कुमार, समादेष्टा, रा०औ० सु०बल-सह- झा०स०पु०-4, बोकारों की गरिमामयी उपस्थिति में की गई। प्रशिक्षण समाप्ति के पश्चात इस वाहिनी में अनुदेशक कार्य हेतु प्रतिनियुक्त कर्मियों के संबंध में प्रशिक्षुओं का एक फीडबैक लिया गया। जिसमें प्रशिक्षुओं द्वारा आरक्षी 695 अजीत कुमार सिंह को प्रथम, हवलदार चन्देश्वर सिंह को द्वितीय एवं आरक्षी-135 विकास कुमार मोहली को तृतीय स्थान देते हुए चयन किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा चयनित सभी अनुदेशकों को नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया। साथ ही सी०आई०ए०टी०, पदमा से प्रतिनियुक्त सैप के सेवानिवृत सूबेदार एवं अनुदेशकों को प्रशस्ति पत्र दिया। श्री मुकेश द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षण सभी प्रशिक्षओं का काफी सराहनीय अनुशासन रहा, उनके काफी कडी मेहनत, लगन से पूरा प्रशिक्षण किया गया है। इसके लिए सभी प्रशिक्षुओं को बधाई दी गई एवं कुल 349 प्रशिक्षुओं को 500/- (पाँच सौ रुपए) नगद राशि से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई। बता दें कि श्री मुकेश कुमार वर्तमान में झा०स०पु०-३, गोविन्दपुर, धनबाद में संचालित आई०आर०बी० एस०आई०आर०बी० के बुनियादि प्रशिक्षण समाप्ति के पश्चात परीक्षा हेतु केन्द्राधीक्षक मुख्य परीक्षक के रूप में धनबाद जिला में प्रतिनियुक्त हैं। अपने व्यस्तम कार्यक्रम के बावजूद भी इनके द्वारा दिये गये दिशा निर्देश पर वाहिनी में भव्य विदाई सभा समारोह का आयोजन किया गया। सैप सूबेदार तारा सिंह के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इस अवसर पर जैप 4, बोकारो एवं राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल के लगभग 1000 की संख्या में पुलिस पदाधिकारी ,कर्मी उपस्थित रहें।

# बोकारो जनरल अस्पताल के डीएनबी गर्ल्स हॉस्टल में महिला डॉक्टर का मिला शव

बिभा संवाददाता





बोकारो : बोकारो जनरल अस्पताल के डीएनबी गर्ल्स हॉस्टल में 29 वर्षीय महिला डॉक्टर आर्य झा का शव फंदे से लटका हुआ पाया गया। यह घटना रविवार रात की है। सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सेक्टर 4 थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच मे जुट गई ' पुलिस के अनुसार, मृतका ने 28 फरवरी को बोकारो जनरल अस्पताल में डीएनबी गाइनेकोलॉजिस्ट में दाखिला लिया था।

मृतका की रूम पार्टनर जब ड्यूटी खत्म कर वापस लौटी, तो उसने देखा कि कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी समय तक खटखटाने के बाद दरवाजा नहीं खुलने पर उसने हॉस्टल के अन्य डॉक्टरों को सूचित किया। जब दरवाजा धक्का देकर खोला गया, तो महिला डॉक्टर का शव फंदे से लटका हुआ पाया गया। कमरे से सुसाइड नोट भी मिला जिसमें लिखा हुआ था कि यह कोर्स मुझे नहीं करना है और मुझे मन नहीं लग रहा है

मृतका ने सुबह की कैजुअल्टी में ड्यूटी की थी, और यह घटना हॉस्टल के ग्राउंड फ्लोर पर स्थित उसके कमरे में हुई। सूचना मिलने पर बीजीएच के वरिष्ठ डॉक्टर भी मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। मृतका समस्तीपुर की निवासी थी।

मृतका के परिवार वाले शादी समारोह में हाजीपुर गए हुए थे, जहां उन्हें रात 10:30 बजे घटना की जानकारी मिली। मृतका के नाना ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि डॉक्टर आर्य झा का स्वभाव बहुत शांत था और उसने कभी किसी प्रकार की शिकायत नहीं की थी। पुलिस इस मामले की विस्तृत जांच कर रही है, पुलिस ने बॉडी को लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं।

# सीआईएसएफ का 56वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

### स्थापना दिवस पर 'सुरक्षित तट, समृद्ध भारत' की थीम पर जोर दिया गया

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** बोकारो मे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) का 56 वां स्थापना दिवस बोकारो स्टील प्लांट में धूमधाम से मनाया गया। हर साल 10 मार्च को मनाए जाने वाला यह दिन 1969 में सीआईएसएफ की स्थापना की याद दिलाता है, जब इसे पहले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की सुरक्षा के लिए गठित किया गया था। सीआईएसएफ ने समय के साथ अपनी भूमिका का विस्तार किया है और आज यह देशभर के हवाई अड्डों, बंदरगाहों, मेट्रो स्टेशनों, और महत्वपूर्ण औद्योगिक इकाइयों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। सीआईएसएफ का उद्देश्य न केवल बुनियादी ढांचे की सुरक्षा करना है, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा और देश की आर्थिक संपत्ति की रक्षा भी करना है। इस साल की स्थापना दिवस की थीम सुरक्षित तट, समृद्ध भारत रखी गई है, जो तटीय सुरक्षा और समृद्ध राष्ट्र की दिशा में सीआईएसएफ की भूमिका को उजागर करती है। बोकारो स्टील प्लांट में सीआईएसएफ की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण रही है। यह ऐसा संयंत्र है जो बिना सीआईएसएफ के अधूरा सा प्रतीत होता है, क्योंकि सीआईएसएफ के कर्मी इस प्लांट की सुरक्षा के साथ-साथ इसके सही संचालन को सुनिश्चित करते हैं। इस दिन पर सीआईएसएफ के कर्मियों के समर्पण और बलिदान का सम्मान किया जाता है और उनके कार्यों को सराहा जाता है।

# बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन का एकदिवसीय सम्मेलन, मजदूरों के हितों की रक्षा पर जोर

बिभा संवाददाता



बोकारो : बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन का एकदिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज सिटी पार्क बोकारो में सम्पन्न हुआ मंच का संचालन राम कुमार मिश्रा एवं धनंजय फौलाद ने किया। इस कार्यक्रम में यूनियन के महामंत्री चन्द्रशेखर दुबे(ददई दुबे) ने कहा कि बोकारो स्टील प्लांट के स्थाई एवं अस्थाई कर्मचारियों का अब नहीं होगा शोषण इसके लिए क्रम वध आंदोलन की शुरूआत हो चुकी है प्रबंधन को सचेत हो जाना चाहिए। इंटक नेता ललन चौबे ने केंद्र सरकार के मजदूर विरोधी नीतियों की जम कर आलोचना किया। इंटक बोकारो जिला अध्यक्ष असंगठित क्षेत्र के अध्यक्ष रघुनाथ महतो ने कहा कि अब मजदूरों का शोषण बर्दाश्त करने लायक नहीं है जल्द ही आने वाले समय में प्लांट के अंदर हो या बाहर हो सभी जगह पर मजदूरों को एकत्रित करके उनके समस्याओं से अवगत होकर जोरदार आंदोलन करने की रणनीति तैयार करेंगे। प्रबंधन और ठेकेदार जो मनमानी तरीके से मजदूरों का शोषण कर रहे हैं उसे निजात दिलाया जाएगा ठेका। मजदूरों का जो न्यूनतम मजदूरी मिलनी चाहिए उस पर कहीं कटौती नहीं करने दिया जाएगा। मजदूर अपने अधिकार की रक्षा करने के लिए आगे आए ताकि आपको अधिकार मिल सके। इसके लिए सभी कोई संकल्प के साथ आगे बढ़े,और मैं प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहना चाहता हूं की मजदूरों का जो भी वाजिफ है उस पर विचार करें अन्यथा परिणाम भुगतने को तैयार रहे।

इस सम्मेलन में प्रबंधन की ओर से मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन)हरिमोहन झा, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) प्रभारी बी एम बख्शी,महाप्रबंधक (मानव संसाधन) सुशांत शिशिर, शहाबुद्दीन, नगर सेवा के महाप्रबंधक ए के सिंह ,जितेंद्र कुमार कोक ओवन के महाप्रबंधक पूर्ति एवं यूनियन के तरफ से अध्यक्ष श्री कमल रंजन दुबे, प्रभारी महामंत्री श्री दीनानाथ पाण्डेय उपाध्यक्ष जगदीश पाण्डेय, आर सी एम एस के इस्राफील अंसारी,रघुनाथ महतो,अजय चौबे,मोहन दुबे ,सरफराज चिस्ती, संयुक्त महामंत्री गोपाल ठाकुर, सहायक संयुक्त महामंत्री मिराजुद्दीन अंसारी, सचिव संतोष राय, संतोष कुमार सिंह, नईम अख्तर, कुमार सानू,अजय त्रिवेदी,मनीष मिश्रा,गणेश साव,ए आर अंसारी, उमेश कुमार मेहरा, उत्तम मंडल, सूरज मिश्रा, अजय कुमार, वी सेन,अशोक कुमार, सदकात अंसारी, माइंस से कामदेव मिश्रा,जय सिंह ,अंजनी सिंह के संजय कुमार ठाकुर, संजीत कुमार हेंब्रम, रिजवान अंसारी, सूरज प्रसाद, शिल्पी देवी, शीला देवी पद्मावती देवी, संगीता कुमारी, विनोद कुमार,अलावे सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे ।

### होली मिलन समारोह में निवर्तमान विधायक बिरंची नारायण ने दिया सामाजिक समरसता का संदेश, होली के अवसर पर लोगों से की अपील

# हर्बल रंग और गुलाल से मनाएं होली

बिभा संवाददाता



बोकारो : रंगों के त्योहार होली को लेकर चारों तरफ चहल पहल दिखने लगी है. इसी कड़ी में सेक्टर 1 मे बोकारो निवर्तमान विधायक बिरंची नारायण के आवास होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इस दौरान निवर्तमान विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि होली का त्योहार आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश देता है. हमें रंगों के इस पर्व को मिल-जुलकर मनाना चाहिए. उन्होंने कहा कि होली के त्योहार पर सभी को परस्पर प्रेम एवं सद्भावना का परिचय देना चाहिए.रंगों की तरह आपस में मिल कर रहने का संदेश देती है होली मिलन समारोह का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है. ताकि आपसी भाई चारा कायम रहे. उन्होंने बताया कि यह हमारी संस्कृति की पहचान है. आनंद के साथ होली मना कर भारतीय संस्कृति को कायम रखने का प्रयास किया जाता है.

होली आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द व एकता का त्योहार है. इस त्योहार को बिना किसी भेदभाव के मनाना चाहिए. किसी प्रकार का हुड़दंग नहीं करना चाहिए और न किसी को जबरन रंग लगाना चाहिए. हर्बल रंग और गुलाल से होली खेलने के लोगों से की अपील कि होली हमें देश की सभ्यता और संस्कृति को जीवंत रखने का भी संदेश देता है. होली का पर्व यह संदेश देता है कि हम सभी को रंगों की तरह ही आपस में मिलजुल कर रहना चाहिए. इसे सामाजिक समरसता बरकरार रहता है. लोगों को केमिकल युक्त रंगों से परहेज करने की सलाह दी. इससे चेहरे को नुकसान हो सकता है. इसलिए हर्बल रंग और गुलाल से होली खेलने की लोगों से अपील की. इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष जयदेव राय, संजय त्यागी, भरत यादव, कमलेश राय, आदि मौजूद रहे।

## बीएसएल कर्मचारियों के लिए ईपीएफओ उच्च पेंशन योजना के तहत डिमांड लेटर डाउनलोड लिंक उपलब्ध

**बोकारो(बिभा) :** बीएसएल के ऑन-रोल कर्मचारियों जिन्होंने पहले कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की उच्च पेंशन योजना के तहत आवेदन किया था, उनके लिए अब ईपीएफओ द्वारा डिमांड लेटर जारी किए जा रहे हैं. कर्मचारी अपना डिमांड लेटर http://edesk.sailbsl.in पोर्टल पर लॉगिन करके डाउनलोड कर सकते हैं, जो किसी भी स्थान से सुलभ है. ईपीएफओ पोर्टल पर डिमांड लेटर की डाउनलोड की सुविधा प्रत्येक माह की 1 तारीख से 16 तारीख तक उपलब्ध रहेगी. सेवानिवृत कर्मचारी sahyog.bokarosteel.in पोर्टल से अपना डिमांड लेटर डाउनलोड करने के बाद उसमें उल्लिखित जानकारी का सावधानीपूर्वक अवलोकन कर उसमें उल्लेखित निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद डिमांड लेटर के साथ चेक या डिमांड ड्राफ्ट सहित सभी संबंधित दस्तावेज बीएसएल के नोडल अधिकारी (हायर पेंशन) के कार्यालय में जमा कर सकते हैं. बीएसएल के ऑन रोल कर्मचारी उच्च पेंशन के लिए ईपीएफओ द्वारा जारी किए गए अपने मांग पत्रों तक पहुंचने के लिए edesk.sailbsl.in पर लॉग इन करके अपने विकल्प का उपयोग करने के लिए आगे बढ़ सकते हैं. कर्मचारी किसी भी सहायता के लिए ईपीएफओ की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध दिशानिर्देशों का पालन कर सकते हैं या बोकारो स्टील प्लांट के संबंधित विभाग से संपर्क कर सकते हैं.

# उन्नति फाउंडेशन ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सह होली मिलन समारोह का किया आयोजन

बिभा संवाददाता




**बोकारो :** उन्नति फाउंडेशन के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सह होली मिलन समारोह मिलन मंडप सेक्टर 4 में मनाया गया जिसमे मुख्य अतिथि सावित्री देवी धनबाद सांसद ढुल्लू महतो जी की धर्मपत्नी, धनबाद विधायक राज सिन्हा जी उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलित करके की गई संस्था के महिलाओं ने लोक संगीत, संस्था के सदस्य द्वारा नृत्य प्रस्तुति की गई गुलाल खेल कर एक दूसरे को बधाई दी।

तू अबला नादान नहीं हैं
दबी हुई पहचान नहीं है
तू स्वाभिमान से जीती है
रखती तू अपने अंदर खुद्दारी
तू नई दुनिया रचने वाली नारी।

मुख्य अतिथि द्वारा लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकार बंधुओं को इस शुभ अवसर पर सम्मानित किया गया साथ ही साथ दिव्यांग गायक जो अपनी रोजी रोटी के लिए लोगो को गाना सुनाकर अपनी पेट भरता उस दिव्यांग गायक को संस्था द्वारा सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि सावित्री देवी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सम्मान देना है। महिलाओं ने इतिहास में हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ी है, चाहे वह शिक्षा हो, राजनीति हो, विज्ञान हो या खेल का मैदान। धनबाद विधायक राज सिन्हा जी ने कहा की महिलाएं आज के समय पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। कला से लेकर खेल, बिजनेस और साइंस से लेकर टेक्नोलॉजी तक हर क्षेत्र में महिलाएं कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं। ऐसे में समाज में उनकी इसी योगदान और साहस को रेखांकित करने के लिए हर साल आठ मार्च को विमेंस डे मनाया जाता है।

सावित्री देवी जी ने कहा किआज हम सब यहां अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इकट्ठा हुए हैं। यह दिन न केवल महिलाओं के संघर्ष, उपलब्धियों और योगदान को पहचानने के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह हमें यह सोचने पर भी मजबूर करता है कि हमें महिला सशक्तिकरण को लेकर कई सारे कदम उठाने की जरूरत है।

उन्नति फाउंडेशन की संस्थापक अर्चना सिंह ने महिला दिवस के अवसर पर सभी महिलाओं को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति फाउंडेशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस साथ ही साथ होली मिलन समारोह भी मनाया जा रहा। अतिथिगण में उपस्थित संगीता कुमारी, चंद्रिमा रे ,अन्नू मिश्रा, सपना नंदन ,नेहा द्विवेदी, सोमा, अर्चना सिंह ,मिली मनी, जया सरकार ,सुलेखा कुमारी उमा त्रेहान, अनीता झा ,रश्मि शर्मा ,सरिता पुरोहित , रत्ना ,बबली, प्रीति प्रिया, पूजा ,मौसमी, मोना, सुमन, संध्या जायसवाल , सीमा बरनवाल,रूपम , मंदोदरी, ललिता जी, नीतू ,अंजलि, बसंती शर्मा, इंदु प्रिया, अंजू, नीलू मिश्रा, रजनी, ,शोभा सिंह, रूमा, मौसमी, योगिता बैंडवाल यशोदा , माधुरी सिंह, मनोरमा, संजुक्ता ,साधना ,दीपमाला, कृष्णा , अनन्या,अर्चना ,किशु, निरुपमा, सुधा पांडे ,अनीता पांडे सुनीला सिंह,संगीता, इत्यादि महिलाएं मौजूद रही।

# संक्षिप्त खबरें

## हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक ने होली के रंगों को लेकर आम जन से की अपील, मिलावटी रंगों से परहेज करने का दिया संदेश



**हजारीबाग(बिभा):** होली के पावन पर्व के अवसर पर हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने आम जनता से अपील की है कि वे इस होली के दौरान मिलावटी और हानिकारक रंगों के प्रयोग से परहेज करें। उन्होंने कहा कि रंगों का यह त्योहार खुशियों, सौहार्द्र और भाईचारे का प्रतीक है, और हमें चाहिए कि हम इसे सुरक्षित और स्वस्थ तरीके से मनाएं।श्री जैन ने विशेष रूप से लोगों से अनुरोध किया कि वे प्राकृतिक और हर्बल रंगों का प्रयोग करें, जिससे न केवल उनकी त्वचा और स्वास्थ्य सुरक्षित रहेगा, बल्कि पर्यावरण भी प्रदूषण मुक्त रहेगा। उन्होंने कहा कि बाजारों में बिकने वाले कई रंगों में हानिकारक रसायन होते हैं, जो त्वचा, आंखों और स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकते हैं। हम सभी का कर्तव्य है कि हम एक-दूसरे की खुशी और सुरक्षा का ध्यान रखें। त्योहार का असली आनंद तब है जब सभी लोग सुरक्षित और खुश रहें। कृपया मिलावटी रंगों से परहेज करें और सुरक्षित तरीके से होली का आनंद लें,₹ श्री जैन ने कहा। उन्होंने यह भी कहा कि होली के दिन पानी की बबार्दी न करें और पर्यावरण के प्रति जागरूक बनें। सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि यह त्योहार सबके जीवन में नई खुशियां और रंग भर दे !हजारीबाग यूथ विंग परिवार की ओर से सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं।

## भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने शहीद कैप्टन सरदार करमजीत सिंह के शोक संतप्त परिवार से मिलकर शोक संवेदना की व्यक्त




**हजारीबाग(बिभा):** शहर के जुल्लु पार्क स्थित हजारीबाग के वीर सपूत शहीद कैप्टन सरदार करमजीत सिंह बक्शी के आवास पर जाकर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने सोमवार को शोक संतप्त परिवार से मिली। इस अवसर पर शोक संवेदना व्यक्त की। शोक संतप्त परिवार को हौसला एवं ढाढस बंधाया। इस मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि हजारीबाग में उस समय उपस्थित ना रहने पर मुझे बहुत ही खेद है। शोक संतप्त परिवार से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। हजारीबाग के लिए अपूर्णीय क्षति है। सर्वोच्च बलिदान का गर्व भी है और दुख भी है। देश के प्रति इनकी अद्भुत साहस एवं वीरता को नमन करती हूँ। देश के लिए अपनी जिम्मेदारी और कर्तव्य को तत्परता से अनुपालन किया। देश की रक्षा के लिए कुबार्नी देना बहुत ही सौभाग्य की बात होती है। उन्होंने कहा कि शहीद कैप्टन सरदार करमजीत सिंह बक्शी का पराक्रम एवं वीरता सदैव स्मरणीय रहेगा।

## सावित्रीबाई फुले के पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ ने दी श्रद्धांजलि



**हजारीबाग(बिभा) :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम मे जिला कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सावित्रीबाई फुले की 128 वीं पुण्यतिथि उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ज्ञानी प्रसाद मेहता ने की । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र यादव व विशिष्ठ अतिथि दिगंबर मेहता थे । साथ ही संचालन जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान तथा धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ कांग्रेसी मिथिलेश दुबे ने किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि इनका जन्म 03 जनवरी 1831 को हुआ था । इनका बाल विवाह 1841 को महान समाज सुधारक ज्योतिराव फुले से हुआ था । सावित्रीबाई फुले भारत के प्रथम बालिका विद्यालय की पहली प्रधानाध्यापिक और किसान स्कूल की संस्थापक थी । कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक दिगम्बर प्रसाद मेहता ने कहा कि सावित्रीबाई फुले द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए दिखाए गए मार्ग का अनुसरण सभी को अपने सच्चे मन, आत्मा और भावना से करनी चाहिए । उन्होंने महिलाओं के लिए समानता की लड़ाई लड़ी । सामाजिक सुधारों की उनकी सोच शिक्षा और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण से जुड़ी हुई है । कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी राजू चौरसिया महिला कांग्रेस अध्यक्ष बेबी देवी, सेवादल अध्यक्ष गुड्डु सिंह अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान, रिंकू कुमार, सुनिल अग्रवाल सलीम रजा, दिलीप कुमार रवि, ऐके सुल्तान, परवेज अहमद, विजय कुमार सिंह, सदरूल होदा, अनिल भुईयां, मनोज मेहता, सतीश प्रसाद मोहता, नागेश्वर मेहता, दिनेश मेहता, राजेश कुमार मेहता, सैयद अशरफ अली, नरेश प्रसाद मेहता, बंसत प्रसाद मेहता, मो. रब्बनी के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

## मिशन हॉस्पिटल में जननी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना तहत मुफ्त मां एवं बच्चे की स्वास्थ्य देखभाल हेतु अनूठी पहल



**हजारीबाग(बिभा):** हजारीबाग मिशन रोड रविन्द्र पथ अवस्थित श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के सहयोग द्वारा संचालित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल में दिन सोमवार को जननी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना मां एवं बच्चे की मुफ्त स्वास्थ्य देखभाल एवं मुफ्त डिलिवरी हेतु अनूठी पहल पर प्रेसवार्ता का आयोजित की गई। बिना मूल्य अमूल्य जीवन योजना के तहत सामान्य डिलीवरी मुफ्त, सीजेरियन ऑपरेशन मुफ्त, बेड चार्ज, दवाई, नर्सिंग चार्ज एवं पैथोलॉजी बिल्कुल मुफ्त होगा। इसके साथ गर्भावस्था में हर महीने मुफ्त चिकित्सा परामर्श बिलकुल मुफ्त प्रदान किया जाएगा। इस योजना से लाभ लेने के लिए पूर्व एक हजार का पंजीकरण करना होगा। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष सह मिशन होस्पिटल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि नारी शक्ति का सम्मान एवं देखभाल प्रदान करना हम सभी का कर्तव्य है। मिशन होस्पिटल परिवार जन सरोकार से जुडकर जननी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत बिना मूल्य अमूल्य जीवन योजना की शुरूआत की गई है। जिसमें निशुल्क मां एवं बच्चे की उत्तम स्वास्थ्य देखभाल प्रदान किया जाएगा। मात्र 01 हजार के न्युनतम रेजिस्ट्रेशन पर मुफ्त डिलिवरी एवं स्वास्थ्य देखभाल प्रदान होगा। इसके साथ ही सुकन्या योजना के तहत लडकियों को 18 वर्ष तक एवं बालक योजना के तहत लडका का 05 वर्ष तक मुफ्त इलाज किया जाएगा। उन्होंने प्रेसवार्ता को संबोधित कर कहा कि उत्तम स्वास्थ्य की देखभाल एवं सेवा प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है।

### हजारीबाग प्रेस क्लब का 'झकझोर होली मिलन समारोह' भव्य रूप से संपन्न

# रंग बरसे भीगे चुनर वाली... की धुन पर झूमा हजारीबाग प्रेस क्लब

बिभा संवाददाता




**हजारीबाग:** हजारीबाग प्रेस क्लब द्वारा आयोजित 'झकझोर होली मिलन समारोह' रंगों, उमंग और उत्साह के रंग में सराबोर होकर भव्य रूप से संपन्न हुआ। हजारीबाग प्रेस क्लब सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पत्रकारों ने हिस्सा लिया।समारोह का आगाज परंपरागत वाद्य यंत्रों जैसे ढोल, मंजीरा, शहनाई की मधुर धुन के साथ हुआ। इन पारंपरिक धुनों ने समारोह में उत्साह का रंग घोल दिया। उपस्थित लोगों ने रंग बरसे, बलम पिचकारी और होली के दिन दिल खिल जाते हैं जैसे लोकप्रिय गीतों पर थिरकते हुए खूब आनंद लिया। होली मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। पारंपरिक होली गीतों पर आधारित शानदार प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। विशेष रूप से प्रस्तुत कविताएं, हास्य-व्यंग्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया।इस अवसर पर झारखंडी व्यंजनों का विशेष प्रबंध किया गया था, जिसमें बर्रा, धुस्का, मालपुआ सहित अनेक पारंपरिक पकवानों ने लोगों का दिल जीत लिया। व्यंजनों की सुगंध और स्वाद ने आयोजन में उपस्थित हर व्यक्ति को आनंदित कर दिया।समारोह में प्राकृतिक रंगों और गुलाल के साथ होली खेली गई, जहां सभी ने एक-दूसरे को रंग लगाकर शुभकामनाएं दीं। पूरे आयोजन में हंसी-ठिठोली और आपसी सौहार्द का अद्भुत माहौल देखने को मिला। समारोह को सफल बनाने में होली मिलन कमेटी के अध्यक्ष भास्कर उपाध्याय के नेतृत्व में पूरी टीम ने विशेष योगदान दिया। भास्कर उपाध्याय ने कहा की यह आयोजन केवल रंगों का पर्व नहीं है, बल्कि यह दिलों को जोड़ने का एक अनूठा माध्यम भी है। हमारी पूरी टीम ने इस समारोह को यादगार बनाने के लिए कड़ी मेहनत की, ताकि हर व्यक्ति इस अवसर को जीवनभर याद रखे।हजारीबाग प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुरारी सिंह और सचिव विस्मय अलंकार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हजारीबाग प्रेस क्लब भविष्य में भी इसी प्रकार के आयोजन करता रहेगा, ताकि समाज में प्रेम, भाईचारा और सौहार्द का वातावरण बना रहे। झकझोर होली मिलन समारोह न केवल रंगों का उत्सव रहा, बल्कि इसमें प्रेम, एकता और सौहार्द के रंग भी नजर आए, जिसने हजारीबाग की इस होली को यादगार बना दिया।

## झारखंड प्रदेश रौनियार वैश्य महासभा के जिला कार्यकारणी की बैठक सह होली मिलन समारोह धूमधाम से संपन्न

बिभा संवाददाता



**हजारीबाग:** झारखंड प्रदेश रौनियार वैश्य महासभा हजारीबाग जिला का कार्यकारणी का बैठक सह मिलन समारोह भाग्यमणि विवाह मंडप हजारीबाग में जिला अध्यक्ष मनोज नारायण भगत के अध्यक्षता में किया गया और कार्यक्रम का संचालन ओम प्रकाश गुप्ता और धन्यवाद ज्ञापन युवा प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सदस्य रविशंकर गुप्ता ने की । आज सर्वप्रथम रौनियार समाज के पूज्य अंतिम हिंदू सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य महराज की प्रतिमा पर फूल माला चढ़ा कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई । इसके बाद हजारीबाग जिला कार्यकारणी का बैठक संपन्न हुआ ,इस बैठक में मुख्य रूप से समाज की अत्यन्त गरीब बच्ची की शादी में समाज आगे आकर बढ़ चढ़ के मदद करेंगे,अगर समाज के किसी व्यक्ति की मृत्यु होती है तो अधिक से अधिक व्यक्ति शव यात्रा में शामिल हो , प्रत्येक वर्ष हेमू महराज की जयंती धूमधाम से मनाया जाएगा,सभी चटाइयों में आपसी सौहार्द और एकता स्थापित करने के लिए एक कमेटी बनाई जाएगी , हजारीबाग जिला समाज में परिवारवाद,समस्या के समाधान हेतु एक कमेटी बनाई गई । अंत में उपस्थित सभी सदस्यों ने पूरे एकता का परिचय देते हुए समाज के सुख दुःख,या किसी उत्पन्न समस्या में शामिल होने का निश्चय किया । बैठक के बाद जिला के सम्मानित रौनियार भाई बंधु ,सभी चटाइयों के अध्यक्ष और उनकी कमेटी ,युवा अध्यक्ष और उनकी कमेटी,महिला कमेटी के अध्यक्ष और उनकी कमेटी के साथ मिलन समारोह सह प्रीतिभोज में शामिल हुए । कार्यक्रम में लोगों ने एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस दौरान जिला अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है। जो हमें भाईचारे और प्रेम, सौहार्द का संदेश देता है। कार्यक्रम में जमकर अबीर गुलाल उड़े और रौनियार होली के धुन पर जमकर थिरके और लजीज व्यजनों का लुत्फ उठाया । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश महिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रश्मि रानी प्रदेश सचिव श्रीमती प्रभादेवी गुप्ता, हजारीबाग जिला महासचिव पवन कुमार गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता बल्ली ,उपाध्यक्ष लाल नारायण गुप्ता, अविनाश गुप्ता, संजय गुप्ता पगार, राजीव गुप्ता, राजेश गुप्ता बड़कागांव, गुंजन गुप्ता, सोनू गुप्ता, चंदन कुमार गुप्ता केरेडारी,सह कोषाध्यक्ष चंदन गुप्ता संयोजक संजय गुप्ता संजू सहसचिव दिलीप गुप्ता ,कृष्ण गुप्ता बरही अमित गुप्ता सुल्ताना, मदन गुप्ता चौपारण,जिला कार्यकारणी सदस्य बॉबी गुप्ता ग्रिल, चंद्रेश गुप्ता ,विक्की गुप्ता,विकास गुप्ता,उपेंद्र गुप्ता,अनुज रौनियार,राम जी,प्रदीप भगत,महेंद्र गुप्ता ,दीपक गुप्ता,संजय युवा जिला अध्यक्ष बिनोद गुप्ता,नगर अध्यक्ष बबलू गुप्ता,सचिव संजय गुप्ता,उपाध्यक्ष संजय गुप्ता ,उपसचिव अजय गुप्ता,सतीश गुप्ता, कोषाध्यक्ष हिमांशु राजवतार,मीनू गुप्ता डायरेक्टर केडी चिल्ड्रेन स्कूल,शिवशंकर गुप्ता, महेंद्र प्रसाद गुप्ता,प्रकाश गुप्ता,बैजनाथ गुप्ता, विनय गुप्ता,रेणु गुप्ता,रश्मि गुप्ता, रितु गुप्ता,कृष्णा गुप्ता ,राजकुमार गुप्ता,राकेश गुप्ता मुन्ना अशोक गुप्ता,देवकुमार गुप्ता,सोहन लाल गुप्ता,गोपाल गुप्ता, कृष्ण मुरारी गुप्ता,नीलकंठ गुप्ता,अशोक गुप्ता,अजय गुप्ता,विकास गुप्ता,शंकर लाल गुप्ता,शंकर गुप्ता ,रेखा गुप्ता, एडवोकेट पूनम गुप्ता,बिनोद गुप्ता,राजकुमार गुप्ता, गोविंदा गुप्ता,गोलू गुप्ता ,दिनेश नारायण,कृष्णा नारायण,सोनू गुप्ता, मनीषा गुप्ता ,पप्पू गुप्ता ,सुरेश गुप्ता,सक्षम गुप्ता,मनोज गुप्ता, भोला गुप्ता,नवीन गुप्ता,के अलावा सैकड़ों महिला पुरुष रौनियार भाई बंधु और हजारीबाग जिला के सभी प्रखण्ड कमिटी के अधिकारीगण उपस्थित रहे ।

### सदर विधायक ने सदन में युवाओं के रोजगार के मुद्दे पर जोरदार आवाज उठाई

## झारखंड के युवाओं के साथ हो रहा छलावा : प्रदीप प्रसाद

बिभा संवाददाता



**हजारीबाग:** भाजपा से सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड सरकार पर बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ छलावा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार की निष्क्रियता और लचर नीतियों के कारण राज्य के लाखों युवा रोजगार के लिए दर-दर भटक रहे हैं। श्री प्रसाद ने बताया कि झारखंड में अब तक 7,88,522 युवाओं ने रोजगार के लिए पंजीकरण कराया है, लेकिन इनमें से केवल 3,51,953 युवाओं का ही नियोजनालय के जीवित डाटा में नाम दर्ज किया गया है। इसका अर्थ है की आधे से अधिक पंजीकृत युवा अब भी रोजगार के लिए इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि वर्ष 2022-2025 के बीच राज्य सरकार द्वारा आयोजित रोजगार मेलों और भर्ती कैंपों के माध्यम से केवल 37,219 उम्मीदवारों को ही रोजगार दिया गया है। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि सरकार की रोजगार नीति पूरी तरह विफल साबित हुई है। श्री प्रसाद ने कहा कि कई विभागों में वर्षों से रिक्त पद खाली पड़े हैं, लेकिन सरकार इन पदों को भरने के प्रति गंभीर नजर नहीं आ रही है। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि शेष पंजीकृत युवाओं के भविष्य का क्या होगा? क्या सरकार के पास इसका कोई जवाब है? भाजपा विधायक ने सरकार से मांग की है कि वह युवाओं के साथ किए जा रहे इस अन्याय को तुरंत समाप्त करे और रोजगार के लिए ठोस नीति बनाकर योग्य युवाओं को जल्द से जल्द नौकरी दे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भाजपा युवाओं के हक की लड़ाई को मजबूती से लड़ती रहेगी और उनके अधिकार दिलाकर ही दम लेगी।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय ने हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन में शामिल शिक्षकों को उनके बेहतर कार्य के लिए किया सम्मान

बिभा संवाददाता



**हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के मुख्य कैंपस सभागार में रविवार को कार्यक्रम आयोजित कर हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन में शामिल पदाधिकारियों व लगभग 200 शिक्षकों को सम्मानित कर गर्व की अनुभूति की। दरअसल कोचिंग एसोसिएशन में शामिल पदाधिकारियों व शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के साथ साथ सामाजिक कार्यों में बहुमूल्य योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। इससे पूर्व विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जेपी जैन, सचिव डॉ प्रकाश कुमार, उपाध्यक्ष सुदेश कुमार, संरक्षक पंकज ओझा, सहसचिव अखिल कुमार, कोषाध्यक्ष वासुदेव पंडित सहित अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों के हाथों दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। स्वागत संबोधन करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने शिक्षकों को विश्वविद्यालय की गतिविधियों से अवगत कराते हुए कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं कि हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन में शामिल शिक्षक ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को तराश कर सिर्फ मंजिल तक सफर के लिए पथ प्रदर्शित ही नहीं कर रहें हैं बल्कि उन्हें एक बेहतर इंसान भी बना रहें हैं। वहीं कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने शिक्षा के क्षेत्र के साथ साथ सामाजिक कार्यों में भागीदारी के लिए हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन की सराहना की और कहा कि हमसभी का एक ही काम है कि विद्यार्थियों को शिक्षित कर उसे सफल इंसान बनाया जाए।

हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जेपी जैन ने कोचिंग एसोसिएशन के शिक्षकों के सम्मान के लिए आईसेक्ट विश्वविद्यालय के इस कदम को स्वागत योग्य बताया और कहा कि कोचिंग एसोसिएशन हमेशा इस ऐतिहासिक लम्हे को याद रखेगा। कोचिंग एसोसिएशन के सचिव डॉ प्रकाश कुमार ने कहा कि कोचिंग एसोसिएशन अपने शैक्षिक और सामाजिक कार्यों को लेकर लगातार आगे बढ़ रहा है और शिक्षा की बेहतरी के लिए हमेशा कोचिंग एसोसिएशन विश्वविद्यालय के साथ खड़ा है।

## ब्रह्मर्षि समाज, हजारीबाग के होली मिलन समारोह में हुआ खूब होलियाना धमाल

बिभा संवाददाता



**हजारीबाग:** ब्रह्मर्षि समाज, हजारीबाग द्वारा शनिवार को हजारीबाग शहर के रांची पटना- रोड़, उपकार होटल के सामने स्थित प्रोवेश रिसोर्ट परिसर में रंग व राग का रंग- बिरंगा पर्व होली से पूर्व होली मिलन समारोह- 2025 का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें उत्साह से लबरेज ब्रह्मर्षि समाज, हजारीबाग के लोगों ने रंग-गुलाल से सने गाल के साथ पीले अंग-वस्त्र ओढ़े फगुआ गीतों पर जमकर धमाल किया। इस होली मिलन समारोह में जहां उम्र का बंधन टूट गया वहीं ब्रह्मर्षि समाज के हर उम्र के लोगों के साथ कई महिलाओं ने भी शिरकत की। समारोह परिसर रंगों से सराबोर होकर पूरी तरह होलियाना रंग में रंग गया। इस समारोह में विशेष आकर्षक का केंद्र ख्यातिप्राप्त लोकगायिका मनिताश्री और प्रकाश पंडित ने अपने फगुआ गीतों से उपस्थित लोगों को खूब झुमाया और ठुमके लगाने को मजबूर कर दिया। समारोह की शुरूआत मनिताश्री ने सिया निकले अवधवा की ओर होलिया खेले राम लला.. गीत से किया जिसके बाद हिंदी, भोजपुरी, अवधि भाषा के एक से बढ़कर एक होली और फगुआ गीतों के जरिए गायिका मनिताश्री और प्रकाश पंडित ने समां बांध दिया। उपस्थित लोगों ने भी इनका खूब साथ दिया और नाचते- झूमते हुए समारोह को जमकर इंजॉय किया। रंग-भंग, ठंडई संग जहां जमकर अबीर-गुलाल उड़ा वहीं लोगों ने एक- दूजे को गिले शिकवे भुलाकर गले मिलकर होली की अग्रिम बधाई दी। जिसके बाद पारंपरिक झारखंडी व्यंजन कचरी, बर्रा, पुआ- धुस्क, मीठे पकवान के साथ वेज- नॉन वेज स्वादिष्ट भोजन का स्वाद सामूहिक रूप से चखा ।इस होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ कांग्रेस नेता सह कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर शामिल हुए और उन्होंने भी बड़े आत्मीय भाव से सभी के साथ होली खेलकर समारोह की शोभा बढ़ाई। मौके पर राजेश ठाकुर ने कहा कि होली एक ऐसा त्यौहार है जिसमें बड़े- छोटों और उच्च नीच का भेद मिट जाता है, सेवक- सरकार के बीच की दूरियां खत्म हो जाती है, अपने - पराए सब एक हो जाते है, बरसों के गिले- शिकवे भूलकर दुश्मन भी गले मिल जाते हैं ऐसे रंग और राग के पर्व होली के अवसर पर ब्रह्मर्षि समाज, हजारीबाग का यह आयोजन प्यार और सद्भाव का संदेश बिखेरता है। उन्होंने लोगों को होली किया क्रीम शुभकामनाएं दी साथी कहा कि होली का त्योहार पूरे उत्साह के साथ मनाइए ताकि इस पर्व का रंग कभी फीका न पड़े ।

# श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव भव्य रूप से संपन्न

बिभा संवाददाता



**हजारीबाग:** निस्वार्थ प्रेम और भक्ति का प्रतीक श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव का आयोजन श्याम भक्त परिवार द्वारा भव्य रूप से किया गया, जिसमें श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। दो दिवसीय इस महोत्सव का शुभारंभ भव्य निशान यात्रा से किया गया, जिसके पश्चात पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बन गया। महोत्सव के दूसरे दिन मुनका बगीचा प्रांगण में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसे पूर्व राणी सती मंदिर के प्रधान पुजारी शशिकांत मिश्रा ने बाबा श्याम की पूजा अर्चना कराई यजमान के रूप में निरंजन खंडेलवाल एवं उनकी धर्मपत्नी ने बाबा श्याम की विधि विधान से पूजा अर्चना किया. जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक किशन जी, नेहा गुप्ता, विनय मिश्रा एवं पंकज शर्मा ने अपने मधुर और भावपूर्ण भजनों से उपस्थित भक्तों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। खाटू नरेश की महिमा, श्याम तेरी बंसी पुकारे जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूमते और नृत्य करते नजर आए।

भक्तों के मन को मोह लेने वाले आयोजनों में विशेष रूप से सवामणि, इत्र वर्षा, गजरोत्सव, फूलों की होली, बाबा का खजाना, छप्पन भोग, मनमोहन श्रृंगार और भव्य दरबार की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं। बाबा श्याम के अलौकिक श्रृंगार और भव्य दरबार का दिव्य दर्शन हर भक्त के मन को भावविभोर कर गया। श्रद्धालु बाबा के दरबार की छवि को अपने कैमरे में कैद करते नजर आए।महोत्सव में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद भी शामिल हुए और ज्योत लेकर बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त किया। महोत्सव के अवसर पर सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की बाबा श्याम का यह भव्य आयोजन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत उदाहरण है। जिस तरह से श्याम भक्त परिवार ने इस महोत्सव का आयोजन किया है, वह सराहनीय है। बाबा श्याम के दरबार में आकर जो शांति और ऊर्जा का अनुभव होता है, वह शब्दों में बयान करना कठिन है। मैं प्रार्थना करता हूँ कि बाबा श्याम सभी भक्तों पर अपनी कृपा बनाए रखें और सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और शांति प्रदान करें.धार्मिक कार्यक्रमों के साथ मनोरंजन पर भी सभी का विशेष ध्यान रहा,श्रद्धालु महोत्सव के दौरान चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल मुकाबले का आनंद लेते हुए भी नजर आए, भारत की जीत के बाद सभी के चेहरे पर एक अलग उत्साह और उमंग देखने को मिला. महोत्सव के समापन पर आयोजित भव्य भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव का यह भव्य आयोजन भक्तों के मन में सदैव के लिए अमिट छाप छोड़ गया।

## श्रद्धेय अटल जी सफल राजनेता और प्रखर वक्ता थे : राज पल्लीवार

**हजारीबाग :** झारखंड अलग राज्य निमार्ता, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर अटल विरासत सम्मेलन स्थानीय सांसद कार्यालय, झंडा चौक स्थित कार्यालय में किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बतौर श्री राज पल्लीवार, पूर्व विधायक– मधुपुर सह पूर्व मंत्री झारखंड सरकार थे । अध्यक्षता, जिला– अध्यक्ष विवेकानंद सिंह द्वारा एवं संचालन जिला महामंत्री सुनील मेहता जी द्वारा तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला मंत्री जय नारायण प्रसाद द्वारा की गई। मुख्य अतिथि राज पलिवार द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि अटल जी सफल राजनेता और प्रखर वक्ता के साथ–साथ लेखक एवं संपादक भी थे। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, किसान क्रेडिट कार्ड ,सर्व शिक्षा अभियान जैसी योजनाओं की शुरूआत भी अटल जी द्वारा ही की गई ।आगे उन्होंने कहा कि अटल जी एक सफल प्रधानमंत्री के साथ–साथ एक उत्कृष्ट प्रतिपक्ष के नेता भी थे ।

# असंतुलित आर्थिक नीतियां बढ़ा रही हैं अमीरी गरीबी की खाई



योगेन्द्र योगी

**आंकड़ों के अनुसार शीर्ष 10 प्रतिशत भारतीयों (10 सबसे अमीर भारतीय) के पास अब कुल नेशनल आय का 57.7 प्रतिशत हिस्सा है, जो पहले 1990 में 34 प्रतिशत था, जबकि निचले स्तर पर यह हिस्सा पहले के 22.2 प्रतिशत से घटकर 15 प्रतिशत रह गया है। इसके अलावा, 30 करोड़ लोग ऐसे हैं जिन्होंने हाल फिलहाल खर्च करना शुरू किया है। ये लोग भी अपने खर्च को लेकर बहुत सावधान हैं। खर्च करने वाला वर्ग बढ़ नहीं रहा!**

देश के लगभग 100 करोड़ भारतीयों के पास इतनी आय नहीं है कि वे विवेकाधीन वस्तुओं पर कुछ भी खर्च कर सकें। अर्थात वे किसी भी प्रकार से किसी भी वस्तु पर अतिरिक्त खर्च करने में असमर्थ हैं। लोग जरूरत के अलावा सामान या सुविधाएं नहीं खरीद सकते। वहीं, देश के केवल 10 फीसदी लोग, अर्थात 13-14 करोड़ लोग देश की अर्थव्यवस्था को चला रहे हैं, क्योंकि ये लोग ही सबसे ज्यादा खर्च करते हैं और देश की तरक्की में बड़ा रोल निभाते हैं। केंद्र सरकार एक तरफ देश में तरक्की का नया मॉडल पेश करते हुए विकसित भारत की तरफ बढ़ते कदमों का आंकड़ा पेश करती है, वहीं गरीबी और अमीरी की बढ़ती खाई ने इस मॉडल पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। ब्लूम वेंचर्स की इंडस वैली की वार्षिक रिपोर्ट 2025 भारत की आर्थिक विषमता की यह तस्वीर पेश करती है। इस रिपोर्ट का सरकार द्वारा किसी तरह प्रतिवाद नहीं किए जाने से साफ जाहिर है कि देश की आर्थिक सेहत एक तरफा जा रही है। अमीरी और गरीबी की खाई का चौड़ा होना जारी है। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भारत का उपभोक्ता बाजार बड़े स्तर पर विस्तार नहीं कर रहा है, बल्कि एक ही जगह गहरा होता जा रहा है। इसका मतलब यह है कि भले ही अमीर लोगों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हो रही है, लेकिन जो लोग पहले से ही अमीर हैं, वे और भी अमीर हो रहे हैं।

आंकड़ों के अनुसार शीर्ष 10 प्रतिशत भारतीयों (10 सबसे अमीर भारतीय) के पास अब कुल नेशनल आय का 57.7 प्रतिशत हिस्सा है, जो पहले 1990 में 34 प्रतिशत था, जबकि निचले स्तर पर यह हिस्सा पहले के 22.2 प्रतिशत से घटकर 15 प्रतिशत रह गया है। इसके अलावा, 30 करोड़ लोग ऐसे हैं जिन्होंने हाल फिलहाल खर्च करना शुरू किया है। ये लोग भी अपने खर्च को लेकर बहुत सावधान हैं। खर्च करने वाला वर्ग बढ़ नहीं रहा!

आंकड़ों के मुताबिक 5 साल पहले रियल एस्टेट की कुल बिक्री में अफोर्डेबल हाउसिंग की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत थी, जो अब घटकर महज 18 प्रतिशत रह गई है। इस महीने पेश हुए बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग की जेब ढीली करने के लिए टैक्स में छूट दी। 12 लाख रुपये तक कमाई करने वालों को अब इनकम टैक्स नहीं देना होगा जिससे 92 प्रतिशत वेतनभोगी लोगों को राहत मिलेगी। इसके बावजूद भारत की खपत चीन से 13 साल पीछे है। वर्ष 2023 में भारत में प्रति व्यक्ति खर्च 1,493 डॉलर था, जबकि चीन में वर्ष 2010 में ही ये 1,597 डॉलर था। माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में भी हालात ठीक नहीं हैं। माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में बढ़ता कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है। दिसंबर 2024 तक इस सेक्टर के नॉन-परफॉर्मिंग असेट्स (एनपीए) 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। ये अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है और कुल लोन का 13 प्रतिशत है। अमीर-गरीब के बीच की खाई भारत में कभी छिपी नहीं रही है। यह खाई और चौड़ी हो गई है। माइक्रोफाइनेंस का मतलब है गरीब परिवारों को बिना गारंटी के लोन देना। इन परिवारों की सालाना कमाई 3 लाख रुपये से कम होती है। ज्यादातर महिलाएं इन लोन का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन ज्यादा लोन देने की होड़ में हालात बिगड़ गए हैं। बंधन बैंक, इंडसइंड, आईडीएफसी फर्स्ट जैसे बैंकों के एनपीए बढ़ गए हैं। बंधन बैंक के 56,120 करोड़ रुपये के लोन में से 7.3 प्रतिशत एनपीए हो चुके हैं। एनपीए वो कर्ज है जिसकी कोई भी किश्त 180 दिनों तक चुकाने में लेनदार असफल हो जाता है। इसके बाद बैंकों को इस तरह के लोन को एनपीए में डालना होता है। हालांकि इस लोन की वसूली की कोशिश जारी रहती है और कई बार ये पूरा या आंशिक तौर पर वापस मिल जाता है।

आंकड़ों के मुताबिक 91 से 180 दिन का बकाया लोन कुल आउटस्टैंडिंग का 3.3 फीसदी है, जबकि 180 दिन से ज्यादा बकाया लोन 9.7 प्रतिशत है। माइक्रोफाइनेंस को लेकर अब संस्थान भी सतर्कता बरत रहे हैं। क्योंकि उन्हें एनपीए अभी और बढ? की आशंका है। भारतीय रिजर्व बैंक ने लोन पर रिस्क वेट घटाया इसी बीच बिजनेस लोन पर जोखिम वेट 125 प्रतिशत से घटाकर 75 प्रतिशत कर दिया है, जिससे बैंकों को राहत मिलेगी। छोटे बैंकों को हो रहे नुकसान को देखते हुए इस नियम में बदलाव से इन्हें फायदा मिल सकता है। देश में बढ़ती आर्थिक असमानता की तरफ पूर्व में चेतावनी मिल चुकी है। 12 अप्रैल 2024 को पेरिस स्थित शोध संगठन वर्ल्ड इनइक्वेलिटी लैब की ओर जारी एक शोधपत्र में बताया गया था कि देश के शीर्ष एक फीसद तबके की आमदनी और संपत्ति में हिस्सेदारी अपनी ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गई है और यह दुनिया में सबसे ज्यादा है। शोधपत्र के निष्कर्षों में कहा गया है कि साल 2023 तक सबसे अमीर एक फीसद भारतीयों के पास देश की आय का 22.6 फीसद और संपत्ति का 40 फीसद हिस्सा था। इनकम ऐंड वेल्थ इनइक्वेलिटी इन इंडिया, 1922-2023 द राइज ऑफ बिल्यनेर राज शीर्षक वाले शोधपत्र के अनुसार आजादी के बाद से 1980 के दशक की शुरूआत तक गैर-बराबरी में कमी आई थी लेकिन इसके बाद इसमें बढ़ोतरी शुरू हो गई और 2000 के दशक की शुरूआत में यह बहुत तेज गति से बढ़ी। देश के शीर्ष एक फीसद लोगों ने 2022-23 में औसतन 53 लाख रुपए कमाए, जो औसत भारतीय की आय से 23 गुना अधिक है जिसने 2.3 लाख रुपए की आय सृजित की। देश के निचले पायदान के 50 फीसद और बीच के 40 फीसद लोगों की औसत आय क्रमश 71, 000 रु. (राष्ट्रीय औसत का 0.3 फीसद) और 1,65,000 रु. (राष्ट्रीय औसत का 0.7 फीसद) रही सबसे अमीर 9,223 लोगों (9.2 करोड़ वयस्क भारतीयों में से) ने औसतन 48 करोड़ रुपए कमाए (औसत भारतीय आय से 2,069 गुना)। भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण के बाद निजी उद्यम में वृद्धि और पूंजी बाजार की वृद्धि ने शीर्ष के कुछ ही लोगों के हाथों में संपत्ति का सिमटना बढ़ाया है। उदारीकरण के बाद से सेवा की अगुआई में हुई आर्थिक वृद्धि के भी असमानताकारी असर हुए। इस पूरे हालात से साफ है कि भारत की खपत ग्रोथ संतुलित नहीं है। एक तरफ जहां अमीर और अमीर हो रहे हैं, वहीं गरीब और गरीब जिसके लिए आने वाले समय में सरकार को बड़े कदम उठाने होंगे जिससे आर्थिक असमानता कम हो सके।



## संपादकीय

### कहते तो हैं, करते नहीं

गुजरात में अपनी ही पार्टी के नेताओं पर राहुल गांधी का गुस्सा जताना कई सवाल खड़े करता है। राहुल शनिवार से दो दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं और उन्होंने दूसरे दिन पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के भीतर दो गुट नजर आ रहे। आधे लोग बीजेपी के लिए काम कर रहे हैं। ऐसे लोगों को हटाने की सख्त कार्रवाई करनी पड़ी तो जरूर की जानी चाहिए। ऐसा कह कर राहुल ने उन नेताओं को भी सख्त संदेश देने की कोशिश की है जो हमेशा पार्टी हित के खिलाफ काम करते हैं, और पार्टी को गर्त में पहुंचाने में उनकी महती भूमिका है। दरअसल, राहुल गांधी का गुस्सा जायज है। पार्टी करीब 30 साल से गुजरात में सत्ता से बाहर है। उसके कई नेता पार्टी का साथ छोड़ कर भाजपा का दामन थाम चुके हैं। पिछली बार (2022) के चुनाव में भाजपा ने जहां 156 सीट जीत कर अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया था, वहीं कांग्रेस को महज 17 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। गौरतलब है कि साल 2027 में वहां विधानसभा के चुनाव होंगे। राहुल उसी के मद्देनजर दांव चल रहे हैं। यह मंशा उनके इस बयान से भी जुड़ती दिखती है, जब वो यह कहते हैं, 'यहां विपक्ष के पास 40 फीसद वोट हैं। यहां विपक्ष छोटा नहीं है। अगर गुजरात के किसी भी कोने में दो लोगों को आप खड़ा कर देंगे तो उनमें से एक बीजेपी का और दूसरा कांग्रेस का निकलेगा यानी दो में से एक हमारा, एक उनका होगा।' 'लेकिन हमारे मन में है कि कांग्रेस के पास दम नहीं है। अगर गुजरात में हमारा वोट पांच फीसद बढ़ जाएगा तो आप (बीजेपी) वहीं खत्म हो जाओगे।' हालांकि, उनका ऐसा कहना पूरी तरह से सही भी नहीं कहा जा सकता है। पिछले साल संपन्न महाराष्ट्र, हरियाणा के चुनाव में पार्टी के अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी, लेकिन दोनों ही जगह उन्हें हार का सामना करना पड़ा। मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, पंजाब, बिहार, बंगाल सभी जगहों पर पार्टी कई गुटों में बंटी नजर आती है। इस वजह से उनका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नजर नहीं आता। पार्टी में इस गुटबाजी से निपटने के लिए कांग्रेस नेतृत्व में कई बार मंथन हुआ। उदयपुर के चिंतन शिविर में इसे लेकर राज्य स्तर पर प्रदेश समन्वय कमेटी बनाने का फैसला किया गया था। हालांकि, इस पर कितना अमल हुआ यह पार्टी नेतृत्व को भी बखूबी पता है। दूसरी अहम बात यह कि आला कमान के स्तर पर भी अपने-अपने गुट हैं। राहुल गांधी का अलग तो प्रियंका का अलग। ऐसे में सिर्फ नेताओं को दोषी ठहराना न्यायसंगत नहीं है।

## सूक्ति

दुःख का कारण हमारी चित्तवृत्तिओं का प्रभाव ही है।
- भगवान श्री कृष्ण

कर्म की उत्पत्ति विचार में है, अत- विचार ही महत्वपूर्ण हैं।
- साई बाबा

## चिंतन-मनन

### इसलिए रह जाती है पूर्व जन्म की स्मृतियां

माना जाता है कि संसार में हम जो भी काम करते अथवा बोलते हैं वह एक उर्जा के रूप में प्रकृति में वर्तमान रहती है। उर्जा के विषय में विज्ञान कहता है कि उर्जा कभी नष्ट नहीं होती है। इसका स्वरूप बदलता रहता है। हमारी आत्मा भी उर्जा का ही स्त्रोत है इसलिए कभी मनुष्य शरीर में रहती है तो कभी पशु, कीट की योनी में जाकर रहती है।

लेकिन अपनी आत्मा को हम किस रूप में स्थान देना चाहते हैं यह हमारे अपने हाथ में है। जिस प्रकार उर्जा को कर्म के अनुसार रूपांतरित किया जा सकता है ठीक उसी प्रकार कर्म के अनुसार आत्मा को भी रूप दिया जा सकता है। पुराणों में बताया गया है कि आत्मा का वही रूप होता है जैसे शरीर में वह विराजमान होता है। वर्तमान जन्म में हम जो अच्छे या बुरे कर्म करते हैं उसके अनुरूप आत्मा दूसरा शरीर ग्रहण करती है।

आत्मा अपने साथ पूर्व जन्म की स्मृति और आकांक्षाओं को भी साथ में लेकर दूसरे शरीर में प्रवेश करती है। शरीर बदलने के बाद भी आत्मा पुराने शरीर की स्मृतियों को नहीं भूलती है। इस तथ्य को परामनोवैज्ञानिक भी स्वीकार करते हैं। मरने के समय जिनकी आत्मा अतृप्त रहती है और पूर्व जन्म कार्यों को पूरा करने के लिए छटपटाती रहती है। ऐसे लोगों को अपने पूर्व जन्म की कई बातों की स्मृति रहती है।

पुराणों में पार्वती के पूर्व जन्म की कथाओं का उल्लेख मिलता है। कथाओं में बताया गया है कि पार्वती को पूर्व जन्म में प्रजापति दक्ष की पुत्र के रूप में जन्म लेकर शिव से विवाह और अग्नि कुण्ड में भष्म होने की घटना का स्मरण था। शिव को फिर से पति रूप में पाने के लिए ही सती ने पार्वती के रूप में जन्म लिया और कठोर तपस्या किया। पुराणों और शास्त्रों में कई ऐसी कथाओं का जिप्र किया गया है जिसमें व्यक्ति को अपने पूर्व जन्म की घटनाओं की स्मृति रही। जिमूतवाहन व्रत में भी इसी तरह की एक कथा का उल्लेख मिलता है।

# मेले पर विशेष : हारे का सहारा हैं खाटू के श्री श्याम



रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम मंदिर बाबा श्याम जी के लिए प्रसिद्ध है। यह मंदिर भारत के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में गिना जाता है। खाटू श्याम जी को भगवान श्रीकृष्ण का कलयुगी अवतार माना जाता है। दानशीलता के कारण बर्बरीक ने बिना किसी सवाल के अपना शीश भगवान श्री कृष्ण को दान दे दिया। इसी दानशीलता के कारण श्री कृष्ण ने कहा कि तुम कलयुग में मेरे नाम से पूजे जाओगे। तुम कलयुग का अवतार कहलाओगे और हारे का सहारा बनोगे। इसलिए उन्हें हारे का सहारा भी कहा जाता है। खाटू श्याम जी के मंदिर में दर्शन के लिए हर दिन लाखों भक्त आते हैं। यहां फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को श्याम बाबा का विशाल वार्षिक मेला भरता है। जिसमें देश-विदेशों से आये करीबन 30 लाख श्रृद्धालु शामिल होते हैं। खाटू श्याम का मेला राजस्थान के बड़े मेलों में से एक है।

इस मंदिर में भीम के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक की श्याम यानी कृष्ण के रूप में पूजा की जाती है। इस मंदिर के लिए कहा जाता है कि जो भी इस मंदिर में जाता है उन्हें श्याम बाबा का नित नया रूप देखने को मिलता है। कई लोगों को तो इस विग्रह में कई बदलाव भी नजर आते है। कभी मोटा तो कभी दुबला। कभी हंसता हुआ तो कभी ऐसा तेज भरा कि नजरें भी नहीं टिक पातीं। श्याम बाबा का धड़ से अलग शीष और धनुष पर तीन वाण की छवि वाली मूर्ति यहां स्थापित की गईं। कहते हैं कि मन्दिर की स्थापना महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद स्वयं भगवान कृष्ण ने अपने हाथों की थी।

श्याम बाबा की कहानी महाभारत काल से आरम्भ होती है। वे पहले बर्बरीक के नाम से जाने जाते थे तथा भीम के पुत्र घटोतकच और नाग कन्या अहिलवती के पुत्र थे। बाल्यकाल से ही वे बहुत वीर और महान योद्धा थे। उन्होने युद्ध कला अपनी मां से सीखी। भगवान शिव की घोर तपस्या करके उन्हें प्रसन्न किया और उनसे तीन अभेध्य बाण प्राप्त कर तीन बाणधारी के नाम से प्रसिद्ध हुये। अग्नि देव ने प्रसन्न होकर उन्हें धनुष प्रदान किया जो उन्हें तीनो लोकों में विजयी बनाने में समर्थ थे। कौरवों और पाण्डवों के मध्य महाभारत युद्ध का समाचार बर्बरीक को प्राप्त हआ तो उनकी भी युद्ध में सम्मिलित होने की इच्छा जागृत हुयी। जब वे अपनी मां से आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे तब मां को हारे हुये पक्ष का साथ देने का वचन दिया। महाभारत के युद्ध में भाग लेने के लिये वे अपने नीले रंग के घोडे पर सवार होकर धनुष व तीन बाणों के साथ कुरूक्षेत्र की रणभूमि की और अग्रसर हुये। भगवान कृष्ण ने ब्राह्मण वेश धारण कर बर्बरीक से परिचित होने के लिये उसे रोका और यह जानकर उनकी हंसी भी उड़ायी कि वह मात्र तीन बाण से युद्ध में सम्मिलित होने आया है। ऐसा सुनने पर बर्बरीक ने उत्तर दिया कि मात्र एक बाण शत्रु सेना को ध्वस्त करने के लिये पर्याप्त है और ऐसा करने के बाद बाण वापिस तरकस में ही आयेगा। यदि उन्होने तीनो बाणों को प्रयोग में ले लिया गया तो तीनो लोकों में हाहाकार मच जायेगा। इस पर कृष्ण ने उन्हें चुनौती दी की इस पीपल के पेड के सभी पत्रों को छेद कर दिखलाओ। जिसके नीचे दोनो खड़े थे। बर्बरीक ने चुनौती स्वीकार की और अपने तुणीर से एक बाण निकाला और ईश्वर को स्मरण कर बाण पेड़ के पत्तो की और चलाया।

तीर ने क्षण भर में पेड के सभी पत्तों को भेद दिया और कृष्ण के पैर के इर्द-गिर्द चक्कर लगाने लगा। क्योंकि एक पत्ता उन्होनें अपने पैर के नीचे छुपा लिया था। तब बर्बरीक ने कृष्ण से कहा कि आप अपने पैर को हटा लीजिये वर्ना ये आपके पैर को चोट पहुंचा देगा। कृष्ण ने बालक बर्बरीक से पूछा कि वह युद्ध में किस और से सम्मिलित होगा तो बर्बरीक ने अपनी मां को दिये वचन दोहराते हुये कहा कि वह युद्ध में निर्बल और हार की और अग्रसर पक्ष की तरफ से भाग लेगा। कृष्ण जानते थे कि युद्ध में हार तो कौरवों की ही निश्चित है। अगर बर्बरीक ने उनका साथ दिया तो परिणाम उनके पक्ष में ही होगा। ब्राह्मण बने कृष्ण ने बालक बर्बरीक से दान की अभिलाषा व्यक्त की। इस पर वीर बर्बरीक ने उन्हें वचन दिया कि अगर वो उनकी अभिलाषा पूर्ण करने में समर्थ होगा तो अवश्य करेगा। कृष्ण ने उनसे शीश का दान मांगा। बालक बर्बरीक क्षण भर के लिये चकरा गया परन्तु उसने अपने वचन की दृढ़ता जतायी। बालक बर्बरीक ने ब्राह्मण से अपने वास्तिवक रूप में आने की प्रार्थना की और कृष्ण के बारे में सुन कर बालक ने उनके विराट रूप के दर्शन की अभिलाषा व्यक्त की। तब कृष्ण ने उन्हें अपना विराट रूप दिखाया। उन्होने बर्बरीक को समझाया कि युद्ध आरम्भ होने से पहले युद्धभूमि की पूजा के लिये एक वीर क्षत्रिय के शीश के दान की आवश्यक्ता होती है। उन्होनें बर्बरीक को युद्ध में सबसे बड़े वीर की उपाधि से अलंकृत कर उनका शीश दान में मांगा। बर्बरीक ने उनसे प्रार्थना की कि वह अंत तक युद्ध देखना चाहता है। श्री कृष्ण ने उनकी यह बात स्वीकार कर ली। फाल्गुन माह की द्वादशी को उन्होनें अपने शीश का दान दिया। उनका सिर युद्धभूमि के समीप ही एक पहाड़ी पर सुशोभित किया गया जहां से बर्बरीक सम्पूर्ण युद्ध का जायजा ले सकते थे। युद्ध की समाप्ति पर पांडवों में ही आपसी खींचाव हुआ कि युद्ध में विजय का श्रेय किसको जाता है। इस पर कृष्ण ने उन्हें सुझाव दिया कि बर्बरीक का शीश सम्पूर्ण युद्ध का साक्षी है। उससे बेहतर निर्णायक भला कौन हो सकता है। सभी इस बात से सहमत हो गये। बर्बरीक के शीश ने उत्तर दिया कि कृष्ण ही युद्ध मे विजय प्राप्त कराने में सबसे महान पात्र हैं। उनकी शिक्षा, उनकी उपस्थिति, उनकी युद्धनीति ही निर्णायक थी। उन्हें युद्धभूमि में सिर्फ उनका सुदर्शन चक्र घूमता हुआ दिखायी दे रहा था जो कि शत्रु सेना को काट रहा था। महाकाली दुर्गा कृष्ण के आदेश पर शत्रु सेना के रक्त से भरे प्यालों का सेवन कर रही थी। कृष्ण वीर बर्बरीक के महान बलिदान से काफी प्रसन्न हुये और वरदान दिया कि कलियुग में तुम श्याम नाम से जाने जाओगे, क्योंकि कलियुग में हारे हुये का साथ देने वाला ही श्याम नाम धारण करने में समर्थ होगा। ऐसा माना जाता है कि एक बार एक गाय उस स्थान पर आकर अपने स्तनों से दुग्ध की धारा स्वतरू ही बहा रही थी बाद में खुदायी के बाद



वह शीश प्रकट हुआ।

एक बार खाटू के राजा को स्वप्न में मन्दिर निर्माण के लिये और वह शीश मन्दिर में सुशोभित करने के लिये प्रेरित किया गया। तदन्तर उस स्थान पर मन्दिर का निर्माण किया गया और कार्तिक माह की एकादशी को शीश मन्दिर में सुशोभित किया गया, जिसे बाबा श्याम के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। मूल मंदिर 1027 ई. में रूपसिंह चैचौहान और उनकी पत्नी नर्मदा कंवर द्वारा बनाया गया था। मारवाड़ के शासक ठाकुर के दीवान अभय सिंह ने ठाकुर के निर्देश पर 1720 ई0 में मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। मंदिर इस समय अपने वर्तमान आकार ले लिया और मूर्ति गर्भगृह में प्रतिष्ठापित किया गया था। मूर्ति दुर्लभ पत्थर से बनी है। प्रशासन यहां की व्यवस्था को लेकर पूरा सजग है। जिला प्रशासन व मंदिर प्रबंध कमेटी ने मिलकर खाटू श्याम मंदिर परिक्षेत्र में कई नई सुविधाओं को प्रारंभ किया है। यहां के आम रास्तों को 40 फीट तक चौड़ा किया गया है। मंदिर में दर्शन करने की व्यवस्था में भी आमूलचूल परिवर्तन किया गया है। इससे मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा हो रही है। सरकार ने यहां के मंदिर परिसर क्षेत्र के विकास की घोषणा की है। जिसका लाभ भी श्रद्धालुओं को ही मिलेगा।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

# सीआईएसएफ : सुरक्षा व्यवस्था का अहम स्तंभ



अभिषेक गुप्ता

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ)- 10 मार्च, 1969 को स्थापित-भारतीय सुरक्षा व्यवस्था का एक महत्त्वपूर्ण स्तंभ है।

इस बल का उद्देश्य देश के महत्त्वपूर्ण औद्योगिक प्रतिष्ठानों, हवाई अड्डों, परमाणु संयंत्रों, मेट्रो स्टेशनों और अन्य राष्ट्रीय परिसंपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। अत्याधुनिक तकनीक, कठोर प्रशिक्षण और अनुशासन के साथ सीआईएसएफ देश की सुरक्षा को अभेद्य बना रहा है।

सीआईएसएफ की विशेषज्ञता औद्योगिक सुरक्षा तक सीमित नहीं है। यह बल देश के 66 से अधिक हवाई अड्डों, परमाणु संयंत्रों, अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्रों, मेट्रो नेटवर्क और सरकारी प्रतिष्ठानों की सुरक्षा करता है। इसके अलावा, सीआईएसएफ महत्त्वपूर्ण सरकारी और निजी क्षेत्र के औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा में भी तैनात है, जिनमें इस्पात संयंत्र, तेल रिफाइनरियां, बंदरगाह, जल विद्युत और थर्मल पावर प्लांट शामिल हैं।


सीआईएसएफ का डॉग स्क्वाड दुनिया के सबसे उन्नत सुरक्षा बलों में माना जाता है। यह विस्फोटकों और अन्य संदिग्ध सामग्रियों की पहचान में अत्यधिक कुशल है। साथ ही, सीआईएसएफ स्मार्ट सर्विलांस सिस्टम, बायोमेट्रिक सिस्टम, बॉडी स्कैनर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग करता है, जिससे किसी भी खतरे का प्रभावी ढंग से मुकाबला किया जा सकता है। सीआईएसएफ न केवल सुरक्षा का प्रतीक है, बल्कि महिला सशक्तिकरण का भी महत्त्वपूर्ण उदाहरण बन चुका है। इस बल में 7% से अधिक महिलाएं कार्यरत हैं, जो इसे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों सीएपीएफ में महिला भागीदारी के मामले में अग्रणी बनाता है।

2024 के गणतंत्र दिवस पर पहली बार सीआईएसएफ की महिला बैंड टुकड़ी और महिला कमांडो टुकड़ी ने कर्त्तव्य पथ पर मार्च किया। इस ऐतिहासिक परेड का नेतृत्व असिस्टेंट कमांडेंट तन्मयी मोहंती ने किया था। इस प्रदशर्न ने प्रमाणित किया कि महिलाएं भारतीय सुरक्षा बलों में पुरु षों के समान योगदान देने में पूरी तरह सक्षम हैं। इसके अतिरिक्त, नवम्बर, 2024 में गृह मंत्रालय ने सीआईएसएफ की पहली ह्यऑल-वुमेन बटालियनह्ण की स्थापना को मंजूरी दी। इसमें 1,025 महिला कमांडो शामिल हुई जिन्हें हवाई अड्डों, मेट्रो स्टेशनों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, वीआईपी सुरक्षा में तैनात किया जाएगा।

सीआईएसएफ का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम इसे अन्य सुरक्षा एजेंसियों से अलग बनाता है। इसमें जवानों को क्राउड कंट्रोल, एंटी-टेरर ऑपरेशंस, बायोमेट्रिक सिक्योरिटी, साइबर सुरक्षा, और उच्चस्तरीय खुफिया विश्लेषण का प्रशिक्षण दिया जाता है। इस प्रशिक्षण का केंद्र राष्ट्रीय औद्योगिक सुरक्षा अकादमी है, जो हैदराबाद में है। यह अकादमी भारत ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सुरक्षा एजेंसियों को प्रशिक्षण देने के लिए प्रसिद्ध है। सीआईएसएफ आपदा प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कोविड-19 महामारी के दौरान,सीआईएसएफकर्मियों ने लॉकडाउन के समय हवाई अड्डों और सार्वजनिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित की। सीआईएसएफ की दक्षता भारत तक सीमित नहीं है।

संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों के तहत सीआईएसएफ के अधिकारी कई अंतरराष्ट्रीय अभियानों में शामिल रहे हैं। इसके अलावा, सीआईएसएफ भारत के पर्यटन स्थलों की सुरक्षा में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ताजमहल, कुतुब मीनार, और अन्य ऐतिहासिक स्थलों की सुरक्षा सीआईएसएफ के अधीन है, जिससे पर्यटकों को सुरक्षित और संरक्षित माहौल मिलता है। 20 मई, 2024 से सीआईएसएफ को संसद भवन की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी सौंपी गई। पहले यह कार्य केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ द्वारा किया जाता था। सीआईएसएफ की औद्योगिक सुरक्षा और आतंकवाद विरोधी अभियानों में विशेषज्ञता को देखते हुए यह महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई।

सीआईएसएफ ने स्मार्ट सर्विलांस सिस्टम, बायोमेट्रिक एक्सेस कंट्रोल, बम-डिटेक्शन यूनिट और अन्य सुरक्षा उपाय अपना कर संसद भवन की सुरक्षा को अधिक अभेद्य बनाया है।




सीआईएसएफ एक सुरक्षा एजेंसी नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय संपत्तियों और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर विकसित हो रहा बल है। इसकी कड़ी ट्रेनिंग, अत्याधुनिक तकनीक और अनुशासन इसे दुनिया के सबसे प्रभावी सुरक्षा बलों में से एक बनाते हैं। सीआईएसएफ का स्थापना दिवस बलिदान, अनुशासन और उत्कृष्टता का सम्मान करने का अवसर है। यह संगठन नई ऊंचाइयां छू रहा है, देश की सुरक्षा को अधिक मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमें संकल्प लेना चाहिए कि इस गौरवशाली बल को और अधिक सशक्त बनाने के लिए हर संभव समर्थन देंगे। राष्ट्र की रक्षा में तत्पर सीआईएसएफ के हर कर्मी को हमारा नमन।



# एक ही प्रोफेशन में है लाइफ पार्टनर
## तो आपके काम आएंगे ये टिप्स

**आजकल के इस एडवांस समय में लोगों को सोशल मीडिया पर भी एक दूसरे से प्यार हो जाता है। वहीं कुछ लोग साथ काम करते-करते एक-दूसरे को दिल दे बैठते है। इस मार्डे न टाइम में कई लोग ऐसे हैं जो कॉलीग भी हैं और कपल भी। ऐसी लाइफ के फायदे होने के साथ-साथ कई नुकसान भी है। कई बार प्रोफेशनल और प्रसनल लाइफ मिक्स होने के कारण रिश्ते में दूरियां आने लगती है। कई बार ऑफिस का प्रेशर और काम की झिकझिक पर्सनल लाइफ पर हावी हो ही जाती है। ऐसे में आज हम आपको बताएंगे कि किस तरह प्रोफेशनल लाइफ अलग रख कर आप अपनी पर्सनल लाइफ को एन्जॉय कर सकते है।**

### ऑफिस का काम
सबसे पहले तो आप इस बात का ध्यान रखें कि ऑफिस के काम को घर पर न लाएं। ऐसा करने से आपकी लव लाइफ खरीब हो सकती है। चाहे कितना भी जरुरी काम क्यों न हो इसे ऑफिस तक ही रखें।

### रोमांटिक डेट प्लान
अक्सर साथ-साथ काम करते-करते पार्टनर एक-दूसरे को डेट करना छोड़ देते है लेकिन ऐसा करने से आप अपना रिश्ता खुद तोड़ रहें है। साथ काम करने के बावजूद भी डेटिंग न छोड़े। इससे एक-दूसरे पर प्यार और विश्वास बना रहता है।

### सलाह देना
ऑफिस में एक-दूसरे होने पर भी पार्टनर की सक्सेस को एन्जॉय करे। एक-दूसरे को मिली छोटी से छोटी उपलब्धि का जश्न मनाएं। ऐसे में आपके बीच का प्यार ओर भी बढ़ता है।

### वीकेंड को एन्जॉय करना
ऑफिस से मिली छुट्टी को वेस्ट करने की बजाएं साथ में समय बिताएं। कहीं घूमने चले जाएं या घर पर ही एक-दूसरे से बाते करें। इससे आप अपने मन की बात बता और पार्टनर के मन की बात जान सकते है।

### साथ में खाना
घर हो या ऑफिस हमेशा पार्टनर के साथ ही खाना खाएं। साथ बैठ कर खाना खाने से आपका रिश्ते और भी ज्यादा गहरा होगा और इससे आप दोनों के बीच में प्यार भी बढ़ेगा।





# शादीशुदा जिंदगी को खुशहाल बनाने के लिए अपनाएं ये तरीके

लड़का- लड़की दोनों अपनी शादी को सफल बनाने के लिए बहुत कुछ करते हैं, अक्सर देखा जाता है कि शादी के शुरुआती कुछ महीने सब ठीक रहता है पर जैसे- जैसे समय गूजरता जाता है जिंदगी बहुत बोरिंग हो जाती है। रिश्ते में पहले जैसी खुशी, उत्साह और प्यार न जाने कहां खो जाता है। एक रिश्ते को सफल बनाने के लिए जितना विश्वास जरूरी है उतना ही एक- दूसरे के साथ टाइम बिताना भी जरूरी होता है लेकिन आजकल लड़का और लड़की दोनों ही काम करते हैं जिसके कारण वह एक दूसरे को टाइम नहीं दे पाते। इससे कई बार रिश्तों में दूरियां आने लगती हैं। आज हम आप कुछ ऐसे तरीके बाताएंगे जिनको अपनाकर आप आपने रिश्ते में पहले जैसा प्यार दोबारा जगा सकते हैं। तो आइए जानते हैं तरीकों को बारे में।

### आई लव यू कहना
कई बार आप सोचते हैं कि शादी को इतना टाइम हो गया अब अपने पार्टनर को आई लव यू बोलने से क्या होगा। यह सब काम तो बच्चे और न्यूली मैरिड कपल करते हैं पर ऐसा नहीं जब आप अपने पार्टनर को अपना प्यार दिखाओगे तो वह बहुत खूश हो जाएंगे। अपनी शादी को खूशहाल बनाने के लिए रोजाना सुबह उठकर आई लव यू कहें। इससे धीरे – धीरे आपके रिश्ते में आई खटास दूर हो सकती है।

### डेट पर चलने के लिए कहें
अक्सर शादी से पहले लड़का और लड़की दोनों एक दूसरे के साथ समय बिताने के बहाने ढंढूते रहते हैं लेकिन शादी बाद एक दूसरे के साथ टाइम स्पेंड नहीं कर पाते जिससे कई बार रिश्ते खराब होने लगते हैं। अपनी शादी में फिर से वहीं प्यार लाने के लिए अपने पार्टनर के साथ डेट पर जाएं।

### गिफ्ट्स देना
पति और पत्नि दोनों को एक दूसरे को गिफ्ट्स देना चाहिए। चाहें कोई खास दिन हो या न अगर आप अपने पार्टनर को सरप्राइज देंगें तो बहुत खूश हो जाएंगे।

### अतीत की बातें
अतीत की अच्छी बाते करें जैसे कब मिले थे, पहला गिफ्ट क्या था, कब आई लव यू बोला जैसी बाते करें कभी पास्ट की ऐसी बाते न करें जिससे दूसरे को कोई परेशानी हो। दूसरे के इमोशन को ध्यान में रखकर बात करने से शादीशुदा जिंदगीं खुशहाल हो सकती है।





**शिशु में जुकाम और बंद नाक की समस्या होना एक आम बात है। इस मौसम में शिशु को इंफैक्शन और जुकाम का खतरा सबसे ज्यादा होता है। बड़े तो जुकाम होने पर बंक नाक की समस्या को झेल लेते है लेकिन बच्चों को इसके कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।**

# बंद हो जाए शिशु की नाक तो इन घरेलू तरीकों से करें इलाज

वैसे तो शिशु में सर्दी-जुकाम की समस्या को कुछ घरेलू तरीकों से दूर किया जा सकता है लेकिन कई दिनों तक ठीक न होने पर आपको तुरंत डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए। आइए जानते है शिशु में नाक बंद होने के लक्षण और उसे पहचान दूर करने के घरेलू उपचार।

### कैसे जानें कि शिशु के नाक बंद हैं?
शिशु की नाक बंद होने पर उनके सांस लेते समय घरघराहट की आवाज निकलती है। इसके अलावा सर्दी-जुकाम होने पर नाक बहना, सांस लेने में तकलीफ, दूध पीने में प्रॉब्लम और नाक लाल होने जैसी समस्याएं होती है।

- नाक बंद होने के कारण
- एलर्जी
- इंफैक्शन
- शरीर में बैक्टीरिया के कारण
- ठंड लगने के कारण
- साइनस इंफैक्शन के कारण

अपनाए ये घरेलू तरीके –

### सरसों का तेल
शिशु को जुकाम होने पर उनकी नाक में सरसों के तेल की 2 बूंदें डालें। इससे जुकाम भी ठीक हो जाएगा और उन्हें सांस लेने में तकलीफ भी नहीं होगी।

### भाप देना
सर्दी जुकाम होने पर शिशु को नहलाने की बजाए स्पंज स्नान कराएं। इसके अलावा सर्दी-जुकाम को दूर भगाने के लिए उन्हें भाप जरूर दिलवाएं।

### नारियल तेल
शिशु की नाक बंद हो जाए, तो आप नारियल तेल को हल्का गर्म करके नाक में डाल दें। कुछ ही देर में शिशु की बंद नाक खुल जाएगी।

### नींबू
4 नींबू के रस, छिलके और 1 चम्मच अदरक को फांके। इसमें पानी डालकर कुछ देर भिगो दें। इसके बाद इसमें उसी मात्रा में गर्म पानी और शहद मिक्स करके शिशु को पीलाएं।

### अदरक
6 कप पानी में 1/2 कप बारिक अदरक, 2 छोटी दालचीनी को डालकर 20 मिनट तक पकाएं। इसे छानकर चीनी और शहद मिक्स करके बच्चे को पिला दें। एक वर्ष से कम आयु के बच्चों को यह मिश्रण बराबर मात्रा में गर्म-पानी मिलाकर पिलाएं।

### संतरे
संतरा इम्यून सिस्टम को बढ़ाकर खांसी, गले में दर्द और नाक बहने की समस्या को दूर करता है। छोटे बच्चों को आप चम्मच की मदद से संतरे का रस भी पिला सकते हैं।



**शिशु काफी नाजूक होते हैं, इसलिए उनकी देखभाल करते समय काफी सावधानियां बरतनी पड़ती है। शिशु को स्पनतान बंद करने बाद अन्य चीजों की आदत डालते समय मां को अक्सर परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार तो महिलाओं को समझ भी नहीं आता कि शिशु को किन चीजों का सेवन करवाएं।**

# ब्रैस्टफीडिंग बंद करने के बाद शिशु को जरूर कराएं इन चीजों का सेवन

स्तनपान बंद करवाने के बाद बहुत जरूरी है कि शिशु ऐसी हेल्दी चीजों का सेवन करें जो उसे स्वस्थ बनाएं रखें। आज हम आपको ऐसे ही कुछ फूड के बारे में बताने जा रहें है जिन्हें आप स्तनपान बंद करवाने के बाद शिशु को दे सकती हैं। इनसे बच्चों की सेहत भी बन जाएगी और वो इसे आसानी से खा भी लेंगे।

### हरी सब्जियां
शिशु को स्तनपान बंद करवाने के बाद आप उन्हें हरि सब्जियां जरूर खाने के लिए दें। मटर, पालक, गाजर, चुकंदर आदि को उबालकर मैश करके उसमें स्वादानुसार नमक मिला दें। इसे बच्चे आसानी से का भी लेंगे और उन्हें सब्जियां खाने की आदत भी पड़ जाएगी।

### डेयरी प्रोडक्ट
जब शिशु स्तनपान छोड़ता है तो उसे पर्याप्त मात्रा पोषण की जरूरत होती है। ऐसे में आप उन्हें डेयरी प्रोडक्ट्स भी दे सकती हैं। पनीर या दूध में मौजूद कैल्शियम शिशु को स्वस्थ रखते है।

### फल
आप शिशु को सीजनल फल भी खाने के लिए दे सकती है। सेब, संतरे, केले, आम या किसी भी फल से शिशु को पर्याप्त मात्रा में फाइबर और मिनरल्स मिल जाएगा।

### जूस
कई बार शिशु फल खाना पसंद नहीं करते या फिर उन्हें इसे चबाने में असुविधा होती है। ऐसे में आप उन्हें फल की बजाए उनका जूस दे सकती है। इसे वो पसंद भी करेंगे और उनके शरीर को जरूरी मिनरल्स भी मिल जाएंगे।

### सूप
आप शिशु को सब्जियों का सूप बनाकर भी दे सकती हैं। इससे ना केवल उनको पोषण मिलेगा बल्कि उनके शरीर में पानी की कमी नहीं होगी।



**बच्चे की पहली पाठशाला उसका घर होता है और पहली टीचर उसकी मां। बच्चे जरा सी भी गलती करें तो सबसे पहले यही बात सुनने के मिलती है कि बच्चे घर में कुछ नहीं सिखाया गया। पढ़ाई के साथ-साथ कुछ बुनियादी शिष्टाचार सिखाने भी बच्चों को बहुत जरूरी हैं। इन्हीं में से एक है टेबल मैनर्स यानि दूसरों के साथ बैठकर किस तरह से खाना खाना है और कैसा व्यवहार करना जरूरी है। इससे बच्चे के साथ-साथ आपके व्यक्तित्व की भी पहचान होती है।**

# बच्चों को सिखाएं टेबल मैनर्स

### बैठ कर खाने की आदत डालें
छोटे बच्चों के लिए एक जगह पर बैठना बहुत मुश्किल होता है। डाइनिंग टेबल पर खाना खाने के लिए बच्चों को साथ बिठा रहे हैं तो इस बात का ख्याल रखें कि उनकी कुर्सी आरामदायक हो। कुर्सी की ऊंचाई बच्चे की हाइट के मुताबिक हो, जिससे वह आराम से बैठ सके।

### सही तरीके से खिलाएं खाना
आप मेहमानों के साथ बैठ कर खाना खा रहे हैं तो बच्चों को नजरअंदाज न करें। बच्चों को बिना आवाज के खाना खाना सिखाएं। ज्यादा मुंह भरकर खाना न खिलाएं, निवाला सिर्फ उतना ही डालें, जितना वह आराम से खा सके। इसके अलावा प्लेट भर कर खाना न डालें, दोबारा जरूरत पड़ने पर खाना दोबारा सर्व करें।

### बर्तनों का सही इस्तेमाल
डाइनिंग टेबल पर बैठते समय बच्चे को इस बात की जानकारी जरूर दें कि कौन सा बर्तन किस तरीके से इस्तेमाल करना है। बड़े चम्मच को सूप और कटोरी का इस्तेमाल ग्रेवी वाली सब्जी के लिए किया जाता है।

### खाना खाने के बाद बर्तन सिंक में रखना
बच्चे को शुरू से ही यह आदत डालें कि घर अपना हो या किसी और का, खाना खत्म हो जाने के बाद हमेशा प्लेट को सिंक में रखें।

### तारीफ भी करें
अपने बच्चे में इस बात की आदत भी डालें कि खाने के बाद खाना बनाने वाले की तारीफ भी करे।



## तांत्रिक ने पांच साल की मासूम बच्ची की बलि चढ़ा दी

छोटाउदेपुर (एजेंसी)। मध्य गुजरात से मानव बलि की एक चौंका देनेवाली घटना सामने आई है। एआई के युग में कुछ लोग अभी भी अंधविश्वास से चिपके हुए हैं। छोटाउदेपुर में अंधविश्वास में एक बच्ची की बलि चढ़ा दी गयी। घटना छोटाउदेपुर जिले की बोडेली तहसील के पाणेज गांव में घटी। इसमें लालू हिम्मत तड़वी नाम के तांत्रिक ने एक बच्ची की जान ले ली है। तांत्रिक सामने वाले घर में रहनेवाली 5 साल की बच्ची को अपने घर ले गया और कुल्हाडी से उसका गला काट दिया। इतना ही नहीं मासूम बच्ची के बाद उसके छोटे भाई की भी बलि चढ़ाने को तांत्रिक तैयार था। लेकिन स्थानीय लोगों की वजह से बच्ची के भाई की जान बच गई। स्थानीय लोगों ने बच्चे को बचाया और तुरंत पुलिस को घटना की सूचना दे दी। जिसके आधार पर तहसीलदार समेत पुलिस काफिला मौके पर पहुंच गई और आरोपी तांत्रिक लालू तड़वी को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही मासूम बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज मामले की जांच शुरू कर दी है। छोटाउदेपुर में मानव बलि की यह कोई पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी जिले के कई गांवों में अंधविश्वास के कारण निर्दोष लोगों की हत्या कर दी गई। तांत्रिकों पर भरोसा करके तूफ़ान, पुरानी बीमारियों या अचानक होने वाली दुर्घटनाओं के लिए निर्दोष लोगों को दोषी ठहराने की परंपरा अभी भी है। अंधविश्वास के कारण नाते-रिश्तेदारों ने ही अपने करीबी लोगों पर शक करके उनके साथ मारपीट या हत्या तक कर दी।

## भाजपा ने लाठीचार्ज का वीडियो जारी कर कहा- अपने ही देश में जीत का जश्न नहीं मना सकते

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी ने तेलंगाना का एक वीडियो शेयर किया है। इसमें पुलिस लाठियां भांजती दिखाई दे रही है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि अपने ही देश में क्रिकेट की जीत का जश्न मनाना भी गुनाह हो गया है। भाजपा ने एक वीडियो भी साझा किया है, जिसमें पुलिस लोगों पर लाठियां बरसाती नजर आ रही है। इस घटना को लेकर भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर सवाल उठाए हैं। भारत ने रविवार को रोमांचक फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने पुलिस की कार्रवाई का वीडियो साझा किया है। उन्होंने लिखा, चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत का जश्न मनाने से लोगों को रोकने के लिए हैदराबाद पुलिस ने दिलखुशनगर में लाठीचार्ज का इस्तेमाल किया। ऐसी ही घटना करीमनगर में भी देखी गई है। क्या कांग्रेस शासित राज्यों का यह नया पैंतरा है? उन्होंने आगे पूछा, ये आखिर किसे खुश करने की कोशिश कर रहे हैं? भारतीय अपने ही देश की जात का जश्न मनाने के लिए कहां जाएंगे? फिलहाल, इस घटना को लेकर कांग्रेस या तेलंगाना पुलिस की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## दिल्ली में रात को हुई फायरिंग, युवक की मौत से गुस्साए लोगों ने सुबह लगा दिया जाम

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में रविवार देर रात को दो गुटों के बीच हुई फायरिंग में एक युवक की मौत हो गई। इस घटना से गुस्साए लोंगों ने सोमवार सुबह सड़क जाम कर अपना विरोध जताया। जानकारी अनुसार रविवार को देर रात हुई दो गुटों में फायरिंग की घटना में एक व्यक्ति को गोली लग गई। गंभीर घायलावस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित लोगों ने सोमवार सुबह को सड़क जाम कर अपना विरोध जताया है। डीसीपी ईस्ट ने घटना के संबंध में बताया कि रविवार देर रात दो गुटों में फायरिंग हुई थी। इस फायरिंग में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान रोहित के तौर पर हुई है। दो गुटों में हुई फायरिंग का कारण पैसों का लेन-देन होना बताया जा रहा है। इस घटना के बाद पुलिस ने 02 लोगों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, जबकि कुछ लोगों ने इसे सांप्रदायिक रुख देने की कोशिश की है, लेकिन प्रारंभिक जांच में ऐसा कुछ भी नहीं मिला है। डीसीपी ईस्ट ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, जिसके बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## 40 साल बाद सुप्रीम कोर्ट ने कहा- रेप साबित करने के लिए प्राइवेट पार्ट पर चोट जरूरी नहीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। एक दुष्कर्म के मामले में 40 साल बाद सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि दोष सिद्ध करने के लिए प्राइवेट पार्ट पर चोट के निशानों का होना ही जरूरी नहीं हैं। इसके लिए अन्य सबूतों को भी आधार बनाया जा सकता है। एक ट्यूशन टीचर पर अपनी ही छात्रा के साथ रेप का आरोप था। टीचर का कहना था कि पीड़िता के प्राइवेट पार्ट्स पर कोई भी निशान नहीं था इसलिए रेप को साबित नहीं किया जा सकता। उसका कहना था कि पीड़िता की मां ने उसपर झूठा आरोप लगाया है।

दोनों ही तर्कों को खारिज करते हुए जस्टिस संदीप मेहता और प्रसन्ना बी की बेंच ने कहा कि मेडिकल रिपोर्ट्स में चोट के निशान नहीं पाए गए थे। हालांकि इसकी वजह से अन्य सबूतों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। जस्टिस वराले ने कहा, जरूरी नहीं है कि रेप के हर मामले में पीड़िता के शरीर पर चोट के निशान ही पाए जाएं। कोई भी केस परिस्थितियों पर निर्भर करता है। इसलिए रेप के आरोप साबित करने के लिए पीड़िता के शरीर पर चोट के निशानों को जरूरी नहीं माना जा सकता। वहीं पीड़िता की मां पर लगाए गए आरोपी के आरोपों को लेकर बेंच ने कहा, इस केस को लेकर इस तरह की बातों की तह में जाने का कोई मतलब नहीं है। हमें ऐसी कोई भी वजह नहीं पता चली है जिसकी वजह से मां अपनी बेटी को पीड़िता बनाए और टीचर को फंसाने के लिए झूठा केस दर्ज करवाए। इसका मां के चरित्र से कोई लेना-देना भी नहीं है। बता दें कि इस केस को थ्री टायर जूडिशल सिस्टम से गुजरने में 40 साल का वक्त लग गया।

# स्टालिन और कमल हासन के बयान का समर्थन कर उद्धव पिता बाल साहेब ठाकरे के हिंदी प्रेम को भूले



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हार के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे फिर मराठा, मराठी और मराठी मानुष के पुराने फॉर्मूले पर लौट रहे हैं। महाराष्ट्र में निकाय चुनाव से पहले नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के बहाने अब उद्धव ने मराठी दांव खेल दिया है। उन्होंने अभिनेता से नेता बने कमल हासन ने हिंदिया वाले बयान का समर्थन किया है।

बता दें कि आरएसएस नेता भैयाजी जोशी ने मुंबई में मराठी बोलने को अनिवार्य नहीं बताया था। पूर्व सीएम ठाकरे ने इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति से जोड़ते हुए मराठा अस्मिता का मुद्दा बना दिया है।

दरअसल दिवंगत हिंदुवादी नेता बाल साहेब ठाकरे ने बीजेपी के जय श्री राम को काउंटर करने के लिए जय भवानी, जय शिवाजी का नारा भी बुलंद किया। मगर विवाद में उनके सुपुत्र उद्धव ठाकरे भूल गए कि बाल ठाकरे को भी मुंबई में हिंदी अखबार निकालने की जरूरत क्यों पड़ी थी?

अक्टूबर-नवंबर में होने वाले मुंबई निकाय चुनाव की तैयारियों में जुटे उद्धव ने कार्यकर्ताओं से कहा कि कमल हासन सही थे जब उन्होंने कहा कि वे (केंद्र) हिंदिया बनाना चाहते हैं, वे देश में फूट डालना चाहते हैं। उन्होंने सीएम स्टालिन के बयान को दोहराया। ठाकरे ने दावा किया कि उन्हें बिहार के लोगों ने बताया कि हिंदी के कारण राज्य की कई भाषाएं विलुप्त हो गई हैं। स्टालिन भी कई बार कह चुके हैं कि हिंदी और संस्कृत के कारण उत्तर भारत की 25 भाषाएं विलुप्त हो गई हैं। ठाकरे ने कहा कि हम हिंदी के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन बीजेपी भाषा के मुद्दे पर फूट डालो और राज करो की नीति अपना रही है।

दरअसल अब उद्धव ने क्षेत्रीय पार्टियों की राजनीति के सूत्र को फिर पकड़ लिया है, इसमें जाति और भाषा जैसे क्षेत्रीय अस्मिता से जोड़े जाते हैं। संघ के पूर्व सरकार्यवाह जोशी के मराठी भाषा वाले बयान से उन्हें मौका भी मिल गया। संघ नेता जोशी ने कार्यक्रम में कहा कि मुंबई की एक भाषा नहीं है। मुंबई के हर हिस्से की अपनी अलग भाषा है और यहां रहने वाले को मराठी सीखने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि जैसे घाटकोपर की भाषा गुजराती है और वहां इससे भी काम चल सकता है। शिवसेना (यूबीटी) ने जोशी के बयान को लपक लिया और बयान को मराठी अस्मिता से जोड़ दिया। इस मुद्दे पर महाराष्ट्र विधानसभा में भी काफी हंगामा हुआ। विवाद बढ़ने पर संघ के नेता जोशी ने सफाई दी कि उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया गया। विधानसभा में सीएम देवेंद्र फड़नवीस ने भी कहा कि महाराष्ट्र की भाषा मराठी है और यहां रहने वाले लोगों को मराठी सीखनी चाहिए।

आरएसएस का मुख्यालय नागपुर में है। केशव बलराम हेडगवार, लक्ष्मण परांजपे, माधवराव सदाशिव गोलवरकर, बाला साहेब देवरस और मोहन भागवत सहित इसके अधिकतर पदाधिकारी महाराष्ट्र से ही बनते हैं। इसके बावजूद आरएसएस और भारतीय जनता पार्टी पर कट्टर हिंदी समर्थक होने के आरोप लगते हैं।

## पूर्णिया सांसद पप्पू का बयान, सवाल ही नहीं उठता आरजेडी और उसके नेता महागठबंधन पर कोई निर्णय लें

पटना। बिहार में साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इस लेकर तमाम पार्टियों ने तैयारी शुरू कर दी है। विधानसभा चुनाव से पहले इसतरह के कयास लगाए जा रहे हैं कि महागठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने महागठबंधन को लेकर बड़ा बयान दिया है।



महागठबंधन में आरजेडी के नेतृत्व को लेकर सांसद पप्पू ने कहा कि महागठबंधन का निर्णय सामूहिक होता है। सबकी सहमति से होता है। महागठबंधन का निर्णय राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, माले के नेता और लालू यादव सब मिलकर लेने वाले है। लेकिन महागठबंधन का नेतृत्व कांग्रेस करेगी। सांसद यादव ने दो टूक कहा, सवाल ही नहीं उठता है कि आरजेडी और उनका कोई भी नेता अकेला सक्षम है, निर्णय लेने के लिए। कांग्रेस कभी भी किसी के थोपे हुए निर्णय पर नहीं चलती है और ना ही स्वीकार करती है। कांग्रेस हमेशा देश और समाज के हित में निर्णय लेती है। जो बिहार के हित में होगा वहां निर्णय कांग्रेस लेगी। आरजेडी अपनी पार्टी के निर्णय लेने में सक्षम है। महागठबधन का निर्णय कांग्रेस नेतृत्व के साथ बैठकर ही होगा। दरअसल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधायक अजीत शर्मा ने कहा था कि मुख्यमंत्री का चेहरा चुनाव जीतने के बाद तय होगा। जो जीते हुए विधायक के द्वारा तय होगा।

## ललित मोदी न घर के ना घाट के: भारत की छोड़ी, वानूआतू की नागरिकता ली, अब यहां भी रद्द?



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल के पूर्व अध्यक्ष और वित्तीय गड़बड़ियों के आरोपी ललित मोदी अब घर के रहे न घाट के। वजह ये है कि मोदी भारत की नागरिकता छोड़ चुके हैं। उन्होंने वानूआतू की नागरिकता ली थी। लेकिन भारत के दवाब के चलते वहां के पीएम ने साफ कर दिया कि ललित मोदी की नागरिकता खत्म की जाएगी।

विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की थी कि ललित मोदी ने अपना पासपोर्ट सरेंडर करने का आवेदन कर दिया है। ललित मोदी 2010 में भारत से भागने के बाद लंदन में ही रह रहे थे। कई बार उन्होंने इंटरव्यू भी दिया और खुद को बेकसूर बताया है। भारतीय पासपोर्ट सरेंडर करने के बाद पता चला कि उन्होंने प्रशांत महासागर के द्वीपीय देश वानूआतू का नागरिकता ले ली है। उन्हें गोल्डन पासपोर्ट मिल गया है। दरअसल वानूआतू अमीर लोगों को अपने देश की नागरिकता खरीदने की अनुमति देता है। लगभग 1.3 करोड़ रुपये ही खर्च करके वहां का पासपोर्ट लिया जा सकता है। हालांकि रिपोर्ट्स में बताया गया कि वानूआतू के पीएम ने अपने सिटिजनशिप कमीशन को उनका पासपोर्ट रद्द करने का आदेश दे दिया है।

ललित मोदी भारतीय एजेंसियों की पकड़ से दूर जाने की पूरी योजना बना चुके थे। माना जा रहा था कि दूसरे देश की नागरिकता मिलने के बाद उनका प्रत्यर्पण बहुत मुश्किल हो जाएगा। वानूआतू की मीडिया में बताया गया है कि भारत के दबाव के बाद ही प्रशासन ने ललित मोदी पर एक्शन लेने का फैसला किया है। रिपोर्ट यह भी कहती है कि न्यूजीलैंड में भारत की उच्चायुक्त नीता भूषण ने ललित मोदी का पासपोर्ट रद्द करवाने में बड़ी भूमिका निभाई है। वानूआतू को पहले जानकारी नहीं थी कि ललित मोदी का रिकॉर्ड क्या है। भगोड़ा होने की जानकारी मिलने के बाद उनपर एक्शन लिया गया है।

## बाबा बागेश्वर के बयान से नहीं बदल सकते संविधान: तारिक अनवर

**पटना (एजेंसी)।** (ईएमएस)। पंडित धीरेंद्र शास्त्री द्वारा भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग को लेकर सवाल किए जाने पर कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद तारिक अनवर ने कहा, यह बाबा बागेश्वर की अपनी राय हो सकती है, लेकिन जो संविधान सभा में बहुत चिंतन और मंथन के बाद संविधान बनाया गया है, वह एक व्यक्ति के बयान से बदलने वाला नहीं है। हमारे देश का संविधान जो विचारशीलता और बहस के बाद तैयार हुआ, उसे किसी के बयान से बदला नहीं जा सकता।




अनवर ने मीडिया से बात करते हुए कई मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखी। उन्होंने पंडित धीरेंद्र शास्त्री द्वारा हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग, नीतीश कुमार द्वारा भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद का पैर छूने और आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की रणनीति पर टिप्पणी की। चुनाव के समय इस प्रकार के बयान दिए जाते हैं, ताकि माहौल को बिगाड़ा जा सके। चुनाव आ रहे हैं और इस समय इस तरह की बातें करना सामान्य हो जाता है। मगर सवाल यह है कि संविधान ने हमें जो दिशा दी है, वह कभी भी किसी व्यक्ति के बयान से बदलने वाली नहीं है।

बिहार में बाबाओं के दौरे पर तारिक अनवर ने कहा, भाजपा को अपने काम और संगठन पर विश्वास नहीं रहा, इसलिए वह अब बाबाओं का सहारा ले रही है। यह दिखाता है कि उनकी स्थिति कमजोर हो चुकी है और उन्हें अब ऐसी बाहरी शक्तियों का सहारा लेना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद का पैर छूने को लेकर पूछे जाने पर सांसद ने कहा, नीतीश कुमार ने पहले भी कई बार इस तरह का काम किया है, और यह सभी को पता है कि वह बीमारी से ग्रस्त हैं। ऐसे मामलों में कुछ भी प्रतिक्रिया देने से पहले हमें उनके स्वास्थ्य और स्थिति को समझना चाहिए। 2025 के विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की रणनीति पर बात करते हुए तारिक अनवर ने कहा, हम सभी को एक साथ मिलकर चुनाव में उतरने की उम्मीद है। हम पिछली बार की कसर को दूर करेंगे और इस बार मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। इंडिया गठबंधन की सरकार यहां बनेगी। इंडिया गठबंधन के मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर भी तारिक अनवर ने स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हमेशा बड़ी पार्टी के पास ही मुख्यमंत्री बनने का अधिकार होता है।

## गर्मी बढ़ने से ओडिशा के जंगलों में 7 दिन में हुई 2,586 आग की घटनाएं

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** गर्मी बढ़ने के साथ ही ओडिशा के जंगलों में आग लगने की बढ़ती घटनाओं ने चिंता पैदा कर दी है। भारतीय वन सर्वेक्षण (एफएसआई) के आंकड़ों के मुताबिक पिछले सात दिनों में राज्य के कई जंगलों में 2,586 आग लगने की घटनाएं हुई हैं। एफएसआई के मुताबिक 2 मार्च से 9 मार्च के बीच ओडिशा के कई जंगलों में आग लगने की घटनाएं सामने आई है। इन जंगलों में मालकानगिरी, नधरंगपुर, कोरापुट, नुआपड़ा, कालाहांडी, बरगढ़, बलांगीर। रायगढ़ा, कंधमाल, सुंदरगढ़, बौद्ध, सुधर्णपुर, झारसुगुड़ा, संबलपुर, गजपति, गंजाम, देवगढ़, अनूगुल, कटक, नयागढ़, केंदुझर, मयूरभंज, ढेंकानाल और जाजपुर जिले के जंगल शामिल हैं। लगातार आग की इन घटनाओं से वन अधिकारी भी परेशान है, उनके द्वारा आग बुझाने की कोशिश की जा रही है। नतीजतन राज्य में अब आग लगने वाले स्थानों पर वे जल्दी से नहीं पहुंच पा रहे हैं। यह आग लगातार बढ़ती जा रही है। इस वजह से कई पेड़ों और प्राकृतिक वनस्पतियों के नष्ट होने और पारिस्थितिकी संतुलन को खतरा पैदा हो रहा है। बता दें 25 फरवरी से 4 मार्च के बीच राज्य के कई जंगलों में 1,172 जगह पर आग लगने की सूचना मिली थी। हालांकि, तब से लेकर अब तक आग लगने की घटना लगातार बढ़ती ही जा रही है। आंकड़ों से पता चला है कि यह संभावना है कि तापमान में बढ़ोतरी और शुष्क मौसम की स्थिति के कारण जंगल में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं। गौरतलब है कि बढ़ते तापमान और शुष्क मौसम ने विस्फोटक स्थितियां पैदा कर दी हैं, 2025 में 1,956 अग्नि बिंदुओं में से 46 फीसदी फरवरी के एक सप्ताह के दौरान घटित हुई हैं। एफएसआई ने फरवरी के बीच तक अकेले कोरापुट सर्कल में 11 बड़ी सक्रिय आग की सूचना दी, जो दक्षिणी ओडिशा के जंगलों में शुरुआती पत्ती गिरने से और बढ़ गई।

## बड़ी उपलब्धि- 5वीं जेनरेशन के लड़ाकू विमान जल्द तैयार करेगा भारत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय वायुसेना लड़ाकू विमानों की भारी कमी से जूझ रही है। दूसरी तरफ दोनों दुश्मन पड़ोसी देश चीन और पाकिस्तान दोनों ने पांचवी पीढ़ी के फाइटर जेट की तैनाती कर दी है। ऐसे में देश की सुरक्षा में एक-एक पल भारी पड़ रहा है। लेकिन, ऐसा नहीं है कि भारत सरकार और सेना इस जरूरत को नहीं समझ रहे हैं। भारत भी अपनी तैयारी में जुटा हुआ है।



ये विमान भारत में बनेंगे और उस हर एक चीज और हथियार भारत की जरूरत के हिसाब से लगाए जाएंगे। अब भारत को फैसला करना है कि वह इस बारे में क्या फैसला लेता है। जानकार का यहां तक कहना है कि भारत और रूस मिलकर जो पांचवीं पीढ़ी के विमान बनाने की बात कर रहे हैं उसका नाम सुखोई-60 होगा, जो कई मामलों में सुखोई-57 से काफी उन्नत विमान होगा। रूस पांचवीं पीढ़ी के विमान उपलब्ध कराने में भारत की हर तरह से मदद करना चाहता है। भारत भी इसको लेकर बेहद गंभीर है। क्योंकि चीन ने अपने बेड़े में पांचवीं पीढ़ी के दो विमान शामिल कर लिया। साथ ही उसने पाकिस्तान को भी 5वीं पीढ़ी के विमान दे दिए हैं। पाकिस्तान के सैन्य बेड़े में 2029 तक ये विमान आ जाएंगे। भारत पहले से ही सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल कर रहा है। ये 4+ पीढ़ी के बेहद घातक विमान हैं। टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के तहत भारत में एचएएल के प्लांट में 222 विमान असेंबल किए जा चुके हैं। कंपनी ने कहा कि भारत चाहे तो बहुत कम समय में सुखोई-30 के लिए लगाए गए प्लांट को अपग्रेड किया जा सकता है। उसमें सुखोई-57 का निर्माण शुरू किया जा सकता है। इसके साथ ही भारत की जरूरत के हिसाब से पूरी तरह एक नए विमान को भारत के साथ मिलकर विकसित करने का ऑफर दिया है।

बीते दिनों अमेरिका के दौरे पर पीएम नरेंद्र मोदी को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने अपने सबसे आधुनिक 5वें जेन फाइटर जेट एफ-35 को देने का ऑफर दिया था। लेकिन, भारत की जरूरत को ये फाइटर जेट कितना पूरा करता है? इसको लेकर पुख्ता तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता। दूसरी तरफ अमेरिका में भी कुछ लोग इस फाइटर जेट को कबाड़ बता चुके हैं। ऐसे में भारत के लिए इस फाइटर जेट पर भरोसा करना आसान नहीं है। भारत के सामने एक दूसरा विकल्प है रूसी सुखोई-57 फाइटर जेट। यह भी पांचवीं पीढ़ी का शानदार फाइटर जेट है। यूक्रेन के साथ युद्ध में रूसी सेना इस फाइटर जेट की क्षमता दिखा चुकी है। लेकिन, भारत की जरूरतों के हिसाब से यह फाइटर जेट को भी परफेक्ट नहीं माना जा रहा है। ऐसे में भारत के सामने क्या विकल्प हैं? भारत अपना फाइटर जेट बनाने की दिशा में काम कर रहा है लेकिन, उसमें काफी देरी हो रही है। एचएएल समय पर आपूर्ति करने की स्थिति में नहीं है। इस बीच रूस से भारत को नया ऑफर मिला है। सुखोई विमान बनाने वाली रूसी कंपनी ने कहा है कि भारत चाहे तो बेहद कम समय में सुखोई-57 विमानों का अपने यहां प्रोडक्शन शुरू कर सकता है। कंपनी ने बकायदा एक बयान जारी कर कहा है कि वह भारत को पांचवी पीढी का विमान देने के लिए हर तरह की मदद करने को तैयार है।

## गुलमर्ग में रमजान के दौरान फैशन शो पर मचा हंगामा, अब आयोजकों ने मांगी माफी

**कश्मीर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के मशहूर स्की टाउन गुलमर्ग में रमज़ान के पवित्र महीने में आउटडोर फैशन शो आयोजित करने वाले फैशन डिज़ाइनर शिवन और नरेश ने इस कार्यक्रम की मेज़बानी के लिए माफ़ी मांगी है। शो को लेकर काफ़ी विवाद हुआ था। डिज़ाइनरों ने कहा कि रमज़ान के दौरान शो आयोजित किए जाने से लोगों को जो भी दुख पहुंचा है, उसके लिए वे बहुत खेद व्यक्त करते हैं और उनका एकमात्र उद्देश्य रचनात्मकता का जश्न मनाना था। डिजाइनरों ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रमज़ान के पवित्र महीने के दौरान गुलमर्ग में हमारी हालिया प्रस्तुति से किसी को हुई ठेस के लिए हम गहरा खेद व्यक्त करते हैं। हमारा एकमात्र उद्देश्य बिना किसी को या किसी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने की इच्छा के रचनात्मकता और स्की और एपीआरएस-स्की जीवन शैली का जश्न मनाना था।



मीरवाइज फारूक ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि द शर्मनाक है! रमजान के पवित्र महीने में गुलमर्ग में एक अश्लील फैशन शो आयोजित किया गया, जिसकी तस्वीरें और वीडियो वायरल हुए हैं। इससे लोगों में नाराजगी है। सूफी संत संस्कृति और लोगों के गहरे धार्मिक दृष्टिकोण के लिए जानी जाने वाली घाटी में इसे कैसे बर्दाश्त किया जा सकता है?'' उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन में शामिल लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। मीरवाइज ने कहा, ''इसमें शामिल लोगों को तुरंत जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। पर्यटन को बढ़ावा देने के नाम पर इस तरह की अश्लीलता कश्मीर में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उमर अब्दुल्ला ने कहा कि लोगों में गुस्सा बिल्कुल समझ जा सकता है। मैंने जो तस्वीरें देखी हैं, उनमें स्थानीय संवेदनाओं के प्रति पूरी तरह से उपेक्षा दिखाई देती है और वह भी (रमजान के) इस पवित्र महीने के दौरान। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने कहा कि मेरा कार्यालय स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है और मैंने अगले 24 घंटों के भीतर रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है। इस रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सामाजिक कार्यकर्ता राजा मुजफ्फर भट ने इस कार्यक्रम को कश्मीर के नैतिक और धार्मिक मूल्यों को नष्ट करने का प्रयास बताया।

## राहुल गांधी के बयान से कांग्रेस में बढ़ेगी कलह, हर गुट दूसरे गुट को बीजेपी की 'बी टीम' साबित करेगा

**-जानकारों का मानना कांग्रेस की इस स्थिति के लिए शीर्ष नृतत्व जिम्मेदार**

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात में विधानसभा चुनाव अभी दो साल का समय शेष हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी पीएम मोदी के गृहराज्य में पहले से ही सक्रिय हो गई है। बीते तीन दशकों से गुजरात में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) सत्ता में काबिज है, जबकि कभी यह कांग्रेस का गढ़ हुआ करता था। शायद इस कारण है कि कांग्रेस को लगता है कि आगामी चुनावों में उसकी संभावनाएं बन सकती हैं। राहुल गांधी के हालिया गुजरात दौरे को इसी संदर्भ में देखा जा रहा है।

राहुल गांधी ने गुजरात कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित कर कहा कि पार्टी गुजरात की जनता को सही दिशा नहीं दिखा पा रही है। उन्होंने कांग्रेस के भीतर दो तरह के लोगों की बात की एक जो जनता के साथ हैं और दूसरे जो जनता से कटे हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ नेता बीजेपी के साथ मिले हुए हैं, जिससे कांग्रेस की छवि खराब हो रही है। राहुल ने सख्त कदम उठाने का संकेत देकर कहा कि यदि जरुरी होने पर 10, 15, 20 या 30 लोगों को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया जाएगा।

वहीं राहुल गांधी के बयान के बाद कांग्रेस में आंतरिक कलह बढ़ने की संभावना है। उनके बयान के बाद हर गुट दूसरे गुट को बीजेपी की 'बी टीम' साबित करने की कोशिश करेगा। इससे गुजरात कांग्रेस के अंदर फूट और अधिक बढ़ सकती है। वहीं, कांग्रेस के कुछ वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि राहुल का यह बयान पार्टी के लिए नुकसानदायक हो सकता है, क्योंकि इससे कांग्रेस छोड़ने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

राहुल गांधी ने अपने कार्यकर्ताओं से कहा कि गुजरात में कांग्रेस को खड़ा करने का उनका प्रोजेक्ट 50 साल का है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि वर्तमान समय में जब युवा पीढ़ी पांच साल का भी इंतजार नहीं करना चाहती, वहां 50 साल का लक्ष्य पार्टी कार्यकर्ताओं के मनोबल को गिरा सकता है।

इतना ही नहीं नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित कर राहुल गांधी ने कांग्रेस की संगठनात्मक खामियों पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस अक्सर रेस के घोड़े को बारात में और बारात के घोड़े को रेस में भेज देती है। राहुल गांधी के इस तंज के बाद सवाल उठता है कि क्या पार्टी नेतृत्व खुद इस स्थिति के लिए जिम्मेदार नहीं है? राजस्थान, पंजाब, असम और मध्यप्रदेश में पार्टी नेतृत्व की गलतियों के उदाहरण सामने हैं, जहां कांग्रेस के कई कद्दावर नेता पार्टी छोड़ चुके हैं। गुजरात में आगामी चुनावों के मद्देनज़र कांग्रेस की रणनीति कितनी सफल होगी, यह समय ही बताएगा। लेकिन राहुल गांधी के इस बयान के बाद पार्टी के भीतर हलचल तेज हो गई है।



# बिटकॉइन के भाव में आई गिरावट, क्रिप्टो बाजार के निवेशक हुए निराश

**नई दिल्ली।**

बिटकॉइन के भाव में सोमवार को भारी गिरावट देखने को मिली। यह गिरावट तब हुई जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के लिए एक स्ट्रैटेजिक बिटकॉइन रिजर्व बनाने का आदेश दिया है। इसके बाद बिटकॉइन की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। सोमवार को बिटकॉइन की कीमत 5.47 फीसदी गिरकर 81,712 डॉलर पर आ गई। यह रिजर्व उन बिटकॉइन से भरा जाएगा जो अपराधिक और सिविल केस में जब्त किए गए हैं।

अमेरिकी सरकार का अतिरिक्त बिटकॉइन खरीदने की कोई योजना नहीं है। पिछले गुरुवार को इस रिजर्व की घोषणा के बाद, क्रिप्टो मार्केट में निवेशक निराश हो गए, क्योंकि सरकार ने इसके लिए बड़ा कदम नहीं उठाया। सोमवार को दूसरे क्रिप्टो करेंसीज जैसे ईथर और एक्सआरपी की कीमतें भी गिर गईं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सुबह 9¬43 बजे तक दोनों करेंसीज करीब 7.5 फीसदी नीचे चले गए। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा था कि वह स्टेबलकॉइन्स के लिए नियम बनाने के प्रयासों का समर्थन करेंगे ताकि अमेरिकी डॉलर दुनिया की सबसे मजबूत करेंसी बना रहे।



ट्रंप और क्रिप्टो जार डेविड सैक्स ने वाशिंगटन में क्रिप्टो उद्योग के बड़े लोगों के साथ बैठक की। इस बैठक में ट्रंप ने कहा कि मैं कांग्रेस के उन नेताओं का पूरा समर्थन करता हूं जो डॉलर-बैक्ड स्टेबलकॉइन्स और डिजिटल एसेट्स मार्केट के लिए नियम बनाने पर काम कर रहे हैं। अमेरिका ट्रेजरी सेक्रेटरी ने कहा कि वह बाइडेन सरकार के बनाए नियमों को अपडेट करने के लिए रेगुलेटर्स के साथ मिलकर काम करेंगे। ट्रंप ने बाइडेन सरकार पर अरबों डॉलर के बिटकॉइन बेचने का आरोप लगाया और कहा कि उनकी सरकार ऐसा नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में अमेरिकी सरकार ने बेवकूफी में हजारों बिटकॉइन बेच दिए थे, जिनकी कीमत अरबों डॉलर थी अगर उन्हें नहीं बेचा जाता तो आज स्थिति कुछ और होती।

# विदेशी निवेशकों ने सिर्फ 7 सेक्टर्स से ही 96 फीसदी निकासी की

**- सात क्षेत्रों में एफआईआई की बिकवाली 2.04 लाख करोड़ रुपये रही**




**नई दिल्ली।**

भारतीय शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली का दौर जारी है। मार्च के पहले सप्ताह में भारतीय शेयर बाजारों से 24,753 करोड़ रुपये निकाले। फरवरी में विदेशी निवेशकों ने 34,574 करोड़ रुपये और जनवरी में 78,027 करोड़ रुपये मूल्े य के शेयरों की बिकवाली की। खास बात यह है कि पिछले पांच महीनों में भारत में सात क्षेत्र एफपीआई की सबसे ज्यादा बिकवाली की चपेट में आए हैं और कुल एफपीआई बिक्री में से 96 फीसदी तो केवल इन सात सेक्टरों में ही हुई है। विदेशी निवेशकों ने जिन सेक्टर के शेयर सबसे ज्यादा बेचे हैं, उनमें वित्तीय सेवाएं, तेल और गैस, ऑटोमोटिव (ऑटो) और ऑटो कम्पोनेंट, एफएमसीजी, उपभोक्ता सेवाएं, निर्माण और बिजली शामिल हैं। इन सात क्षेत्रों में एफआईआई की बिकवाली 2.04 लाख करोड़ रुपये रही है, जो कुल बिक्री का 96 फीसदी है।

विदेशी निवेशकों ने 52,488 करोड़ रुपये मूल्य के वित्तीय सेवा क्षेत्र के शेयर बेचे। तेल और गैस शेयरों में 50,565 करोड़ रुपये, ऑटो शेयरों में 32,067 करोड़ रुपये, एफएमसीजी में 28,108 करोड़ रुपये और उपभोक्ता सेवा शेयरों में 17,005 करोड़ रुपये की बिकवाली की है। बिकवाली के बावजूद, वित्तीय सेवा क्षेत्र में एफपीआई का सर्वाधिक सेक्टोरल आवंटन (30.83 फीसदी) बना रहा।

इसके बाद 9.87 फीसदी के साथ आईटी और 7 फीसदी के साथ तेल, गैस एवं उपभोग योग्य ईंधन का स्थान रहा है। भारतीय शेयरों की भारी बिकवाली के बीच कुछ सेक्े टरों में एफआईआई ने पैसा भी लगाया है। जिन सेक्े टरों में निवेश किया है उनमें सूचना प्रौद्योगिकी, रियल एस्े टेट और दूरसंचार प्रमुख हैं।

# आईएमएफ से कर्ज लेकर ब्रिक्स बैंक में निवेश करेगा पाकिस्तान!

**- भारत पाकिस्तान की योजना पर जताएगा आपत्ति**




**नई दिल्ली।**

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने पिछले वर्ष पाकिस्तान को दी गई 7 अरब डॉलर की बेलआउट पैकेज की पहली समीक्षा शुरू कर दी है। इस बीच भारत, ब्रिक्स देशों द्वारा स्थापित न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) में लगभग 600 मिलियन डॉलर का निवेश करने की पाकिस्तान की योजना पर आपत्ति जताने के लिए तैयार है। भारत यह आपत्ति ऐसे समय में उठाएगा, जब कर्ज की दूसरी किस्त पर आईएमएफ बोर्ड विचार करेगा।

भारत आमतौर पर आईएमएफ बोर्ड की बैठकों में पाकिस्तान के कर्ज अनुरोधों पर मतदान से बचता रहा है। हालांकि, जनवरी 2024 में जब आईएमएफ बोर्ड पाकिस्तान के 3 बिलियन स्टैंड-बाय अरेंजमेंट की समीक्षा कर रहा था, तब भारत ने आईएमएफ से सख्त निगरानी की मांग की थी। भारत ने आईएमएफ से कहा था कि उसे यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इमरजेंसी मदद का इस्तेमाल पाकिस्तान डिफेंस खर्च और विदेशी कर्ज चुकाने के लिए न करे। पाकिस्तान सरकार की आर्थिक समन्वय समिति ने शंघाई स्थित न्यू डेवलपमेंट बैंक में 582 मिलियन डॉलर के शेयर खरीदने की योजना बनाई है, जिससे पाकिस्तान को बैंक में 1.1 फीसदी हिस्सेदारी मिलेगी। यह कदम भारत की नई चिंता का कारण है। एनडीबी की स्थापना 2015 में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका द्वारा की गई थी और यह 2016 से सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

# एफएचआरएआई ने कहा- होटल में खाद्य और पेय सेवाओं पर जीएसटी मंजूर नहीं

**नई दिल्ली।**

भारतीय फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन (एफएचआरएआई) होटलों को होटल कमरों के किराये से खाद्य और पेय सेवाओं पर गुडस एंड सेर्विस टैक्स (जीएसटी) को अलग करने की मांग कर रहे हैं। एफएचआरएआई के अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में होटलों को एक्सेस टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ उठाना पड़ता है, जिसका शुल्क 18 फीसदी जीएसटी होता है। उन्होंने इसे अनुचित और चुनौतीपूर्ण बताया और एक फ्लेक्सिबल सिस्टम की मांग की है। जीएसटी काउंसिल ने हाल ही में कई उत्पादों और सेवाओं पर जीएसटी की दरों में बदलाव किया था। इससे ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन में उछाल आया है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, फरवरी में 1.84 लाख करोड़ रुपये की जीएसटी कलेक्शन हुआ है। बता दें कि कई प्रोडक्ट्स और सर्विसेज पर अलग-अलग जीएसटी रेट्स को लेकर आवाजे उठती रही हैं और सरकार ने समीक्षा के बाद इनमें बदलाव किया है। जीएसटी काउंसिल की बैठक में कई उत्पाद और सेवाओं पर जीएसटी की दरों युक्तिसंगत बनाया गया है। इससे पहले फरवरी में ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन में 9.1 फीसदी का उछाल आया है।

# नंबर-1 स्कूटर का ताज ओला इलेक्ट्रिक का ताज छिना

**नई दिल्ली।**

देश की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर कंपनी ओला इलेक्ट्रिक का ताज अब छिन चुका है। दरअसल, कुछ महीनों से बजाज चेतक और टीवीएस आईक्यूब के मॉडल लगातार ओला के करीब पहुंच रहे थे। ऐसे में अब इन दोनों कंपनियों ने इसमें कामयाबी हासिल कर ली है। खासकर, बजाज चेतक को इसमें बड़ी सफलता मिली है। ये इलेक्ट्रिक स्कूटर अब देश की नंबर-1 मॉडल भी बन गया है। बजाज चेतक इलेक्ट्रिक की सेल्स की बात करें तो कंपनी ने पिछले महीने 21,335 यूनिट बेचीं। अभी कंपनी के पोर्टफोलियो में चेतक इलेक्ट्रिक अकेला मॉडल है, जिसे कई अलग बैटरी पैक और वैरिएंट में खरीदा जा सकता है। इसे साल-दर-साल के आधार पर 81प्रतिशत की दमदार ग्रोथ भी मिली है। बजाज ऑटो की फरवरी में अपने सेगमेंट में 28प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी रही। वहीं, 11 महीने में 1,95,651 यूनिट की रिटेल सेल्स के साथ इसे साल-दर-साल के आधारा पर 121 प्रतिशत ग्रोथ मिली है। उम्मीद है कि मार्च 2025 में चेतक की 25,000 यूनिट और बिकेंगी। इसका मतलब है कि फाइनेंशियल ईयर 2025 में इसकी कुल बिक्री 2,20,000 यूनिट के आसपास हो सकती है। चेतक की नई 35 सीरीज पूरी तरह से नए प्लेटफॉर्म पर बेस्ड है। इसमें एक बड़े 3.5 केडब्ल्यूएच अंडरफ्लोर बैटरी पैक को इंटीग्रेटेड किया है। यह प्लेसमेंट न केवल स्कूटर के वजन और हैंडलिंग में बेहतर करता है, बल्कि 35 लीटर अंडर-सीट स्टोरेज भी खाली करता है। इसमें हेलमेट के साथ कई जरूरी चीजें आसानी से रख पाएंगे। नया बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम बेहतर परफॉर्मेंस और इफिसियंसी को सुनिश्चित करती है। कंपनी का दावा है कि ये सिंगल चार्ज पर 125 किमी की रियल रेंज दोगा। जबकि इसकी रेंज को लेकर कंपनी ने 153 किमी का दावा किया है। 950-वॉट चार्जर की बदौलत ये फास्ट चार्ज होता है। जिससे ये सिर्फ 3 घंटे और 25 मिनट में 80 प्रतिशत चार्ज हो जाता है।

इस सीरीज एक कलर टीएफटी डिस्प्ले मिलता है जिसमें टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन, कॉल कंट्रोल और म्यूजिक मैनेजमेंट के फीचर्स दिए हैं, जो स्मार्टफोन के साथ आसानी से कनेक्ट हो जाता है। राइडर चलते-फिरते म्यूजिक को कंट्रोल कर सकते हैं। इसके डिस्प्ले पर सीधे रियल-टाइम नोटिफिकेशन भी मिलते हैं। इस इलेक्ट्रिक स्कूटर की टॉप स्पीड 73 किमी प्रति घंटा है। यह ईको और स्पोर्ट्स मोड के साथ आता है।

## रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई।**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में 41 पैसे की गिरावट के साथ ही 87.36 रुपये पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 30 पैसे गिरकर 87.25 पर आ गया। अमेरिकी मुद्रा के छह महीने के निचले स्तर से उबरने और व्यापार संबंधी अनिश्चितताओं के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई, इससे भी रुपया गिरा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में आई कमजोरी और विदेशी कोषों की लगातार निकासी से भी रुपये पर दबाव पड़ा है जिससे वह टूटा है। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के कारण रुपये को कुछ कुछ समर्थन मिला। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.24 पर कमजोर खुला और शुरुआती सौदों में डॉलर के मुकाबले 87.25 पर आ गया, जो पिछले बंद स्तर से 30 पैसे की गिरावट को दिखात है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 17 पैसे बढ़कर 86.95 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 फीसदी बढ़कर 103.84 पर था।




## पेप्सिको का भारत में अपना राजस्व दोगुना करने का लक्ष्य

**- दो और संयंत्र खोलने की योजना**

**नई दिल्ली।** पेप्सिको ने घोषणा की है कि कंपनी अगले पांच वर्षों में भारत में अपने राजस्व को दोगुना करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी के एक अे धिकारी ने बताया कि पेप्सिको भारत को एक प्रमुख बाजार के रूप में देख रही है और इसे वृद्धि के इंजन के रूप में मान रही है। अे धिकारी ने कहा कि पेप्सिको भारत में तीन बाजारों की शीर्ष तीनों में से एक है, जहां उन्होंने दहाई अंक की वृद्धि देखी है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि कंपनी उत्तर प्रदेश और असम में नए संयंत्रों में निवेश किया है और दो अतिरिक्त संयंत्र खोलने की योजना बना रही है। पेप्सिको के भारत एवं दक्षिण एशिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने कहा है कि कंपनी अगले पांच वर्षों में भारत में अपना राजस्व दोगुना करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी भारत को एक प्रमुख बाजार के रूप में देख रही है, जहां वह अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए आक्रामक निवेश कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत पेप्सिको के लिए वैश्विक राजस्व बढ़ाने में वृद्धि का इंजन होगा, क्योंकि यह कंपनी के लिए शीर्ष तीन बाजारों में से एक है, जहां वह दहाई अंक की वृद्धि दर्ज कर रही है।

## रेटिंग एजेंसी ने अडानी ग्रीन एजर्नी सेल्यूशंन की रेटिंग को नकारात्मक किया

**मुंबई।** रेटिंग एजेंसी ने अडानी ग्रीन एजर्नी सेल्यूशंन की रेटिंग आउटलुक को नकारात्मक किया है। इसकारण अमेरिकी जांच को माना जा रहा है, जिससे ग्रुप की कॉरपोरेट गवर्नेंस को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। फिंच की 9 मार्च की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी जांच के नतीजे अडानी एनर्जी की रेटिंग पर निकट या मध्यम अवधि में नकारात्मक असर डाल सकते हैं। हालांकि, एजेंसी ने अदानी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई को नेगेटिव वॉच से हटा दिया है, लेकिन रेटिंग एजेंसी ने चेतावनी दी है कि यह जांच इसकी रेटिंग पर दबाव बना सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, रेटिंग एजेंसी ने ग्रीन एजर्नी सेल्यूशंन और अदानी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई की रेटिंग बीबीबी- पर बरकरार रखी है, जो कि जंक रेटिंग से एक पायदान ऊपर है। रेटिंग एजेंसी के विश्लेषकों, ने कहा कि वे जांच की प्रगति पर नजर बनाए रखे है। अदाणी ग्रुप को लेकर रेटिंग एजेंसी की ताजा रिपोर्ट से पता चलता है कि कंपनी अभी भी विदेशी निवेशकों के भरोसे की चुनौती से जूझ रही है। यह स्थिति अमेरिकी न्याय विभाग की जांच के बाद और गंभीर हो गई है। अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने नवंबर 2024 में आरोप लगाया था कि गौतम अदाणी और उनके सहयोगियों ने भारतीय सरकारी अधिकारियों को करीब 2,075 करोड़ रुपये (250 मिलियन डॉलर) की रिश्वत देने का वादा किया था। यह कथित रिश्वत सौर ऊर्जा के ठेके पाने के लिए दी जानी थी। इसके अलावा, जब अदाणी ग्रुप अमेरिकी निवेशकों से पैसा जुटा रहा था, तब इस योजना को छिपाने की कोशिश भी की गई। हालांकि, अदाणी ग्रुप ने इन आरोपों को गलत बताया है और कहा है कि वह इस मामले में कानूनी कदम उठाएगा।

## आयात शुल्क को अपनी चिंता को लेकर सोपा ने लिखा केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री को पत्र

**नई दिल्ली।**

भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते की प्रक्रिया चल रही है। इस बीच भारत के सोयाबीन और खाद्य तेल उद्योग ने सोयाबीन उत्पादों पर मौजूदा आयात शुल्क बनाए रखने की मांग की है। यह मांग तब हुई हैं, जब भारत द्वारा अमेरिका के लिए आयात शुल्क में कटौती करने की चर्चा हो रही है। सोयाबीन उद्योग के प्रमुख संगठन सोयाबीन प्रोसेसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सोपा) ने केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को पत्र लिखकर मोदी सरकार से भारत के सोयाबीन और खाद्य तेल क्षेत्रों की चिंताओं और हितों का समाधान सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। सोपा ने भारत और अमेरिका के बीच होने वाले द्विपक्षीय समझौते के दौरान भारतीय सोयाबीन व खाद्य तेल उद्योग के हितों का ध्यान रखने के लिए सरकार से कुछ सिफारिशें की हैं। सोपा ने कहा कि हम भारत सरकार से सोयाबीन, सोयाबीन तेल और सोयाबीन खली पर मौजूदा आयात शुल्क बनाए रखने का आग्रह करते हैं। इन शुल्कों को कम करने से भारत में कम लागत वाले आयातों की बाढ़ आ सकती है, इससे भारत का घरेलू सोयाबीन उत्पादन कमजोर होगा। इस तरह के कदम से लगभग एक करोड़ सोयाबीन किसानों और संबंधित उद्योगों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। जिससे भारत के कृषि क्षेत्र के सामने आने वाली चुनौतियां और बढ़ जाएंगी। खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता विशेष रूप से सोयाबीन, जहां हमारी उत्पादकता अमेरिका से बहुत कम है, को रियायती शुल्क पर आयात करने की अनुमति देना (जो वर्तमान में डब्ल्यूटीओ बाध्य दरों का लगभग आधा है) खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के हमारे लक्ष्य के लिए एक महत्वपूर्ण झटका होगा।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**सेंसेक्स 217 , निफ्टी 92 अंक नीचे आया**

**मुम्बई।**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले-जुले संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 217.41 अंक करीब 0.29 फीसदी गिरकर 74,115.17 पर बंद हुआ जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 92.20 अंक तकरीबन 0.41 फीसदी टूटकर 22,460.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 22 शेयर गिरे जबकि 8 शेयरों में बढ़त रही। सेंसेक्स दिन के दौरान 74,741.25 के शीर्ष स्तर तक पहुंच गया। कारोबार के अंत में बिकवाली का दबाव बढ़ने से सेंसेक्स 310.34 अंक तकरीबन 0.41 फीसदी नीचे आकर 74,022.24 के निचले स्तर पर पहुंच गया। वहीं निफ्टी 92.20 अंक तकरीबन 0.41 फीसदी की गिरावट के साथ 22,460.30 पर खिसक गया।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में इंडसइंड बैंक, जोमैटो, लार्सन एंड टुब्रो, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयर नीचे आये जबकि पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इंफोसिस, नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स, आईटीसी, सन फार्मास्युटिकल्स और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर उछले। बाजार में 1147 शेयरों में बढ़त रही जबकि 2776 शेयरों फिसले। वहीं 140 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

बाजार जानकारों के अनुसार वैश्विक अनिश्चितताओं के चलते भी बाजार में गिरावट रही है। अमेरिका में बेरोजगारी दर और




टैरिफ में बढ़ोतरी से भी निवेशकों में संशय का माहौल है।

इससे भी बाजार पर दबाव आया है। वहीं एशियाई और वैश्विक बाजारों की स्थिति भी अच्छी नहीं रहे। टोक्यो, शंघाई, हांगकांग और सियोल के बाजारों में मिला-जुला कारोबार हुआ। यूरोपीय बाजार मध्य सत्र के दौरान नीचे आये जबकि अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 2,035.10 करोड़ रुपए की इक्विटी बेची जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 2,320.36 करोड़ रुपए की इक्विटी खरीदी।

वहीं इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजार से मिलेजुले रुझानों के बीच ही बाजार की बढ़त के साथ शुरुआत हुई। सेंसेक्स 142 अंक ऊपर आकर 74,474.98 पर खुला। वहीं निफ्टी भी 22,521.85 पर खुला।

## रियल मनी गेमिंग उद्योग निकायों ने आचार संहिता पर हस्ताक्षर किए

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग कंपनियों के प्रतिनिधित्व करने वाले उद्योग निकायों ने साझा क्यू-कोआर्डिनेटेड इंटरेस्ट्स इन गेमिंग (सीओई) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस आचार संहिता में एआईजीएफ, ईजीएफ, और एफआईएफएस शामिल हैं। सीओई के तहत, सदस्य कंपनियों को केवाईसी सत्यापन और खर्च सीमा निर्धारित करने जैसी उपयोगकर्ता सुरक्षा और जिम्मेदार गेमिंग प्रथाएं बढ़ाने की जिम्मेदारी होगी। इन गेमिंग उद्योग निकायों के सदस्यों में लीडर्स जैसे ड्रीम11, माई11सर्किल, खेलो फैंटेसी लाइव, एसजी11 फैंटेसी, विनजो और जंगली गेम्स शामिल हैं। ऑल इंडिया गेमिंग फेडरेशन (एआईजीएफ), फेडरेशन ऑफ इंडियन फैंटेसी स्पोर्ट्स (एफआईएफएस) और ई-गेमिंग फेडरेशन (ईजीएफ) ने सीओई पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य जिम्मेदार गेमिंग और विज्ञापन नीतियों को पुष्टि करना और पूरे उद्योग में उपयोगकर्ता सुरक्षा के सही मानकों को सुनिश्चित करना है।

# जोमैटो, स्विगी से प्लास्टिक पैकेट्स में खाना मांगना.....मतलब आपको अस्पताल पहुंचना

**मुंबई।**

आजकल जोमैटो, स्विगी और अन्य ऑनलाइन फूड डिलीवरी सेवाओं से खाना डिलेवर करना आम बात है। घर बैठे स्वादिष्ट खाना डिलेवर करने की सुविधा ने जीवन को बहुत आसान कर दिया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह आसान तरीका आपकी सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है, खासकर जब खाना प्लास्टिक के पैकेट्स या कंटेनर्स में आता है? एक अध्ययन से पता चला है कि प्लास्टिक पैकेट्स में खाना खाने से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं, इसमें सबसे गंभीर समस्या हार्ट फेलियर का खतरा है।

दरअसल प्लास्टिक एक ऐसा पदार्थ है, जो धीरे-धीरे टूटकर छोटे-छोटे कणों में बदल जाता है। जब हम प्लास्टिक के कंटेनर या पैकेट में रखा हुआ खाना खाते हैं, तब वह छोटे प्लास्टिक के कण हमारे शरीर में चले जाते हैं। यह कण हमारे पेट की दीवारों को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे सूजन और पेट के अंदर के अंगों पर बुरा असर पड़ सकता है। इसके अलावा, प्लास्टिक के पैकेट्स में इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स शरीर में जाकर रक्त प्रवाह को प्रभावित करते हैं, जिससे दिल और अन्य अंगों को नुकसान हो सकता है। स्टडी में पाया गया है कि प्लास्टिक के कंटेनर में भोजन करने से हार्ट फेलियर का खतरा कई गुना बढ़ सकता है। शोध में वैज्ञानिकों ने दो प्रमुख शोध किए। पहले शोध में 3,000 से अधिक चीनी नागरिकों के खानपान की आदतों का विश्लेषण किया गया, जो नियमित रूप से प्लास्टिक के बर्तनों में खाना खाते थे। इस शोध में सामने आया कि इन लोगों में दिल से जुड़ी गंभीर बीमारियों का खतरा अधिक था। दूसरे शोध में, वैज्ञानिकों ने चूहों पर अध्ययन किया। चूहों को इसतरह के पानी में रखा गया, जिसमें काले प्लास्टिक के बर्तनों से केमिकल्स निकल रहे थे। लंबे समय तक इन चूहों को प्लास्टिक के संपर्क में रखने के बाद उसमें हार्ट फेलियर के लक्षण दिखाई दिए। इस शोध से यह निष्कर्ष निकला कि प्लास्टिक के बर्तन और पैकेट्स से निकलने वाले केमिकल्स स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं और दिल की बीमारियों का कारण बन सकते हैं। प्लास्टिक के पैकेट्स में इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स जैसे बिस्फेनोल ए (बीपीए) और फथलेट्स शरीर में जाकर हार्मोनल असंतुलन का कारण बन सकते हैं। इसके अलावा, इन केमिकल्स से सूजन और रक्त प्रवाह में समस्या हो सकती है, जिससे दिल पर दबाव बढ़ता है।

## आरबीआई के एक फैसले से औधेंमुंह गिरा इस बैंक का शेयर

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में कारोबारी हफ्ते के पहले दिन इंडसइंड बैंक के शेयरों में भारी गिरावट दिखाई दी। शुरुआती कारोबार में स्टॉक 4.5 प्रतिशत तक गिर गया और निफ्टी के टॉप लूजर्स में शामिल रहा। हालांकि, निचले स्तरों से कुछ सुधार भी हुआ। इस गिरावट की बड़ी वजह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का हालिया फैसला और प्रमुख ब्रोकरेज फर्म्स की डाउनग्रेड रिपोर्ट रही। आरबीआई ने इंडसइंड बैंक के मौजूदा सीईओ सुमंत कथपालिया के कार्यकाल को सिर्फ 1 साल के लिए बढ़ाया है, जबकि बैंक ने 3 साल के कार्यकाल के लिए आवेदन किया था। इस फैसले के बाद निवेशकों में अनिश्चितता बढ़ी है कि आगे बैंक की लीडरशिप किस दिशा में जाएगी। आरबीआई के फैसले के बाद कई ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म्स ने बैंक के शेयर को डाउनग्रेड कर टारगेट प्राइस में कटौती की। ब्रोकरेज फर्म का मानना है कि सीईओ का सिर्फ 1 साल का कार्यकाल बैंक की रणनीतिक स्थिति के लिए नकारात्मक संकेत है। स्टॉक की रेटिंग बाय से घटाकर अंडरपरफॉर्म कर दी और टारगेट प्राइस को 1,250 से घटाकर 850 कर दिया। एक अन्य ब्रोकरेज फर्म ने टारगेट प्राइस को 1,200 से घटाकर 1,080 कर दिया लेकिन वाय रेटिंग बनाए रखी। ब्रोकरेज के अनुसार, बैंक उत्तराधिकार प्रक्रिया शुरू कर सकता है लेकिन स्पष्टता आने में समय लगेगा।

# रोहित ने चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद भारत के 'साइलेंट हीरो' का खुलासा किया, बोले- उन्हें नहीं भूलना चाहिए

**दुबई (एजेंसी)।** अपने समृद्ध क्रिकेट इतिहास में सफलता का एक और अध्याय जोड़ने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने ÷साइलेंट हीरो÷ श्रेयस अय्यर का विशेष उल्लेख किया, जो स्टार-स्टडेड मिडिल ऑर्डर में स्थिरता का स्रोत रहे हैं। रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ चार विकेट से जीत दर्ज की।

पूरे टूर्नामेंट के दौरान, भारत का मिडिल ऑर्डर साइलेंट गार्ड की तरह रहा है, जो शीर्ष क्रम के ढहने के बाद टीम को प्रतिकूल परिस्थितियों से बचाता है या मैच बचाने वाली साझेदारियां बनाने के लिए उनके साथ जुड़ता है। रोहित ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'मुझे इस टीम पर बहुत गर्व है। हमें पता था कि परिस्थितियां कठिन होंगी, लेकिन हमने खुद को अच्छी तरह से ढाल लिया। अगर आप सभी खेलों को देखें, तो पहला मैच बांग्लादेश के खिलाफ था। मुझे पता है कि यह केवल 230 रन थे, लेकिन हम जानते थे कि विकेट थोड़ा धीमा था। हमें साझेदारी की जरूरत थी और बल्लेबाजों ने बड़ी साझेदारी की।'

बल्लेबाजी में गहराई ने भारत को फायदा पहुंचाया है, श्रेयस अपने शांत व्यवहार और आक्रामक इरादे से बाकी खिलाड़ियों से अलग दिखने में कामयाब रहे हैं। भले ही उनके पास शेखी बघारने के लिए बड़े शतक नहीं थे, लेकिन उनकी निरंतरता ने उन्हें टूर्नामेंट के अंत में भारत के शीर्ष रन बनाने वाले खिलाड़ी बना दिया। श्रेयस ने रचिन रवींद्र के बाद पांच मैचों में 48.60 की औसत से 243 रन बनाए।

रोहित ने श्रेयस के विभिन्न खेलों में महत्वपूर्ण साझेदारियों के विभिन्न उदाहरणों का हवाला देते हुए भारत के रिकॉर्ड बुक को फिर से लिखने की यात्रा में 30 वर्षीय खिलाड़ी के महत्व को उजागर किया। रोहित ने कहा, 'शांत नायक श्रेयस अय्यर को नहीं भूलना चाहिए, जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। वह हमारे लिए उस मध्य चरण में बहुत महत्वपूर्ण थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में उनके साथ बल्लेबाजी करने वाले सभी बल्लेबाजों के साथ साझेदारी की और उस समय विराट बहुत महत्वपूर्ण थे। यहां तक ??कि पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ भी, जो लीग गेम हमने खेला था।'




# प्लान नहीं था, पंजाबी गाना चल रहा था, मेरा डांस निकल गया : श्रेयस अय्यर



**दुबई (एजेंसी)।** श्रेयस अय्यर ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत की जीत का जश्न यादगार डांस परफॉरमेंस के साथ मनाया। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत द्वारा न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराने के बाद अय्यर के डांस मूव्स मैच के बाद के जश्न का मुख्य आकर्षण बन गए। उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी 2013 जीतने के बाद विराट कोहली के प्रतिष्ठित गंगनम स्टाइल सेलिब्रेशन की याद दिला दी। हालांकि अय्यर ने क्लासिक मूव्स के साथ भांगड़ा फुटवर्क को मिलाकर अलग डांस पेश किया जिस पर उनके टीम के साथी और प्रशंसक खुश नजर आए। चैंपियंस बोर्ड के सामने किया गया यह जश्न वायरल हो गया। अय्यर ने भारत को मैच जितवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं, फाइनल जीतने के बाद उनकी उपस्थिति और भी रोचक हो गई।

अय्यर ने टूर्नामेंट के दौरान कुल 5 मैचों में 167 रन बनाए, जिसमें उनका औसत 41.75 रहा। उनका सर्वोच्च स्कोर 67 रन था, जो उन्होंने सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ बनाया था। इस पारी ने भारत को एक मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में मदद की और फाइनल में जगह पक्की करने में अहम भूमिका निभाई। फाइनल में श्रेयस अय्यर ने 31 रन की उपयोगी पारी खेली, जिसने भारत को लक्ष्य का पीछा करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी यह पारी दबाव में खेलने की उनकी क्षमता को दर्शाती है।

मैच की बात करें तो दुबई में चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लेते हुए डेरिल मिशेल और माइकल ब्रेसवेल के अर्धशतक की बदौलत 7 विकेट के नुकसान पर भारत को 252 रन का लक्ष्य दिया। भारत की तरफ से कुलदीप यादव और वरूण चक्रवर्ती ने सबसे ज्यादा 2-2 विकेट अपने नाम किए। जवाब में टीम इंडिया ने शुभमन गिल और रोहित शर्मा ने अच्छी शुरूआत की। रोहित पहली 11 ओवर के अंदर ही अर्धशतक बनाने में सफल रहे। बीच में भारत की रन गति कम हो गई जब विराट 1 तो शुभमन 31 रन बनाकर आऊट हो गए। इसके बाद श्रेयस (48) ने टीम को संभाला। केएल राहुल और हार्दिक पांड्या ने उपयुक्त पारियां खेलकर टीम इंडिया को खिताब दिलाया।

# अगर आप मैदान नहीं छोड़ते, तो आपके पास मौका होता है : हार्दिक पांड्या



**दुबई (एजेंसी)।** हार्दिक पांड्या को जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में चैंपियन्स ट्रॉफी में नई गेंद से गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालनी पड़ी और इस ऑलराउंडर ने कहा कि उनकी संघर्ष करने की स्वाभाविक क्षमताओं ने उन्हें नई भूमिका में ढलने में मदद की। हालांकि टूर्नामेंट में पांड्या पर अधिक भार नहीं रहा क्योंकि भारत ने मुख्य रूप से चार स्पिनरों के साथ गेंदबाजी की। पांड्या ने पांच मैच में सिर्फ 24.3 ओवर गेंदबाजी की और चार विकेट लिए।

पांड्य ने भारत की खिताबी जीत के बाद मिक्स्ड जोन में कहा, 'गेंदबाजी अपना काम खुद करती है। यह साल सीखने और चुनौतियों से भरा रहा। मेरी मानसिकता ने मुझे कभी चुनौतियों से भागना नहीं सिखाया। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि अगर चुनौतियां कठिन हैं तो इसका डटकर सामना करो। अगर आप मैदान नहीं छोड़ते हैं, तो आपके पास मौका होता है।'

पांड्या ने कहा कि वह बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे हमेशा खुद पर भरोसा रहा है कि मैं यह कर सकता हूं। और साथ ही पर्दे के पीछे की गई कड़ी मेहनत रंग लाती है। मेरा हमेशा मानना है कि आप जिस तरह से तैयारी करते हैं, आप उसे खेल में भी दिखा पाएंगे।'

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में जीत ने पांड्या को 2017 के टूर्नामेंट में पाकिस्तान से भारत की हार की कड़वी यादों को मिटाने में भी मदद की जिसका वह भी हिस्सा थे। पांड्या ने कहा, 'मैं कह सकता हूं कि आज एक अधूरा सपना पूरा हो गया। लेकिन आठ साल बहुत लंबा समय होता है। आठ साल में जीवन में बहुत कुछ हुआ। लेकिन साथ ही जीतना, और वह भी भारत के लिए, मेरे लिए यह बहुत-बहुत महत्वपूर्ण है।'

# रविंद्र जडेजा ने रिटायरमेंट को लेकर डाली पोस्ट, सोशल मीडिया पर हो गई वायरल

**दुबई (एजेंसी)।** भारत के कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल के बाद रिटायरमेंट की अफवाहों पर लगाम लगा दी है। अब ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने अपने फैंस को भविष्य के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने अपनी रिटारमेंट को लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाला जिसके बाद स्थिति साफ हो गई है।

जडेजा ने इंस्टाग्राम पर चार-शब्दों वाली पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'कोई अनावश्यक अफवाह नहीं, धन्यवाद।' गौर हो कि जडेजा ने टी20 विश्व कप फाइनल के बाद रोहित और कोहली की घोषणा के एक दिन बाद अपने टी20आई रिटायरमेंट ले ली थी। भारत ने चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड से मिले 252 रन के लक्ष्य को एक ओवर पहले हासिल करते हुए ट्रॉफी अपने नाम की। जडेजा को 'फील्डर ऑफ द मैच' चुना गया और भारत के फील्डिंग कोच टी दिलीप ने जडेजा को फील्डिंग मेडल दिया।

गौर हो कि जडेजा ने साल 2009 में अपना वनडे डेब्यू किया था और तब से अब तक इस प्रारूप में 204 मैच खेल चुके हैं। इस दौरान उन्होंने 231 विकेट और 32.62 की औसत तथा 13 अर्धशतक सहित 2806 रन बनाए हैं।



# चैम्पियंस ट्रॉफी : अवार्ड समारोह में पीसीबी अधिकारी को नहीं बुलाये जाने पर विवाद उठा

**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम की जीत के बाद हुए अवार्ड समारोह में पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अधिकारी को नहीं बुलाया। जिससे विवाद उत्पन्न हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार टूर्नामेंट के निदेशक और पीसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुमैर अहमद उस समय मैदान में उपस्थित थे पर उन्हें समारोह में नहीं बुलाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी व्यस्त होने के कारण दुबई नहीं जा सके थे। ऐसे में उन्होंने अपने प्रतिनिधि के तौर पर पीसीबी के सीईओ को फाइनल और



अवॉर्ड समारोह के लिए दुबई भेजा था।' वहीं मंच संचालन करने वाली समिति की ओर से कहा गया है कि किसी कारण से या गलतफहमी की वजह से उन्हें मंच पर नहीं बुलाया गया। विजेता भारतीय टीम को आईसीसी अध्यक्ष जय शाह, बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सचिव देवजीत सैकिया ने पदक, ट्रॉफी और जैकेट दिये। अब मेजबान पाकिस्तान का कोई प्रतिनिधि स्टेज पर नहीं था। पीसीबी यह मसला आईसीसी के समक्ष उठा सकता है। वहीं पाक के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने भी सोशल मीडिया पर कहा, 'भारत ने चैम्पियंस ट्रॉफी जीती पर पीसीबी का कोई प्रतिनिधि फाइनल के बाद नहीं था। पीसीब मेजबान था पर इसके बाद भी उसे मंच पर जगह नहीं मिल पाना हैरानी की बात है। इसके साथ ही ये भी सवाल उठाता है कि पीसीसी की ओर से क्यों कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं आया।'

# हार के बाद भी उपविजेता न्यूजीलैंड हुई मालामाल , 11 करोड़ की इनामी राशि मिली

दुबई ।आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में खिताबी जीत के बाद जहां भारतीय टीम को साढ़े 21 करोड़ रुपये की इनामी राशि मिली है।वहीं न्यूजीलैंड की टीम को करीब साढ़े 11 करोड़ रुपये इनाम के तौर पर मिले हैं।इस प्रकार देखा जाये तो हार के बाद भी कीवी टीम को मोटी रकम मिली है।भारतीय टीम ने दुबई में खेले गये फाइनल में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हरा दिया।चैंपियंस ट्रॉफी की इनामी राशि को लेकर आईसीसी ने पहले ही घोषणा कर दी थी।साल 2017 के मुकाबले इस बार इनामी राशि में 53 फीसदी की बढ़ोतरी की गयी है।इसी कारण उपविजेता टीम भी मालामाल हुई है।उपविजेता टीम के लिए आईसीसी ने 10 करोड़ रुपये का इनाम रखा था, जो न्यूजीलैंड को मिलेगा। इसके अलावा न्यूजीलैंड को पार्टिसिपेशन प्राइज और लीग फेज के मैच जीतने के लिए इनाम मिलेगा।इस तरह कीवी टीम का कुल इनाम करीब 11 करोड़ 44 लाख रुपये बैठता है।

# ओलंपिक खेलों की मेजबानी का भारत का दावा मजबूत : सेबेस्टियन



नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार सेबेस्टियन को ने कहा है साल 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत का दावा 'मजबूत' है हालांकि कई और देशों के होने से मेजबानी की प्रतिस्पर्धा कठिन होगी।भारतीय ओलंपिक संघ ने आईओसी के भावी मेजबान आयोग को 2036 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पहले ही आशय पत्र सौंप दिया है। सेबेस्टियन ने कहा, ''मुझे खुश है कि भारत ओलंपिक खेलों का आयोजन करना चाहता है। '' उन्होंने कहा, ''मेजबानी हासिल करना हालांकि आसान नहीं होगा क्योंकि कई अन्य देश भी मेजबानी की दौड़ में शामिल हैं। बोलीदाता नहीं होगा, लेकिन भारत इसे बहुत मजबूत दावा बना सकता है। '' भारत के अलावा पोलैंड, इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका, कतर, हंगरी, तुर्कीये, मैक्सिको और मिस्र ने भी साल 2036 ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा जतायी है।2036 खेलों के मेजबान देश का फैसला अगले साल ही आयेगा। नए आईओसी प्रमुख के चुनाव 20 मार्च को होगे। इसी के बाद मेजबान का चयन होगा।सेबेस्टियन ने कहा कि अगर भारत को 2036 ओलंपिक की मेजबानी का अधिकार नहीं मिलता है तो भी उसे निराश नहीं होना चाहिये और आगे के लिए प्रयास जारी रखने चाहिये।

# इस भारतीय ने मैच हमारी पहुंच से दूर किया, चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल हारकर बोले सेंटनर

**दुबई (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर ने स्वीकार किया कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की असाधारण पारी ने चैंपियन्स ट्रॉफी के फाइनल में दोनों टीमों के बीच अंतर पैदा किया और चार विकेट की हार को उन्होंने 'कड़वा-मीठा अंत' करार दिया। रोहित ने 83 गेंद में 76 रन की शानदार पारी खेली जिससे भारत ने रविवार को यहां 252 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए करीबी जीत दर्ज की।

सेंटनर ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'मुझे लगता है कि रोहित शर्मा ने जिस तरह से खेला उससे मैच हमारी पहुंच से दूर हो गया। भारत ने दुबई की परिस्थितियों को अच्छी तरह समझा और अच्छा क्रिकेट खेला। मुझे लगता है कि यह कड़वा-मीठा अंत रहा।' सेंटनर ने कहा कि खिताबी मुकाबले में हार के बावजूद उन्हें अपनी टीम पर 'गर्व' है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि फाइनल में हमारा सामना एक अच्छी टीम से हुआ। हमने इस पूरे मैच में कई बार चुनौती दी, जो सुखद था और




मुझे लगता है कि शायद कुछ ऐसे छोटे-मोटे पल भी रहे, जब हमने इसे अपने से दूर जाने दिया।'

सेंटनर ने कहा, 'लेकिन हां, इस पूरे टूर्नामेंट में जिस तरह से हमने इस टीम के साथ खेला है, उस पर मुझे बहुत गर्व है।' सेंटनर ने कहा कि उनकी टीम दुबई की पिच और परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार थी जो लाहौर से काफी अलग थी जहां उन्होंने दक्षिण अफ्रीका को सेमीफाइनल में हराया था। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि हम भारत के खिलाफ लगातार खेल रहे हैं जो हमेशा एक चुनौती होती है। हमें पता था कि परिस्थितियां सेमीफाइनल से थोड़ी अलग होंगी लेकिन हम इसके लिए तैयार थे।'

सेंटनर ने कहा, 'मुझे लगता है कि हमने फिर भी अच्छा प्रदर्शन किया और भारत को अंत तक टक्कर दी। लेकिन हर मैच में कुछ ऐसे पल होते हैं जहां आप संभावित रूप से सुधार कर सकते हैं।' न्यूजीलैंड के कप्तान ने माना कि मैट हेनरी की कमी उन्हें खली जो कंधे की चोट के कारण खिताबी मुकाबले से बाहर हो गए थे। तेज गेंदबाज हेनरी 10 विकेट लेकर इस प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। सेंटनर ने कहा, 'वह एक बेहतरीन गेंदबाज है। हमने देखा है कि वह उन विकेटों पर भी मूवमेंट हासिल करने में सक्षम है जो ऐसी नहीं लगती कि उनसे मदद मिलेगी। इसलिए मुझे लगता है कि आज हमें इसकी कमी खली।'

उन्होंने कहा, 'मुझे मैटी (हेनरी) के लिए दुख है - वह टीम के लिए खेलने वाला बेहतरीन खिलाड़ी है और वह काफी परेशान दिख रहा था। हमने बस यही कहा, चलो उसके लिए यह करते हैं। उसने इस मैच के लिए तैयार होने के लिए हर संभव कोशिश की और दुर्भाग्य से वह हमारे लिए तैयार नहीं था।'

# विराट के बयान से उनके संन्यास लेने की अटकलें, प्रशंसक हुए निराश

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब जीतने के बाद अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने एक ऐसी बता कही जिससे उनके प्रशंसकों को संन्यास लेने का अंदेशा हुआ। विराट ने कहा कि कहा कि हम चाहते थे कि जब हम टीम छोड़कर जाएं तो टीम बेहतर स्थिति में हो। मुझे लगता है कि हमारे पास ऐसी टीम है जो अगले आठ साल तक दुनिया की किसी भी टीम का सामना करने के लिए तैयार है। बहरहाल विराट के संन्यास लेने की आशंका से प्रशंसक निराश हैं। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में एक भी मैचा नहीं हारी। विराट फाइनल में रन नहीं बना पाये पर पूरे टूर्नामेंट में उनकी अहम भूमिका रही। पाकिस्तान के खिलाफ उनके शतक से ही भारतीय टीम जीती है। जैसे ही विराट ने अपने संन्यास की बात की, उनके प्रशंसक भावुक हो गए। चैंपियंस ट्रॉफी में जीत के बाद कोहली बेहद उत्साहित दिखे। हालांकि, मैच के बाद उन्होंने क्रिकेट छोड़ने की बात कही, जिससे प्रशंसक थोड़े समय के लिए भावुक हो गए। विराट ने चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद कहा कि यह सफर अद्भुत रहा। उन्होंने कहा कि वह ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद अच्छी वापसी करना चाहते थे और इस खिताबी जीत से बेहतर कुछ और नहीं हो सकता था। अब उन्हें युवा खिलाड़ियों के साथ खेलने का बहुत अच्छा अनुभव हुआ है। विराट ने ये भी कहा कि टीम के युवा खिलाड़ी टीम को सही दिशा में लेकर जा रहे हैं और यह उनकी प्रगति को देखकर वह काफी खुश हैं। विराट ने आगे कहा कि इतने सालों तक क्रिकेट खेलने के बाद आप अनुभवी खिलाड़ी से दबाव वाली स्थिति में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद करते हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी टूर्नामेंट में खिताब जीतने के लिए टीम के सभी खिलाड़ियों को अलग-अलग मैचों में अपनी भूमिका ठीक से निभानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि सभी के प्रयासों से ही टीम खिताब जीतने में सफल रही है। साथ ही कहा कई खिलाड़ियों ने अच्छी बल्लेबाजी और गेंदबाजी जिसका लाभ टीम को मिला।

# जूनियर विश्व कप हॉकी में अच्छा प्रदर्शन करना है लक्ष्य : साक्षी राणा



नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम की युवा फॉरवर्ड साक्षी राणा का लक्ष्य जूनियर विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करना है। हॉकी प्रो लीग में सीनियर टीम की ओर से सफल पदार्पण से भी साक्षी के हौंसले बुलंद हैं। जूनियर विश्वकप इस साल के अंत में चिली में होगा। साक्षी ने स्पेन के खिलाफ पदार्पण मैच में ही गोल किया था जबकि भारतीय टीम ये मुकाबला 3-4 से हार गयी थी। साक्षी ने कहा, 'मैं लंबे समय से पदार्पण का इंतजार कर रही थी इसलिए टीम में जगह पाकर उत्साहित हूं। मैं मैच से पहले दबाव में नहीं थी क्योंकि सीनियर खिलाड़ियों ने मेरा समर्थन कर कहा था कि निडर होकर खेलना। उन्होंने कहा, 'मेरा लक्ष्य पहले मैच में गोल करने का था। मैने जब गेंद पाई तो देखा कि मेरे आसपास कोई नहीं है। मैने शॉट लगाया और गोल हो गया। । साक्षी ने कहा, 'मैने हॉकी इंडिया लीग और प्रो लीग में विदेशी खिलाड़ियों के साथ खेला तो मुझे पता चला कि रफ्तार कितनी जरुरी है। मुझे फॉरवर्ड पंक्ति में होने के कारण मैदान पर अपनी रफ्तार अधिक से अधिक बढ़ानी होगी। इसलिए अब मैं इसी पर काम कर रही हूं। साक्षी पिछले साल जूनियर एशिया कप जीतने वाली टीम में भी शामिल थी। उन्होंने कहा, 'मेरा ध्यान जूनियर विश्व कप पर है और मैं इसके लिए काफी मेहनत कर रही हू जिससे देश के पदक जीतने में अपनी ओर से योगदान दे सकूं।

# स्मिथ को दक्षिण अफ्रीका के डब्ल्यूटीसी फाइनल जीतने की उम्मीद



जोहानिसबर्ग ।दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ ने कहा है कि उनकी टीम अपनी मेजबानी में साल 2027 में होने वाले विश्वकप से पहले ही विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल जीत सकती है। इस पूर्व कप्तान ने कहा, 'अगले तीन साल में हम स्टेडियमों, पिचों और अपने क्रिकेट ढ़ांचे को बेहतर करने के प्रयास जारी रखेंगे जिससे 2027 एकदिवसीय विश्व कप को जीता जा सके। दक्षिण अफ्रीका का सामना डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से होगा। ये पहली बार है जब दक्षिण अफ्रीकी टीम डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंची है। स्मिथ ने उन बातों को अधारहीन बताया है जिसमें कहा गया कि डब्ल्यूटीसी फाइनल का दक्षिण अफ्रीका का सफर आसान रहा है। उन्होंने कहा, 'आजकल क्रिकेट में कोई सफर आसान नहीं होता। शुरु ही से सभी टीमों को पता था कि किसे किससे खेलना है। दक्षिण अफ्रीका ने लगातार सात टेस्ट जीतकर क्वालीफाई किया है। सभी को टेस्ट इकोसिस्टम देखना चाहिए कि वह कैसे काम करता है। वहीं लीग क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता को लेकर स्मिथ ने कहा कि टी20 क्रिकेट का बढ़ना तय है पर सभी सदस्य देशों को मिलकर ऐसा मॉडल बनाना होगा कि बाकी प्रारूप भी सुरक्षित रहें। साथ ही कहा कि , 'मैं चाहता हूं कि टेस्ट क्रिकेट मजबूत रहे और अगर छह सात देशों में भी रह गया तो काफी प्रतिस्पर्धी होगा और मजबूत भी बना रहेगा। दुनिया भर में शुरू हो रही फेंचाइजी आधारित टी20 लीग के बीच टेस्ट क्रिकेट के अस्तित्व को बचाये रखने के सवाल पर उन्होंने कहा, 'टी20 क्रिकेट ने अमेरिका और दूसरे क्षेत्रों में नये दर्शक दिए हैं और अब हम आने वाले समय में इसे ओलंपिक में भी देखेंगे।

# इसके लिए काफी तैयारी की जरूरत थी : नई भूमिका में सफलता के बाद बोले केएल राहुल

**दुबई (एजेंसी)।** लोकेश राहुल सफलतापूर्वक छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने के बाद खुश हैं और उन्होंने इसे अपनी अथक 'तैयारी' और अपने खेल में लगातार सुधार का नतीजा बताया। आमतौर पर पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले राहुल को चैंपियन्स ट्रॉफी में एक स्थान नीचे खिसका दिया गया और उन्होंने यहां चार पारियों में 140 रन बनाए।

रविवार को चैंपियन्स ट्रॉफी में भारत की खिताबी जीत के बाद राहुल ने कहा, 'यह मेरे लिए वाकई सुखद है। मैं अलग-अलग भूमिकाओं में जो काम कर रहा हूं उसके लिए काफी तैयारी की जरूरत होती है। क्रिकेट के मैदान से बाहर काम, यह सोचना कि मुझे प्रत्येक मैच को कैसे लेना है और विभिन्न परिस्थितियों में कैसे प्रदर्शन करना है, पांचवें और छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले कुछ खिलाड़ियों को देखना और देखना कि वे




कैसे सफल रहे हैं।'

राहुल ने कहा कि वह टीम के लिए यह नई जिम्मेदारी लेकर खुश हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे मेरे कोच ने बहुत कम उम्र से सिखाया है कि क्रिकेट एक टीम खेल है और टीम को आपसे जो भी चाहिए आपको उसे स्वीकार करने और टीम के लिए प्रदर्शन करने का तरीका खोजने की जरूरत है। आपको यह समझने में सक्षम होना चाहिए कि आपकी भूमिका क्या है, जिम्मेदारी क्या है, यह समझें कि विभिन्न क्रम पर सफल बल्लेबाजी करने के लिए क्या करना पड़ता है।'

राहुल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल और न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में स्थिति के अनुकूल खुद को ढाल लिया और छोटी लेकिन महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। बेंगलुरू के इस खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 42 रन बनाए जबकि उनकी नाबाद 32 रन की पारी की बदौलत भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ कड़े लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया। कुल मिलाकर राहुल ने सिर्फ 140 रन बनाए लेकिन उन्होंने 98 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए जो दर्शाता है कि उन रनों का मैच पर कितना प्रभाव पड़ा।


कप्तान रोहित शर्मा ने भी यही संकेत दिया। रोहित ने कहा, 'उसके धैर्य रखने से दबाव उस पर नहीं पड़ता, हम मैदान पर उसी तरह का धैर्य चाहते थे। मैं टूर्नामेंट में उसके प्रदर्शन से बेहद खुश हूं। सेमीफाइनल और इस मैच में भी दबाव की स्थिति में बल्लेबाजी की। योगदान भले ही 70-80 रन का नहीं हो लेकिन वे 30-40 रन बहुत महत्वपूर्ण थे।'

राहुल चैंपियन्स ट्रॉफी जीतकर बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा, 'मैं इस समय बहुत खुश हूं, आईसीसी टूर्नामेंट जीतना इतना आसान नहीं है। यह मेरा पहला खिताब (आईसीसी) है इसलिए मैं बहुत खुश हूं और जिस तरह से हमने इस पूरे टूर्नामेंट में खेला है, उससे मैं बहुत खुश हूं और यह पूरी तरह से टीम का प्रयास रहा है।' राहुल ने स्टंप के पीछे भी शानदार प्रदर्शन किया और महत्वपूर्ण स्टंपिंग और कैच लपके। यह 32 वर्षीय खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से खुश है क्योंकि स्पिन की अनुकूल परिस्थितियों में विकेटकीपिंग करना आसान काम नहीं था।

# तनिष्क से 25 करोड़ लूटकर भाग रहे अपराधियों से मुठभेड़

## आरा में 2 बदमाशों के पैर में लगी गोली, कुछ ज्वेलरी बरामद, 4 अपराधी भाग निकले

**आरा।** के तनिष्क शोरूम में सोमवार को 25 करोड़ की लूट हुई है। ये बिहार की अब तक की सबसे बड़ी लूट है। शोरूम के स्टोर मैनेजर कुमार मृत्युंजय ने बताया, 'शोरूम में 50 करोड़ से ज्यादा के जेवरात थे। अपराधियों ने 25 करोड़ के गहने लूट लिए हैं। लूट का आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। जानकारी के मुताबिक, सुबह साढ़े 10 बजे अपराधियों ने शोरूम के दोनों फ्लोर पर लूटपाट की है। वे करीब 22 मिनट तक शोरूम में रुके रहे। अपराधियों ने घुसते ही शटर अंदर से बंद कर लिया। सभी की उम्र 25-26 साल बताई जा रही है। इस बीच शोरूम लूट कांड में छपरा फोरलेन पर बबुरा गांव के



पास अपराधियों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई है। जिसमें दो अपराधी घायल हुए हैं। गोली उनके पैर में लगी है। हालांकि मुठभेड़ के दौरान 4 अपराधी भाग निकले। पुलिस ने दोनों घायल अपराधियों के पास से कुछ गहने बरामद कर लिए हैं।भोजपुर के रढ राज ने बताया, 'पुलिस ने शोरूम के अंदर लूट की फोटो को वॉट्सऐप ग्रुप में शेयर की थी। बड़हरा थाना अध्यक्ष दल बल के साथ बबुरा छोटी पुल पर चेकिंग कर रहे थे, इसी बीच 3 बाइक पर 6 संदिग्ध तेजी से आरा-बबूरा से डोरीगंज की ओर जाते हुए दिखाई दिए। उन्हें रोकने का इशारा किया गया। सभी और तेजी से डोरीगंज की तरफ भागने लगे, जिसे बड़हरा



थाना की गाड़ी ने घेर लिया।' 'रोकने की कोशिश की तो एक बाइक सवार धक्का मारते हुए भागने की कोशिश करने लगा। अपराधी बाइक छोड़कर भागने लगे। पुलिस उनका पीछा कर रही थी। इसी दौरान अपराधियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में 2 अपराधियों के पैर में गोली लगी है। बदमाशों ने से 2 पिस्टल, 10 कारतूस, 2 बड़े झोले में तनिष्क शोरूम से लूटे गए जेवरात मिले हैं।' 'पकड़े गए आरोपियों के नाम सारण दिघवारा के रहने वाले विशाल गुप्ता और सोनपुर सेमरा के रहने वाले कुणाल कुमार है।'लूट के दौरान अपराधियों ने शोरूम के बाहर खड़े गार्ड के साथ मारपीट कर उनका हथियार भी छीन लिया। लूट नगर थाना क्षेत्र के गोपाली चौक स्थित ब्रांच में हुई है। पटना से तनिष्क के अधिकारी भी आरा पहुंचे हैं। शोरूम के अंदर सारा सामान बिखरा हुआ है। गार्ड ने आगे बताया- 'अपराधियों ने मेरे साथ मारपीट भी की। वो मेरी राइफल भी ले गए। शोरूम में रखे सोने-चांदी और हीरे के जेवरात बैग में भर लिए। लूट के दौरान बदमाशों ने सेल्समैन को भी पीटा है।' सुबह 10 बजे तनिष्क शोरूम खुला। 10.15 बजे साफ-सफाई का काम शुरू हुआ। 10.20 बजे 2 अपराधी शोरूम में दाखिल हुए। 10 मिनट बाद बाकी अपराधी अंदर घुसे।

## खाटू श्याम निशान यात्रा में उमड़ी भक्तों की भीड़

**सहरसा।** फाल्गुन शुक्ल पक्ष एकादशी के शुभ अवसर पर सहरसा में मारवाड़ी समाज के श्याम परिवार ने भव्य निशान यात्रा निकाली। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। बड़ी दुर्गा स्थान स्थित खाटू श्याम मंदिर से यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा शंकर चौक से शुरू होकर बंगाली बाजार, प्रशांत मोड़, गंगजला चौक, थाना चौक, डीबी रोड और मारूफगंज रोड होते हुए वापस मंदिर पहुंची। श्रद्धालुओं ने पूरे मार्ग में कीर्तन और जयकारे लगाए। महिलाएं हाथों में निशान लेकर पैदल चल रही थीं। शहर की सड़कों पर यात्रा को देखने के लिए



भक्तों की भारी भीड़ जमा हुई। खाटू श्याम भक्त मंडल और श्याम परिवार के सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाया। आदित्य मित्तल, रोहित तुलिस्यान, विपुल दहलान, आनंद अग्रवाल, आनंद भीमसेरिया, मनीष पचारिया और राज अग्रवाल समेत कई भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा के समापन पर मंदिर में श्रद्धालुओं ने निशान समर्पित किए और प्रार्थना की।

## विधानसभा मार्च पर निकले छात्रों की पुलिस से झड़प

**पटना।** में सोमवार को विधानसभा मार्च के लिए निकले छात्रों की पुलिस से झड़प हो गई। जेपी गोलंबर के पास पुलिस ने रोक दिया। इसके बावजूद बैरिकेडिंग तोड़ते हुए प्रदर्शनकारी छात्र आगे निकल गए। इस दौरान ही पुलिस से झड़प हुई है। बड़ी संख्या में छात्र डाकबंगला चौराहे के पास पहुंचे हैं। यहां से पुलिसकर्मियों ने सभी को आगे बढ़ने नहीं दिया है। प्रदर्शनकारी छात्रों को हटा दिया गया है।प्रदर्शन में एनएसयूआई, एआईएसएफ, एसएफआई, सोशल जस्टिस आर्मी, डीवाईएफआई, एआईवाईएफ, युवा कांग्रेस, आप यूथ विंग, सीवाईएसएस संगठन शमिल है।



शिक्षा एवं रोजगार समेत 10 सूत्री मांगों को लेकर छात्र निकले हैं। वे गांधी मैदान के कारगिल चौक से होते हुए विधानसभा मार्च के लिए निकले थे।छात्रों की 10 प्रमुख मांगे 1. पर्याप्त संख्या में शिक्षक - कर्मियों समेत सभी रिक्त पदों पर बहाली सुनिश्चित हो.2. शैक्षणिक सत्र नियमित कर एकेडमिक कैलेंडर लागू किया जाए.3. 70 वीं बीपीएससी परीक्षा रद्द कर पुनर्परीक्षा कराओ, पेपर लीक पर रोक एवं सख्त कानून सुनिश्चित करो.4. सभी विश्वविद्यालय में नियमित छात्र संघ चुनाव कराओ.5. राज्य सरकार के आदेशानुसार सभी छात्राओं एवं एससी-एसटी के छात्रों का निः शुल्क नामांकन सुनिश्चित करो. 6. सभी बेरोजगार को रोजगार या 10 हजार रुपये बेरोजगारी भत्ता सुनिश्चित करो.7. पीएचडी नामांकन में पारदर्शिता बहाल करो. नॉन नेट फेलोशिप सुनिश्चित करो.8. ठेका भर्ती पर रोक लगाओ एवं ठेके पर बहाल कर्मियों को स्थायी करो.9. युवा आयोग का गठन करो.10. हर स्तर पर शुल्क वृद्धि पर रोक लगाओ.

## मिडिल स्कूल में उर्दू में कराई जा रही थी प्रेयर


### वीडियो बनाने पर टीचर को पीटा, पीड़ित बोले- मुस्लिम प्रिंसिपल ने बंद कराया हिंदी में प्रार्थना



**गया।** के आंती पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय में उर्दू में प्रार्थना कराए जाने और इसका वीडियो बनाए जाने के बाद एक टीचर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित टीचर अजय प्रसाद ने गांव के 9 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पीड़ित टीचर ने आरोप लगाया कि मिडिल स्कूल में पहले हिंदी में प्रार्थना होती थी, लेकिन नई प्रिंसिपल सबीहा खातून के आने के बाद उर्दू में प्रार्थना कराई जा रही है। घटना के संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। नियमानुसार कार्रवाई होगी। अजय प्रसाद ने बताया कि स्कूल में कुल 8 टीचर हैं। फिलहाल, एक टीचर छुट्टी पर हैं। मेरे अलावा स्कूल की अन्य टीचर महिलाएं हैं। शनिवार सुबह स्कूल में हुए उर्दू में प्रार्थना का वीडियो मैंने बनाया था। किसी तरह इसकी जानकारी गांव के कुछ लड़कों को हुई। दोपहर 3:40 बजे स्कूल की छुट्टी के बाद मैं स्कूल के बरामदे में बैठा था। इसी दौरान गांव के शोहराब, जावेद, ओबैद, राशिद, नन्हकू, माजिद, एहसान, जीशान और कैफ स्कूल में आए और मुझसे पूछा कि क्या तुमने उर्दू प्रार्थना का वीडियो बनाया है?अजय ने बताया कि जब मैंने उनके सवाल का जवाब हां में दिया और पूछा कि क्या बात है, तो आरोपियों ने गाली देना शुरू कर दिया और मेरी पिटाई कर दी। इस दौरान स्कूल में मौजूद किसी स्टाफ ने अपने किसी जानने वाले को घटना की जानकारी दी। फिर उन्होंने पुलिस को घटना के बारे में बताया। टीचर ने बताया कि मारपीट की सूचना के बाद पुलिस स्कूल में पहुंची और मुझे इलाज के लिए ले गई। फिर मेरे बयान के आधार पर आंती थाना में कांड संख्या 33/25 दर्ज कर लिया गया। शिक्षक अजय प्रसाद ने बताया कि घटना की सूचना ब्लॉक एजुकेशन अफसर को भी दी है। लेकिन अब तक उनकी ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई और न ही किसी तरह की कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। शिक्षक अजय प्रसाद ने बताया कि मिडिल स्कूल में उर्दू में प्रार्थना नहीं की जा सकती है। गांव के लोगों का कहना है कि ये स्कूल उर्दू स्कूल नहीं है। पहले से ही हिंदी भाषा में प्रार्थना होती आई है। लेकिन जबसे वर्तमान प्रभारी सबीहा खातून प्रधानाध्यापक ने पदभार संभाला है, तब से उर्दू भाषा में प्रार्थना (दुआ या नात) कराई जा रही है। इस बदलाव को लेकर गांव के लोगों में खासी नाराजगी है। इधर, डीईओ ओमप्रकाश ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच कराई जा रही है।

## 18 महीने से जेल में बंद कैदी बना शिक्षक

**गया ।** में 18 महीने से जेल में बंद एक कैदी ने टीचर बना है। शनिवार को बोधगया के महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री और गया के जिला प्रभारी नीतीश मिश्रा ने कैदी शिक्षक विपिन कुमार को नियुक्ति पत्र सौंपा। कैदी नियुक्ति पत्र लेने पहुंचा तो उसके हाथ में हथकड़ी थी। कैदी को हथकड़ी लगाकर ही जेल से सांस्कृतिक केंद्र लाया गया था। फिर हथकड़ी लगाकर ही कैदी को वापस जेल भेजा गया। मोहनपुर प्रखंड के ऐरकी गांव के रहने वाले विपिन पर पोक्सो एक्ट की धारा में केस दर्ज है। हालांकि, अब तक आरोप तय नहीं हुआ है। विपिन को नियुक्ति पत्र मिलने के बाद उसे थाना लाया गया। यहां मीडिया से बातचीत करते हुए विपिन ने बताया कि 'साल 2023 में पटना के सगुना मोड़ स्थित एक प्राइवेट कोचिंग में पढ़ाता था। इसी दौरान एक लड़की से मारपीट के आरोप में जेल भेज दिया गया था। तब से लेकर अब तक जेल में ही बंद है। बेऊर जेल में रहते हुए TRI-3 की तैयारी की और परीक्षा पास की।' कड़ी सुरक्षा के बीच जेल से लाया गया कैदी बिहार सरकार ने TRI-3 के



तहत नियुक्ति पत्र देने का ऐलान किया, तो सूची में विपिन कुमार का नाम भी था। प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा में उसे पटना के बेऊर जेल से गया लाया गया। मंच से विपिन को बुलाया गया तो वह हथकड़ी में मंच पर पहुंचा। विपिन ने बताया कि 'शिक्षक बनकर समाज की सेवा करना चाहता हूं। जेल से बाहर आते ही बच्चों को शिक्षित करने में अपनी पूरी ताकत झोंक देंगे। पड़ोस के कोचिंग संस्थान ने षड्यंत्र रचा और मुझे फंसा दिया। नतीजतन मैं जेल पहुंच गया।' बिहार सरकार के मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि सरकार योग्य अभ्यर्थियों को उनका हक देने के लिए प्रतिबद्ध है। कैदी की यह कहानी समाज के लिए प्रेरणा बन सकती है। कार्यक्रम के दौरान हजारों अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए।'

## पति से अनबन में पत्नी ने की खुदकुशी

**सहरसा।** में विवाहित ने पति से विवाद के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना सदर थाना क्षेत्र के तिवारी टोला अवस्थित वार्ड 26 की है। मृतका की पहचान फाइनेंस कंपनी के मैनेजर अमृत सागर शुक्ला की पत्नी पूजा शुक्ला(27) के रूप में हुई है। पति ने बताया कि रविवार को पड़ोस में एक शादी का रिसेप्शन था। मैं अपने बच्चों के साथ वहां खाना खाने गया था। घर लौटने पर पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। पूजा गुस्से में दूसरे कमरे में सोने चली गई। मैं भी बच्चों के साथ अलग कमरे में सो गया। फंदे से लटका मिला शव अमृत ने बताया कि सोमवार सुबह साढ़े 6 बजे पूजा के देर तक न जागने पर मैं उसके कमरे का दरवाजा खटखटाया। कोई जवाब नहीं मिलने पर दरवाजा तोड़ा तो, अंदर पूजा का शव फंदे से लटका मिला। उसे तुरंत पास के मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतका के सास ने बताया कि उनके भतीजे की शादी थी। जिसमें शामिल होने के लिए मैं अपने पति के साथ पूर्णिया गई हुई थी। सुबह जब बेटे ने फोन पर बताया कि पूजा घर में फंदे से लटक कर जान दे दी है। जिसके बाद मैं घर वापस लौटी हूं। उन्होंने बताया कि पूजा के तीन बच्चे है, दो लड़के और एक लड़की।

# भाजपा विधायक बोले- होली के दिन मुस्लिम बाहर न निकलें

**पटना।** हार विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान बीजेपी विधायक हरिभूषण बचौल के बयान पर राजनीति गरमा गई है। दरअसल, सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले बीजेपी विधायक हरिभूषण बचौल ने कहा- 'साल में 52 जुमा आता है, जबकि होली एक बार ही आती है। होली के दिन मुस्लिम बाहर न निकलें। अगर उनका दिल बड़ा हो और रंग लग जाने पर बुरा न मानें, तभी बाहर निकलें। रंग बेचने से परहेज नहीं तो रंग लगाने से परहेज क्यों।' भाजपा विधायक के इस बयान पर पूर्व सीएम राबड़ी देवी ने कहा- 'अगर प्रधानमंत्री में हिम्मत है तो पूरे देश से मुस्लिम को भगाकर दिखाएं। बिहार की जनता यहां से बीजेपी को भगाएगी। भाजपा के लोग संस्कारहीन हैं, मुसलमान लोगों ने किसका क्या बिगाड़ा है।'
नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने



कहा कि 'उनके कहने से मुसलमान नहीं निकलेंगे। उनके पिता का राज है क्या। यह बिहार है। बचौल समझ लो। एक मुसलमान की रक्षा पांच-छह हिन्दू करेंगे। जब तक हमारी पार्टी में लालू को मानने वाले लोग हैं। संविधान है। यह नहीं होने देंगे।'तेजप्रताप यादव ने कहा- 'इस देश में हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई आपस में सब भाई-भाई हैं। किसी के कहने से कुछ नहीं होता है।' वहीं राजद के विधायक फतेह बहादुर सिंह ने कहा कि 'बीजेपी- के लोग हमेशा से सौहार्द को बिगाड़ते आए हैं। आज भी बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। लोग इसके बहकावे में नहीं आएंगे। सभी मिल-जुलकर त्योहार मनाएंगे। इनका काम ही लड़वाना है।' JDU ने बताया हरिभूषण बचौल की व्यक्तिगत राय वहीं जदयू कोटे से मंत्री श्रवण कुमार ने कहा- 'जिस तरह से जिनकी त्योहार में आस्था है। उनको वैसे मनाना चाहिए। सब मिल जुलकर त्योहार मनाएंगे। यही ज्यादा अच्छा होगा। अपनी इच्छा के अनुसार लोग धर्म और त्योहार को चुनते हैं। खुशियां मनाते हैं।'राजद MLC सुनील सिंह ने कहा कि, 'होली है, इसमें किसी क्षेत्र में दंगा हो जाए तो ये नई बात नहीं है। बीजेपी आरएसएस की विंग है, और इसका मुख्य काम ही है कि दंगा फैलाने के लिए किस तरह का बयान दिया जाए, ये लोग कमरे में बैठकर तय करते हैं कि आज कौन-सा विधायक क्या बोलेगा। ये जो बीजेपी के विधायक बचौल हैं, वो बकलोल की तरह बात कर रहे हैं।' वहीं सीएम नीतीश को होली की बधाई देने के सवाल पर सुनील सिंह ने कहा कि 'मैं उन्हें किस बात की बधाई दूं, जिस तरह से वो सदन से लेकर सड़क तक महिलाओं को लेकर बयान देते हैं उसकी। आज वो सांप्रदायिक ताकतों की गोद में जाकर बैठे हैं।'थर्ड सप्लीमेंट्री बजट पर चर्चा लंच ब्रेक के बाद शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने थर्ड सप्लीमेंट्री बजट 2024 25 में 1538 करोड़ की मांग और खर्च की मांग की। शिक्षा विभाग की मांग पर चर्चा हो रही है। राजद विधायक साहिन ने मांग में कटौती की मांग की। विधानसभा में आउटसोर्सिंग में आरक्षण का मुद्दा उछाला गया। स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर कार्यस्थगन का प्रस्ताव लाया गया। विपक्ष ने इसपर चर्चा की मांग की है। सदन में मंत्री श्रवण कुमार और राजद विधायक भाई वीरेंद्र के बीच तीखी बहस भी हुई।वित्त विभाग के मंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को 11,187 करोड़ का थर्ड सप्लीमेंट्री बजट सदन में पेश किया था। इस बजट में सबसे अधिक 2,293 करोड़ रुपए पीएम आवास योजना में खर्च होंगे। स्टेट स्कीम मद में 4,974 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसमें सबसे अधिक मेडिकल कॉलेज अस्पताल और स्कूल के निर्माण पर खर्च किया जाएगा। वित्त विभाग के मंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को 11,187 करोड़ का थर्ड सप्लीमेंट्री बजट सदन में पेश किया था। इस बजट में सबसे अधिक 2,293 करोड़ रुपए पीएम आवास योजना में खर्च होंगे। स्टेट स्कीम मद में 4,974 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसमें सबसे अधिक मेडिकल कॉलेज अस्पताल और स्कूल के निर्माण पर खर्च किया जाएगा।

## संक्षिप्त डायरी

### नमाज अदा कर लौट रहे शख्स की गोली मारकर हत्या



**मोतिहारी।** में रविवार की देर रात नमाज पढ़कर लौट रहे एक शख्स की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान 52 साल के समाजसेवी शेख नुरेन के रूप में हुई है। वारदात जिले के रामगढ़वा थाना क्षेत्र के बैरिया पंचायत के आर्यानगर में हुई। हत्या उस वक्त हुई जब मोतिहारी में लोग टीम इंडिया की जीत का जश्न मना रहे थे। दरअसल, रविवार रात टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी जीती। इसी खुशी में चारों तरफ आतिशबाजी हो रही थी। पटाखों की आवाज के बीच अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि नुरेन मस्जिद से कुछ ही दूरी पर पहुंचे थे की बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी। गोली की आवाज को लोगों ने जश्न का पटाखा समझा। मृतक का आपराधिक इतिहास रहा है। घटना से कुछ देर पहले उसने अपने दो बेटों से फोन पर बात की थी। वहीं, बताया गया कि वह अपने गांव में किसी भी पार्टी या समारोह में डीजे बजाने नहीं देता था।कुछ देर बाद जब लोगों ने सड़क किनारे नुरेन को गिरा देखा, तो उन्हें तुरंत निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। शुरूआती जांच में आपसी विवाद को हत्या का कारण माना जा रहा है। मृतक के पांच बेटे और एक बेटी हैं, जो बाहर रहते हैं। घटना की सूचना के बाद पहुंचे पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। मौत की खबर सुनते ही लोगों की भारी भीड़ उसके दरवाजे पर जमा हो गई। वहीं, परिजनों ने पुलिस पर आरोप लगाया कि पुलिस ने ही इन अपराधियों को पाल रखा है।

### घर के गेट से महिला की चेन छीनकर बदमाश फरार



**समस्तीपुर।** के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मोहनपुर के पास रविवार शाम दरवाजे पर बाइक रुकने की आवाज पर घर से बाहर निकली एक बुजुर्ग महिला का बदमाशों ने सोने की चेन छीन ली। पीड़ित महिला के शिक्षक पुत्र डॉ मिथिलेश कुमार ने थाने में आवेदन दिया है। जानकारी के अनुसार, शिक्षक डॉ मिथिलेश कुमार की मां इंदु वर्मा मोहनपुर रोड स्थित अपने घर पर बैठी हुई थी। दरवाजे पर एक बाइक के आकार रुकने की आवाज पर वह बाहर निकली। बाइक सवार के बारे में जानना चाह रही थी। इसी दौरान बाइक पर पीछे बैठा एक युवक उनकी सोने की चेन झपट लिया हालांकि इस दौरान प्रतिरोध करने पर आधी चेन इंदु वर्मा के हाथ में ही रह गई। आधी टूटी हुई चेन और उसका लॉकेट बदमाश लेकर फरार हो गए। इस दौरान शोर मचाए जाने पर आसपास के लोगों की भीड़ भीड़ जुट गई लेकिन तब तक बाइक सवार बदमाश मोहनपुर रोड में फरार हो गया। बदमाशों की संख्या दो बताई गई है जो एक ही बाइक पर सवार थे।वहीं, इस मामले में मुफस्सिल थाना अध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अजीत कुमार ने बताया कि महिला से चेन छीनने की वारदात सामने आई है। घटना को लेकर एक आवेदन मिला है पूरे मामले की जांच की जा रही है। हालांकि शहर के मोहनपुर और आसपास के इलाके में इन दिनों छिनतई की घटना लगातार सामने आ रही है। हाल ही में मोहनपुर रोड के ही विवेक विहार मोहल्ला में पुलिस की वर्दी जैसे कपड़ा पहने बदमाशों ने भाकपा-माले की महिला नेत्री के साथ छिनतई की घटना को अंजाम दिया था।

### औरंगाबाद में 82 लीटर शराब के साथ 5 तस्कर गिरफ्तार



**औरंगाबाद।** में अंबा थाना पुलिस ने रविवार रात की गई छापेमारी में बाप-बेटे समेत 5 तस्करों को गिरफ्तार कर सैकड़ों बोतल शराब जब्त की है। गिरफ्तार तस्करों में नगर थाना क्षेत्र के काम बिगहा निवासी रामजी चौधरी और उसका पुत्र राहुल चौधरी शामिल हैं।पुलिस ने उनके पास से 39 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की। वहीं, मोपेड पर शराब की खेप ले जा रहे रिसियप थाना क्षेत्र के पहरा गांव निवासी चितरंजन कुमार और सड़सा गांव निवासी विकास कुमार को भी पकड़ा गया। इनके पास से 82 बोतल टनाका देसी शराब बरामद हुई। होली में अधिक मुनाफे के लिए शराब की अवैध तस्करी कर रहे कारोबारियों के मंसूबों पर पुलिस ने पानी फेर दिया।पुलिस ने दूसरी कार्रवाई में एक ऑटो को पकड़ा, जिसमें बने विशेष तहखाने में छिपाकर शराब ले जाई जा रही थी। गुप्त सूचना पर पुलिस ने ऑटो को जब्त किया और ऑटो चालक, रिसियप निवासी पिंटू कुमार को गिरफ्तार कर लिया। ऑटो से 414 बोतल अंग्रेजी और 25 बोतल देसी, कुल 82.02 लीटर शराब बरामद की गई। शराब बरामदगी के बाद पुलिस ने तीनों वाहनों और जब्त शराब को कब्जे में लेकर आरोपियों को मद्य निषेध और उत्पाद अधिनियम के तहत कोर्ट में पेश किया। पुलिस अधिकारी राहुल राज ने बताया कि ये कारोबारी झारखंड से शराब की खेप लेकर अंबा थाना क्षेत्र होते हुए औरंगाबाद जा रहे थे। पुलिस के विशेष अभियान के तहत इन्हें दबोचा गया। होली पर्व को देखते हुए मुख्य मार्गों और वैकल्पिक रास्तों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, जिससे शराब की तस्करी पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

### 'पत्नी, सास-साले की वजह से जान दे रहा हूं

**भागलपुर।** में एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मामला बबरगंज थाना क्षेत्र के मोदीनगर इलाके का है। मृतक की पहचान दीपक कुमार (26) के रूप में हुई है। आत्महत्या से पहले उन्होंने डायरी के 8 पन्नों में सुसाइड नोट लिखा है। दीपक ने अपनी नोट में मौत के लिए अपनी पत्नी, सास और साला को जिम्मेदार ठहराया है। सुसाइड नोट में पत्नी समेत ससुराल के चार लोगों का जिक्र है। जिन पर प्रताड़ित करने का आरोप है। दीपक ने लिखा- 'पत्नी ने पिछले 9 महीने से मेरा नंबर ब्लॉक करके रखा है। मेरी उससे बात नहीं होती है। लोग मुझ पर हंसते हैं।''ससुराल वालो ने स्थानीय पुलिस के जरिए नोटिस भेज कर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। जिससे में काफी परेशान हूं।' 2020 में दीपक की शादी झारखंड के साहिबगंज जिले में हुई थी। शादी के तीन साल बाद पत्नी छोड़कर चली गई थी। जिसके बाद से दीपक डिप्रेशन में था।सुसराल वालों ने दारू पीकर गाली-गलौज का आरोप लगाया था।

## संक्षिप्त खबरें

### आद्रा मंडल में रॉलिंग ब्लॉक के मद्देनजर ट्रेनों के परिचालन में किया गया बदलाव

**धनबाद(बिभा):** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में रॉलिंग ब्लॉक के मद्देनजर ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है । 10.03.25 एवं 13.03.25 को गाड़ी संख्या 18019/18020 झाड़ग्राम-धनबाद - झाड़ग्राम मेमू एक्सप्रेस के परिचालन को निरस्त किया गया हैं 10.03.25 ,13.03.25 एवं 15.03.25 को गाड़ी संख्या 13503/13504 बर्द्धमान झहटिया झ बर्द्धमान का आंशिक समापन एवं आंशिक प्रारंभ ने.सु.च.बोस गोमो स्टेशन से किया जाएगा।

### होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन कल से

**धनबाद(बिभा) :** होली के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु बोकारो स्टील सिटी झचंद्रपुरा झधनबाद स्टेशन के रास्ते स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। 08105 राँची झजयनगर होली स्पेशल 12.03.25 (01फेरा ) बुधवार। 08106 जयनगर- राँची होली स्पेशल13.03.25 (01फेरा) गुरुवार। 08183 टाटा-बक्सर होली स्पेशल 2.03.25 (01फेरा )बुधवार ।08184 बक्सर- टाटा होली स्पेशल 13.03.25 (01फेरा)गुरुवार।

### 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर राष्ट्रीय पुरुष हॉकी चैंपियनशिप के लिए हॉकी झारखंड का चयन ट्रायल 20 को

**रांची (बिभा):** 04 अप्रैल से 15 अप्रैल 2025 तक झांसी,उत्तरप्रदेश में आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 , में झारखण्ड हॉकी टीम के भागीदारी हेतु झारखंड के हॉकी खिलाड़ियों का चयन ट्रायल दिनांक 20 मार्च को सुबह 08.00 बजे से मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मोराबादी, राँची में आयोजित होगी। इस चयन ट्रायल में झारखंड के कोई भी हॉकी खिलाड़ी भाग ले सकते है।चयन ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ी को अपने साथ आधार कार्ड और हॉकी इंडिया आई डी कार्ड लाना अनिवार्य है।

### झारखंड ने हॉकी महाराष्ट्र को पेनाल्टी शूटआउट में पराजित कर फाइनल में



**रांची(बिभा) :** 01 मार्च से 12 मार्च 2025 तक पंचकुला हरियाणा में आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 , में झारखण्ड हॉकी टीम ने आज क्वार्टर फाइनल मैच में हॉकी महाराष्ट्र को पेनाल्टी शूटआउट में 3-2 गोल से पराजित कर फाइनल में पहुंच गई। इससे पूर्व झारखंड टीम 10 वर्ष पहले 2015 में फाइनल पहुंचकर पहली बार उपविजेता बनी थी । उस वर्ष भी झारखंड टीम सेमीफाइनल मैच को पेनाल्टी शूट आउट में मध्यप्रदेश को पराजित कर फाइनल पहुंची थी। झारखंड और महाराष्ट्र टीम आज मैदानी खेल में गोल करने में असफल रहे और मैच पेनाल्टी शुट आउट में गया। पेनाल्टी शूट आउट में झारखंड टीम की ओर से रजनी केरकेट्टा, अलबेका रानी टोप्पो और सम्मी बड़ा ने गोल की, जबकि सुषमा कुमारी गोल करने में असफल रही , वन्ही महाराष्ट्र टीम के तीन खिलाड़ियों के बोल को हॉकी झारखंड की गोलकीपर अंजली बिंझिया ने रोककर झारखंड को फाइनल में पहुंचाने प्रमुख भूमिका निभाई। हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह,विजय शंकर सिंह,मनोज कोणबेगी, असरिता लकड़ा, रजनीश कुमार,असुंता लकड़ा, जयंत केरकेट्टा , शशिकांत प्रसाद, सुरजीत झा, अशोक भगत, माइकल लाल, दसरथ महतो सहित हॉकी झारखंड और खेल विभाग के समस्त पदाधिकारियों ने झारखंड टीम को सेमी फाइनल सहित लगातार चार मैच जीत कर फाइनल में प्रवेश करने के लिए बधाई दी है और अगले मैच के लिए शुभकामनाएं दी है। झारखंड टीम का फाइनल मुकाबला 12 मार्च को अपने चिरप्रतिद्वंदी मेजबान हॉकी हरियाणा के साथ है, जिसने सेमीफाइनल में हॉकी मिजोरम को पराजित कर फाइनल में जगह बनाई है।

# सौहार्दपूर्ण तरीके से मनायें होली का त्यौहार : उपायुक्त

बिभा संवाददाता

लोहरदगा। होली-2025 को लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज सोमवार को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक जिला परिषद स्थित सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में प्रखण्डों से आये शांति समिति के सदस्यों की ओर से प्रखण्डों में आयोजित शांति समिति की बैठक और अपने-अपने क्षेत्र में होली के अवसर पर आयोजित होनेवाले कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

उपायुक्त, लोहरदगा ने इस अवसर पर कहा कि आप सभी होली का त्यौहार सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनायें। अगर बच्चे व युवा किसी पर रंग फेंक देते हैं तो उन्हें एक अभिभावक की तरह समझायें। किसी प्रकार की असामान्य स्थिति उत्पन्न नहीं होने दें। होली का त्यौहार सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनाया जा सके इसके लिए दण्डाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। बारीकी से असमाजिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है। भारत में होली के त्यौहार काफी उत्साहपूर्ण तरीके से मनाया जाता है। आप भी अपने-अपने क्षेत्र में होली खेलें और एक दूसरे से सौहार्द्रपूर्ण संबंध को मजबूत करें। आज की बैठक में जो आश्वासन शांति समिति के सदस्यों द्वारा सौहार्दपूर्ण होली खेले जाने को लेकर दी है उससे जिला प्रशासन का हौसला बढ़ा है। आप सभी अपने क्षेत्रों में ईद और रामनवमी के त्योहारों को लेकर आवश्यक बैठकें कर लें। आज की बैठक में सिविल सर्जन डॉ शंभुनाथ चौधरी, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी, शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।



### होली की मूल भावना का खयाल रखें : हारिस बिन जमां

पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि होली में त्योहार की मूल भावना का ख्याल रखा जाय। किसी को भी आहत ना करें। भारत देश में होली काफी उत्साह तरीके से मनाया जाता रहा है। आप जब भी होली खेलें तो आपसी भाईचारा और गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश करें।जिला में त्योहार को मनाने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की उपलब्धता है। शांति समिति के लोग होली में अभिभावक की भूमिका में रहें और युवाओं को संयमित रखने के लिए प्रयास करें। जिला में प्रशासनिक तैयारियां पूरी हैं। आवश्यक पुलिस बल है, ड्रोन व सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी की जाएगी।

# उपायुक्त ने पलाश हर्बल गुलाल का किया शुभारंभ

बिभा संवाददाता

**सिमडेगा:** पलाश, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी के तत्वावधान में पलाश हर्बल गुलाल का शुभारंभ उपायुक्त, अजय कुमार सिंह के कर कमलों द्वारा समाहरणालय परिसर स्थित सभा कक्ष में किया गया । यह विशेष प्रदर्शनी सह बिक्री स्टॉल 13 मार्च 2025 तक समाहरणालय परिसर में आयोजित की गई है, जिससे होली के शुभ अवसर पर लोग प्राकृतिक और हर्बल रंगों का आनंद उठा सकें।

विशुद्ध एवं प्राकृतिक तरीके से पलाश हर्बल गुलाल ठेठईटांगर प्रखंड के चांदनी आजीविका स्वयं सहायता समूह के द्वारा बनाया गया है।

पलाश हर्बल गुलाल का शुभारंभ करते हुए उपायुक्त महोदय ने समूह के द्वारा इस नए कदम की सराहना करते हुए गुलाल की बिक्री हेतु फारवर्ड लिंकेज की बात कही। उन्होंने सभी संलग्न दीदियों को शुभकामना देते हुए इसी प्रकार से आत्मनिर्भर एवं सशक्त होने हेतु प्रेरित किया। जेएसएलपीएस की जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री शांति मार्डी के द्वारा यह बताया गया की दीदियों का प्रोडक्ट महिला जागृति फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी को सप्लाई किया जा रहा है जिसके द्वारा यह पलाश मार्ट सहित शहर के में चौक एवं चौराहों में भी उपलब्ध होगा।



#### पलाश हर्बल गुलाल की विशेषताएं:

प्राकृतिक और हर्बल सामग्री झ यह गुलाल पूरी तरह से प्राकृतिक तत्वों जैसे पालक, बीट, फूल और गाजर से बनाया गया है, जो त्वचा और पर्यावरण दोनों के लिए सुरक्षित है।

रंगीन और आकर्षक झ यह विभिन्न जीवंत रंगों में उपलब्ध है, जो होली के उत्सव को और भी खास बना देगा।

कार्यक्रम में उपस्थित समूह की दीदियों के द्वारा उपायुक्त महोदय सहित अन्य पदाधिकारीयों को गुलाल से तिलक लगाकर साथ ही स्वयं एक दूसरे को गुलाल लगाकर सुरक्षित होली हेतु समाज को भी प्रेरित किया।

इसके अतिरिक्त, प्रदर्शनी में ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित अन्य उत्पाद भी उपलब्ध रहेंगे, जिनमें रागी से बने लड्डू, तिल लड्डू, रागी नमकीन, रागी मिक्सचर आदि शामिल हैं। यह पहल स्थानीय महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को भी प्रोत्साहित करेगी।

इस अनूठे प्रयास का उद्देश्य लोगों को हानिकारक रासायनिक रंगों के बजाय हर्बल गुलाल की ओर आकर्षित करना है, जिससे एक सुरक्षित, स्वस्थ और पर्यावरण-अनुकूल होली मनाई जा सके।

सखी मंडल द्वारा निर्मित पलाश हर्बल गुलाल बिक्री का स्टॉल समाहरणालय ₹ए ब्लॉक₹ के पोर्टिको में लगाया गया। जिसमें महिलाओं ने बताया कि लगभग 11000 रुपए की बिक्री हुई। जिसमें लोगों ने पलाश हर्बल गुलाल को काफी पसंद किया। तथा इसकी खरीद भी किये गये। कार्यक्रम के दौरान एलआरडीसी श्रीमती अरुणा कुमारी, नाबार्ड के पदाधिकारी, जेएसएलपीएस की जिला कार्यक्रम प्रबंधक सहित पूरी टीम उपस्थित हुई।

### जिला समन्वय समिति की हुई बैठक

**दुमका :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों के वरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं का समयबद्ध तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे नियमित रूप से प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति की बैठकें आयोजित करें और योजनाओं का स्थल निरीक्षण कर क्षेत्रीय अधिकारियों की जवाबदेही तय करें। साथ ही, जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि योग्य लाभुकों को इन योजनाओं का लाभ मिल सके। मनरेगा और आवास योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत कार्यों की प्रगति और पीएम आवास योजना के लंबित निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिया। कृषि विभाग में केवाईसी लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन, मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना के तहत किसानों को लाभ पहुंचाने और केसीसी आवेदन के प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए।

## उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बैंक ऑफ इंडिया, डीसी ऑफिस में विधिवत किया उद्घाटन

बिभा संवाददाता

**गुमला:** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने आज बैंक ऑफ इंडिया, डीसी ऑफिस, गुमला शाखा का उद्घाटन विधिवत रूप से किया। उद्घाटन के पश्चात उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि गुमला जिले में बैंक ऑफ इंडिया के कई ब्रांच हैं। जिसकी बैंकिंग सेवा का लाभ सभी लोग परस्पर लेते हैं। अब यहां डीसी ऑफिस के प्रांगण में बैंक ऑफ इंडिया की नई शाखा खुलने से इस क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा। अब लोगों को बैंक के काम हेतु दूर नहीं जाना पड़ेगा। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित ग्रामीण महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बैंक ऑफ इंडिया आप सभी दीदियों जो कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं उनके लिए सदैव तत्पर है। महिलाओं को रोजगार हेतु बैंक में कई प्रकार के लोन उपलब्ध हैं जिसका लाभ लेकर आप अपना व्यवसाय शुरू कर खुद को आत्मनिर्भर बना सकती हैं।

इस दौरान बैंक ऑफ इंडिया के जोनल महाप्रबंधक मनोज कुमार ने उपायुक्त को धन्यवाद देते हुए कहा कि उपायुक्त के सहयोग से हीं ऑफिस के प्रांगण में बहुत ही कम समय में इस नई शाखा का निर्माण हो पाया है। उन्होंने वहां मौजूद सभी ग्रामीण महिलाओं को बैंक द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया। साथ हीं साथ उन्होंने यह भी कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ आपतक सुलभ तरीके से पहुंचे इस हेतु बैंक सदैव तत्पर है। महिलाओं को उन्होंने किसान ऋण ,केसीसी ऋण, कृषि वाहन ऋण एवं लखपति दीदी योजना एवं अन्य ऋण के संबंध में जानकारी प्रदान की। और बैंक द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लेने की बात कही। उद्घाटन समारोह के दौरान वहां उपस्थित कई लोगों को ऋण की स्वीकृति प्रदान की गई। इसमें डुमरी प्रखंड के नागेंद्र प्रसाद को कृषि वाहन योजना के तहत 4.65 लाख की स्वीकृति दी गई।गुमला प्रखंड के छोटू महतो को पोल्ट्री फार्म खोलने हेतु 2.5 लाख रुपए की ऋण उपलब्ध कराई गई है। भरनो प्रखंड के प्रयाग गोप एवं कलावती देवी को डेयरी फार्म खोलने हेतु 1.8 लाख रुपए की ऋण स्वीकृति प्रदान की गई है।

इस मौके पर बैंक ऑफ इंडिया के फील्ड महाप्रबंधक मनोज कुमार, जोनल मैनेजर ऑफ रांची जोन के संजय कुमार सिंह, एजीएम अजय कुमार पाण्डेय,एनडीसी ललन कुमार रजक,एलडीएम पवन कुमार एवं बैंक ऑफ इंडिया, गुमला जिले के विभिन्न ब्रांच के ब्रांच मैनेजर एवं कर्मीगण उपस्थित थे।

## श्याम परिवार के द्वारा भव्य निशान शोभा यात्रा का आयोजन



बिभा संवाददाता

**आसनसोल।** रंग-रंगीले फागुन मास के शुक्ला पक्ष की एकादशी के शुभ अवसर पर सोमवार को श्री श्याम परिवार (बराकर) के द्वारा बाबा श्याम का भव्य निशान शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान बराकर स्टेशन परिसर स्थित हनुमान मंदिर में विद्वान पंडितों के द्वारा बाबा श्याम के निशानों की विधिवत पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात शोभा यात्रा का शुभारंभ हुआ। इस दौरान बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार कर भव्य झाकी निकाली गई। बाबा श्याम के मधुर भजनों,धमाल चंग की धुनों पर भक्तगण झूलते-नाचते बाबा श्याम के जयकारा लगाते हुए और अबीर गुलाल खेलते हुए श्री श्याम एवं दादी मंदिर नियामतपुर पहुंचे।शोभा यात्रा बराकर स्टेशन रोड, कुल्टी के रास्ते होते हुए नियामतपुर स्थित श्री श्याम एवं दादी मंदिर प्रांगण पहुंचे और बाबा श्याम को निशान अर्पण किया। 251 निशानों की शोभा यात्रा के दौरान महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। एकादशी के शुभ अवसर पर शिल्पांचल स्थित नियामतपुर, आसनसोल, रानीगंज, दुर्गापुर के सभी श्याम मंदिरों को रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया था। बाबा श्याम का फूलों से भव्य श्रृंगार कर 56 भोग अर्पित किया गया। एकादशी के पूर्व संध्या सभी श्याम मंदिरों में भजनों की अमृत वर्षो स्थानीय भजन मंडलियों एवं क्षेत्र के बाहर से पधारे भजन गायकों के द्वारा भजनों की प्रस्तुति की गई। इस दौरान श्री श्याम परिवार के सदस्य शंकर नियोगी,कालू चौधरी, सुभाष शर्मा,शंकर शर्मा,अजय राजगढ़िया,बलदेव रवानी,पप्पू शर्मा, विकाश शर्मा, आयुष, झाबू चौधरी, लाली शर्मा पंकज चौरसिया,अनिता अग्रवाल पिंकी शर्मा,अंजू नियोगी,मधु शर्मा उपस्थित थे।

# सांतरागाछी रेलवे स्टेशन पर प्रमुख यार्ड पुनर्निर्माण कार्य की योजना

बिभा संवाददाता

**कोलकाता :** भारतीय रेलवे की देशभर में प्रमुख स्टेशनों के उन्नयन और आधुनिकीकरण की महत्वाकांक्षी योजना के तहत सांतरागाछी रेलवे स्टेशन पर महत्वपूर्ण स्टेशन विकास कार्य किए जा रहे हैं। इस परियोजना का उद्देश्य इस प्रमुख स्टेशन पर परिचालन दक्षता बढ़ाना और ट्रेन प्रबंधन में सुधार करना है, जो दक्षिण पूर्व रेलवे के रेलवे नेटवर्क का एक महत्वपूर्ण केंद्र है।

सांतरागाछी रेलवे स्टेशन का पुनर्निर्माण नए स्टेशन भवन, परिसंचरण क्षेत्र, आवश्यक यात्री सुविधाओं और कोना एक्सप्रेसवे से सड़क कनेक्टिविटी के साथ द्वीप मंच, नए प्लेटफार्मों, फुट ओवरब्रिज, लिफ्ट, एस्केलेटर, ट्रेवललेटर और अन्य विकासात्मक कार्यों के निर्माण के साथ किया जाएगा।



वर्तमान में, नए स्टेशन भवन (संरचनात्मक कार्य), दो फुट ओवरब्रिज के साथ सीढ़ी, सबवे, परिसंचरण सड़क, ऊंची पार्किंग, शालीमार स्टेशन से सांतरागाछी स्टेशन तक जल आपूर्ति पाइपलाइन कार्य, ग्रेड सड़क (कुछ हिस्से) और अन्य बुनियादी ढांचे के कार्य पूरे हो चुके हैं।

एक टर्मिनल स्टेशन के रूप में, सांतरागाछी से कई मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें शुरू होती हैं और समाप्त होती हैं, इसलिए स्टेशन और यार्ड के पुनर्निर्माण की आवश्यकता है। यह स्टेशन दक्षिण पूर्व रेलवे क्षेत्र के अंतर्गत यात्री परिवहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

सांतरागाछी यार्ड के कमीशन होने के बाद, सांतरागाछी-संक्रैल लिंक लाइन की सुविधा होगी, जो एक द्विदिशात्मक लाइन होगी, जिसमें संक्रैल-आंधुल के बीच एक फ्लाईओवर होगा, जो संक्रैल की डाउन लाइन को आंधुल स्टेशन की अप लाइन से जोड़ता है, और फिर आंधुल-सांतरागाछी एक सतही लाइन होगी। सांतरागाछी-संक्रैल लिंक लाइन के कमीशन होने के बाद, शालीमार स्टेशन की ओर जाने वाली डाउन ट्रेनें इस लाइन पर भेजी जा सकेंगी, जिससे सांतरागाछी यार्ड में सतही क्रॉसिंग से बचा जा सकेगा। अप दिशा में, सांतरागाछी-आंधुल के बीच एक अतिरिक्त लाइन की सुविधा होगी। इसके अलावा, मौजूदा मौरिग्राम फ्लाईओवर लाइन पर दबाव कम होगा।

इसके अतिरिक्त, सांतरागाछी में 2 (दो) अतिरिक्त प्लेटफार्मों की सुविधा होगी, जिन्हें कुछ यात्री ट्रेनों को उत्पन्न करने के लिए उपयोग किया जा सकता है, जिससे हावड़ा/शालीमार स्टेशन की भीड़ कम होगी। इसके अलावा, सांतरागाछी के प्लेटफार्म नंबर 2 और 3 की लंबाई बढ़ाई जाएगी, ताकि पूर्ण लंबाई वाली कोचिंग ट्रेनें समायोजित की जा सकें, जिससे 22 छल्इ कोचों वाली पूर्ण लंबाई वाली ट्रेनों को समायोजित करने के लिए 7 प्लेटफार्म उपलब्ध होंगे। सांतरागाछी का डाउन लूप लाइन को भी एक सामान्य लूप लाइन में बदल दिया जाएगा, जो दोनों दिशा के यातायात को समायोजित करेगा।

इस परियोजना का उद्देश्य ट्रेन सेवा की समयबद्धता में सुधार लाना और यात्री संतुष्टि सुनिश्चित करना है। इस आधुनिकीकरण परियोजना से स्टेशन की हैंडलिंग क्षमता में वृद्धि होगी और यात्रियों तथा माल यातायात के लिए एक अधिक सुव्यवस्थित, कुशल रेल सेवा सुनिश्चित होगी। कार्य पूरा होने के बाद, यात्री स्मूद ट्रेन संचालन, कम प्रतीक्षा समय और बेहतर सेवा गुणवत्ता का लाभ उठा सकेंगे।

इस विकास कार्य के दौरान, कुछ दिनों के लिए यात्रियों को थोड़ी असुविधा का सामना हो सकता है, लेकिन जैसे ही ये कार्य पूरे होंगे, यात्री निश्चित रूप से बेहतर यात्रा अनुभव का आनंद ले सकेंगे। यात्रियों से अनुरोध है कि वे रेलवे प्राधिकरण के साथ इस आधुनिकीकरण कार्य के लिए सहयोग करें, ताकि भविष्य में निर्बाध ट्रेन संचालन सुनिश्चित हो सके।




**बिहान भारत** की ओर से स्वात्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक **संजय कुमार** के लिए वाटिका अपार्टमेंट,भोसले गली,हरिहर सिंह रोड,बरियातू,रांची-834009(झारखंड) दूरभाषः 7761060594, 7004767601 से प्रकाशित तथा शिवा साई पब्लिकेशन प्रा.लि. (एसएच प्रिंटर प्रा.लि.), काठीटांड रातु, नियर टेंडर बगीचा, एचपी पेट्रोल पंप, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। समस्त दीवानी विवाद, न्यायोचित कार्रवाई एवं दंडित परिवादो के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। **संपादक : कविता साहू**(*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)। **प्रबंध संपादक : बीरेन्द्र महली** ।
Email-bihanbharat@gmail.com, bihanbharatranchinews@gmail.com